CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :32°C
न्यूनतम: 25°C

नई दिल्ली, रविवार 31 अगस्त 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 149 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com भाद्रपद शुक्ल पक्ष 6 विक्रमी सम्वत् 2082 7 रबी उल अव्वल 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



चीन से सतर्क रहने की जरूरत: अखिलेश यादव पेज 2



आईपीएल 2026 से पहले राजस्थान रॉयल्स से अलग हुए राहुल द्रविड़ खेल टाइम्स




सोशल मीडिया पर ट्रेंड कर रहा ट्रम्प इज डेड पेज़ 11



संजना सांघी बनी प्रतिष्ठित जज पैनल का हिस्सा बॉलीवुड

# वोट चोरी देशवासियों के अधिकार व भविष्य की भी चोरी: राहुल

## कहा: बिहार से शुरू हुई वोटर अधिकार यात्रा की क्रांति अब पूरे देश में फैलने जा रही

**आरा, वार्ता**

**लोकसभा में** नेता विपक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को 'वोट चोरी' को देशवासियों के अधिकार और भविष्य की भी चोरी बताते हुए कहा कि बिहार से शुरू हुई 'वोटर अधिकार यात्रा' की क्रांति अब पूरे देश में फैलने जा रही है।



- **भाजपा ने लोकसभा चुनाव के साथ-साथ महाराष्ट्र और हरियाणा विधानसभा चुनाव भी चोरी किए**

श्री गांधी ने 'वोटर अधिकार यात्रा' के 14वें दिन बिहार के आरा में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा ने लोकसभा चुनाव के साथ-साथ महाराष्ट्र और हरियाणा विधानसभा चुनाव भी चोरी किए। उन्होंने मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का ज़िक्र करते हुए कहा कि इंडिया गठबंधन बिहार में वोट चोरी नहीं होने देगा। कांग्रेस नेता श्री गांधी ने कहा कि बिहार से क्रांति शुरू होती है और जनता ने दिखाया कि इस बार भी बिहार से ही 'वोटर अधिकार यात्रा' की क्रांति शुरू हुई और अब यह पूरे देश में फैलने जा रही है। श्री गांधी ने कहा कि यह सरकार पब्लिक सेक्टर का निजीकरण करके और अग्निवीर जैसी योजनाएं लाकर युवाओं से अवसर छीन रही है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि नरेंद्र मोदी की सरकार अडानी-अंबानी की सरकार है। इसीलिए वह चाहती है कि गरीबों की आवाज़ देश में न सुनी जाए। लेकिन इंडिया गठबंधन ऐसा नहीं होने देगा। पूरे देश में गरीबों की आवाज़ गूंजेगी और सुनी जाएगी। बिहार में एक वोट भी चोरी नहीं होने दिया जाएगा।

# ह्यूमन GPS नाम से मशहूर आतंकी बागू खान ढेर

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले के गुरेज सेक्टर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास सुरक्षाबलों ने ह्यूमन जीपीएस के नाम से मशहूर आतंकी बागू खान को मार गिराया है। बागू खान समंदर चाचा के नाम से भी जाना जाता था। अधिकारियों को उसका पहचान पत्र भी मिला है।



- **25 सालों में 100+ घुसपैठ में कराई थी मदद, गुरेज में दो दिन पहले एनकाउंटर**

सूत्रों के अनुसार, बागू खान 1995 से पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) में रह रहा था। वह 25 सालों से आतंकी गतिविधियों में एक्टिव था और घुसपैठ के सबसे पुराने मददगारों में से एक था। वह 100 से ज्यादा घुसपैठ की घटनाओं में शामिल था। बागू खान जम्मू-कश्मीर में घुसपैठ के सभी रास्तों से वाकिफ था और पकड़े जाने से बचने के तरीके भी पता थे। इसलिए उसे ह्यूमन जीपीएस नाम दिया गया। वह सुरक्षा एजेंसियों की लिस्ट में हिजबुल मुजाहिदीन का मोस्ट वांटेड आतंकी था। सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस की 28 अगस्त को बागू खान के साथ गुरेज सेक्टर में घुसपैठ की कोशिश के दौरान मुठभेड़ हुई थी। इसमें वह अपने एक साथी के साथ मारा गया। दूसरे आतंकी की पहचान नहीं हुई है। हालांकि, दोनों के शव बरामद हो गए हैं।

### आरसीबी ने भगदड़ पीड़ितों को 25-25 लाख रुपये दिए

**बेंगलुरु।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने शनिवार को एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर हुई भगदड़ में मारे गए ग्यारह पीड़ितों के परिवारों के लिए 25-25 लाख रुपये के वित्तीय पैकेज की घोषणा की। फ्रैंचाइजी ने आरसीबी केयर्स नामक एक नई दीर्घकालिक पहल का भी अनावरण किया, जिसका उद्देश्य निरंतर सामुदायिक सहायता प्रदान करना है। आरसीबी के अनुसार, यह वित्तीय सहायता शोक संतप्त परिवारों के साथ खड़े होने की दिशा में पहला कदम है। बयान में कहा गया है कि यह केवल वित्तीय सहायता नहीं है, बल्कि करुणा, एकता और निरंतर देखभाल का वादा है। यह दुखद घटना 4 जून, 2025 को हुई थी, जब चिन्नास्वामी स्टेडियम के गेट के बाहर अत्यधिक भीड़ और अनियंत्रित भीड़ के कारण भगदड़ मच गई, जिसके परिणामस्वरूप आरसीबी परिवार के 11 सदस्यों की मौत हो गई।

### रिश्वत मांगने पर पीएनबी के एजेंट को 23 महीने की जेल

**नई दिल्ली।** गाजियाबाद में केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की विशेष अदालत ने पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) के एक रिकवरी एजेंट धर्मवीर सिंह को रिश्वत मांगने के आरोप में 23 महीने की जेल की सजा सुनाई है। एजेंट ने शाखा प्रबंधक को किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) ऋण के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) जारी करने के लिए रिश्वत की मांग की थी। अदालत ने दोषी एजेंट धर्मवीर पर 10,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया। सीबीआई ने 14 सितम्बर, 2022 को यह मामला दर्ज किया था।

### तियांजिन पहुंचे मोदी, एससीओ शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे

**तियांजिन/नई दिल्ली।** पीएम मोदी चीन और जापान की चार दिन की यात्रा के दूसरे पड़ाव में शनिवार शाम चीन के शहर तियांजिन पहुंच गए, जहां वह शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के राष्ट्राध्यक्षों के शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। तियांजिन पहुंचने पर श्री मोदी का हवाई अड्डे पर भव्य स्वागत किया गया। श्री मोदी की चीन यात्रा राष्ट्रपति शी जिनपिंग के निमंत्रण पर हो रही है। उन्होंने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि चीन के तियांजिन पहुंच गया हूं। एससीओ शिखर सम्मेलन में चर्चा और विभिन्न वैश्विक नेताओं के साथ मिलने के लिए उत्सुक हूं।

# ट्रम्प के बेतुके टैरिफ पर अमेरिकी कोर्ट ने लगाई रोक

## 11 में से 7 न्यायाधीशों ने अपने राष्ट्रपति के फैसलों को बताया गैरकानूनी

**वाशिंगटन, वार्ता**

**अमेरिका** के आर्थिक आपातकाल संबंधी कानूनी प्रावधानों का इस्तेमाल कर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के शासकीय आदेशों से तमाम देशों के माल पर लगाए गए तरह-तरह के आयात शुल्क (टैरिफ) को अमेरिका की एक संघीय अपीलीय अदालत ने अधिकारों का उल्लंघन करार देते हुए शुक्रवार को उन्हें गैरकानूनी करार दिया।



- **अमेरिकी अदालत ने कहा राष्ट्रपति ट्रम्प ने किया अपने अधिकारों का उल्लंघन**
- **ट्रम्प सुप्रीम कोर्ट में अपील कर सकें, फैसले को अक्टूबर तक लागू करने से रोका**

श्री ट्रम्प ने अधिकतर शुल्क अंतर्राष्ट्रीय आपातकालीन आर्थिक अधिकार अधिनियम के अंतर्गत लगाए थे। विभाजित निर्णय में न्यायालय के सात न्यायाधीशों ने राष्ट्रपति के आदेशों के विरुद्ध और चार ने पक्ष में निर्णय दिया। न्यायालय ने इस्पात और एल्युमीनियम पर लगे शुल्कों को छोड़ कर ट्रम्प द्वारा लगाए गए अन्य शुल्कों के बारे में कहा कि देश में कोई ऐसी आपदा नहीं है कि इन शुल्कों को उचित करार दिया जाए, जिनसे अरबों डॉलर का आयात प्रभावित हो रहा है। अदालत ने आयात शुल्क को 'कानून के विपरीत होने के कारण अमान्य' घोषित किया है। अदालत ने हालांकि आयात शुल्क को अस्थायी रूप से लागू रहने दिया, जिससे प्रशासन को इस फैसले के खिलाफ सर्वोच्च न्यायालय में अपील करने का समय मिल गया है। कैलिफोर्निया राज्य ने इन शुल्कों के खिलाफ अदालत में मुकदमा दायर किया है। श्री ट्रम्प ने इस निर्णय के विरुद्ध अपील करने की घोषणा -शेष पृष्ठ दो पर

### अमेरिका के ऊंचे आयात शुल्क के खिलाफ व्यापारियों का प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** अमेरिका में भारत के सामान पर भारी आयात शुल्क लगाने की डोनाल्ड ट्रम्प सरकार की कार्रवाई को मनमानी बताते हुए दिल्ली के व्यापारियों ने फेडरेशन ऑफ सदर बाजार ट्रेड्स एसोसिएशन (फेस्टा) के बैनर तले शनिवार को यहां विरोध प्रदर्शन किया और साथ ही सरकार से कर में कमी और ब्याज दर में राहत की अपील की।

- **ट्रम्प सरकार से कर में कमी व ब्याज दर में राहत की अपील की**

प्रदर्शनकारियों ने अमेरिकी प्रशासन से आयात शुल्क वापस लेने और वार्ता के जरिए मसलों के समाधान का आह्वान किया है। सदर बाजार के कुतुब चौक पर आयोजित विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे फेस्टा के चेयरमैन परमजीत सिंह पम्मा और अध्यक्ष राकेश यादव ट्रम्प की व्यापार शुल्क नीति को भारत और अमेरिका के व्यापारिक संबंधों के लिए अहितकर बताया। प्रदर्शनकारी व्यापारी अपने हाथों में बैनर लिए हुए थे। वे ट्रम्प टैरिफ नीति वापस को वापस लो, अमेरिका तानाशाही बंद करें, जैसे नारे भी लगा रहे थे।

### जम्मू-कश्मीर के रियासी में लैंडस्लाइड सात शव बरामद

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले के बदर गांव में शनिवार सुबह लैंडस्लाइड हुई। मलबे से अब तक 7 शव बरामद किए गए हैं। यहां और भी लोगों के फंसे होने की आशंका है। अन्य लोगों की तलाश जारी है। वहीं, रामबन के राजगढ़ में बादल फटने से 4 लोगों की मौत हो गई। एक व्यक्ति लापता है। उसकी तलाश जारी है। हिमाचल प्रदेश में मंडी के गोहर में शुक्रवार देर रात बादल फटा था। नांडी पंचायत में नसेंणी नाला में कई गाड़ियां बह गईं। शिमला के जतोग कैंट में लैंडस्लाइड हुई। सेना की रेसिडेंशियल बिल्डिंगों को खाली कराया गया। पंजाब के अमृतसर, पठानकोट समेत 8 जिलों में बाढ़ के हालात बने हैं। 250 से ज्यादा गांवों में 5 से 15 फीट तक पानी भरा हुआ है। बाढ़ में अब तक 8 लोगों की मौत हो गई है। 3 लोग लापता हैं। उत्तराखंड के चमोली, रुद्रप्रयाग, टिहरी और बागेश्वर में शुक्रवार को बादल फटने की घटनाएं हुईं। हादसे में आठ लोगों की मौत हो गई और 11 लापता हैं। बागेश्वर के कपकोट में कई घरों को भी नुकसान हुआ है। यूपी के 18 जिले बाढ़ की चपेट में है। राज्य में अब तक 774 मकान बारिश-बाढ़ में ढह चुके हैं। वाराणसी में सभी 84 घाटों का आपसी संपर्क टूटा है।

# आत्मनिर्भरता: सिर्फ विकल्प नहीं, अस्तित्व की शर्त

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि आतंकवाद, महामारी और क्षेत्रीय संघर्षों के इस दौर में रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता केवल एक विकल्प नहीं बल्कि अस्तित्व, सुरक्षा, संप्रभुता और प्रगति का रोडमैप है। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत न केवल अपनी ज़रूरतें पूरी करेगा बल्कि दुनिया का एक विश्वसनीय साझेदार भी बनेगा।



- **कहा: आत्मनिर्भर भारत दुनिया का एक विश्वसनीय साझेदार भी बनेगा**

यह विज़न भारत को 21वीं सदी में एक निर्णायक शक्ति के रूप में स्थापित करेगा। श्री सिंह ने शुक्रवार को यहां एक कार्यक्रम में कहा कि आत्मनिर्भरता संरक्षणवाद का नहीं बल्कि संप्रभुता और राष्ट्रीय स्वायत्तता से जुड़ा मामला है। उन्होंने कहा कि संघर्ष, व्यापार युद्ध और अस्थिरता के कारण दुनिया भर में स्थिति निरंतर बदल रही हैं और भू-राजनीतिक बदलावों ने साबित कर दिया है कि रक्षा के लिए दूसरों पर निर्भरता अब कोई विकल्प नहीं है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार का हमेशा से मानना रहा है कि आत्मनिर्भर भारत ही अपनी सामरिक स्वायत्तता की रक्षा कर सकता है। रक्षा मंत्री ने अमेरिका का नाम लिए बिना कहा कि कई विकसित देश संरक्षणवादी उपायों का सहारा ले रहे हैं जिससे 'व्यापार युद्ध' और 'टैरिफ युद्ध' की स्थिति लगातार गंभीर होती जा रही हैं। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को अलग तरीके से नहीं देखा जाना चाहिए, क्योंकि यह संरक्षणवाद नहीं है। यह संप्रभुता का मामला है। उन्होंने कहा कि जब युवा, ऊर्जा, प्रौद्योगिकी और संभावनाओं से भरपूर एक राष्ट्र आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ता है, तो विश्व रुककर उस पर ध्यान देता है।

### कर्नाटक: 9वीं की छात्रा की स्कूल टॉयलेट में डिलीवरी

**यादगीर।** कर्नाटक के यादगीर जिले के शाहपुर तालुक में एक सरकारी रेसिडेंशियल स्कूल की 9वीं क्लास की स्टूडेंट ने स्कूल टॉयलेट में बच्चे को जन्म दिया। घटना 27 अगस्त की है। पुलिस एफआईआर के मुताबिक लड़की 9 महीने की प्रेग्नेंट थी। मामला तब सामने आया जब उसके साथ पढ़ने वाली दूसरी लड़कियों ने पीड़ित को दर्द में देखा। इसके बाद स्कूल मैनेजमेंट को बताया। लड़की और बच्चे दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दोनों की हालत स्थिर बताई जा रही है। पुलिस ने बताया कि स्कूल प्रबंधन और पीड़ित के भाई ने उन्हें घटना की जानकारी नहीं दी। जांच के दौरान 28 साल के एक व्यक्ति पर पोक्सो के तहत मामला दर्ज किया गया है। इस घटना के बाद कर्नाटक आवासीय शैक्षणिक संस्थान सोसाइटी के कार्यकारी निदेशक कंथाराजू ने भी स्कूल के 2 टीचर्स को लापरवाही के आरोप में निलंबित कर दिया है।

# आरोपी बदनाम हो, रेप विक्टिम नहीं: हाईकोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने एक रेप केस की सुनवाई करते हुए कहा कि ऐसे मामलों में आरोपी की बदनामी होनी चाहिए, रेप विक्टिम की नहीं। समाज को अपनी सोच बदलनी चाहिए।

- **कहा: समाज को सोच बदलनी चाहिए**

कोर्ट ने यह टिप्पणी आरोपी की याचिका पर सुनवाई करते हुए की थी। आरोपी ने दलील दी थी कि अगर आप मेरे ऊपर चल रहे केस को रद्द कर दें, तो इससे पीड़ित को सामजिक कलंक और बदनामी से राहत मिलेगी। हालांकि कोर्ट ने दलील को खारिज करते हुए आरोपी पर 10000 रुपये का जुर्माना लगा दिया। कोर्ट ने कहा कि बदनामी पीड़ित की नहीं, बल्कि गुनाह करने वाले पर होनी चाहिए। समाज को सोच बदलनी चाहिए। शर्म उस लड़के या आदमी को आनी चाहिए जिसने बलात्कार किया, न कि उस लड़की को जिसे इतनी बड़ी तकलीफ झेलनी पड़ी। यह दलील बिल्कुल गलत है, क्योंकि अन्याय लड़की के साथ हुआ, उसके माता-पिता के साथ नहीं। सिर्फ वही पीड़ित ही अपराधी को माफ कर सकती थी, वह भी कुछ खास परिस्थितियों में। जैसा ऊपर बताया गया, पीड़ित अभी भी नाबालिग है। मामला साल 2024 का है।

# असम में मुस्लिम बस्तियों को नहीं, संविधान को किया जा रहा बुल्डोज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** जमीयत उलमा-ए-हिंद की कार्यकारी समिति की एक अहम सभा अध्यक्ष जमीयत उलमा-ए-हिंद मौलाना अरशद मदनी की अध्यक्षता में जमीयत उलमा-ए-हिंद के मुख्यालय में आयोजित हुई।



- **अब ऐसा लगता है देश में अदालतों की कोई आवश्यकता नहीं है: जमीयत उलमा-ए-हिंद**
- **हमारी लड़ाई किसी समुदाय से नहीं, सरकार और उसकी गलत नीतियों से है**

सभा में भाग लेने वालों ने देश की वर्तमान स्थिति पर विचार करते हुए देश में बढ़ती सांप्रदायिकता, कट्टरता, अशांति, अल्पसंख्यकों और विशेष रूप से मुसलमानों के साथ धर्म के आधार पर भेदभाव, पूजा-स्थल एक्ट के बावजूद मदरसों और मस्जिदों के ख़िलाफ सांप्रदायिकों की जारी मुहिम और खासतौर पर असम में जारी निष्कासन और पचास हज़ार से अधिक मुस्लिम परिवारों को केवल धर्म के आधार पर बुल्डोज़ करने की कार्रवाई और फलिस्तीन में इज़रायल के आक्रामक आतंक पर कड़ी चिंता व्यक्त की गई, और इन जैसे बहुत सारे मुद्दों पर चर्चा हुई। जमीयत उलमा-ए-हिंद की कार्यकारी समिति की इस अहम सभा को संबोधित करते हुए अध्यक्ष जमीयत उलमा-ए-हिंद मौलाना अरशद मदनी ने देश की वर्तमान राजनीतिक एवं सामाजिक स्थिति पर कड़ी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि मुसलमानों की एक दो समस्याएं हों, तो उन्हें बयान किया जाए, यहां तो समस्याओं का एक ढेर है। एक समस्या समाप्त नहीं होती कि दूसरी पैदा कर दी जाती है। एक विवाद ठंडा नहीं होता कि दूसरा विवाद खड़ा कर दिया जाता है। उन्होंने कहा कि चारों ओर से मुसलमानों पर हमले हो रहे हैं और यह सब कुछ योजनाबद्ध तरीक़े से हो रहा है। ऐसा लगता है कि हिंदू-मुसलमान करने के अतिरिक्त सरकार और सांप्रदायिकता के हामियों के पास कोई अन्य मुद्दा ही नहीं रह गया है। इस समय देश की स्थिति जितनी चिंताजनक है इसका अतीत में उदाहरण नहीं मिलता, -शेष पृष्ठ दो पर

मिरगी

घबराएं नहीं उचित इलाज करवाएं

मिरगी कोई भूत-प्रेत, छाया या आत्मा आदि का प्रकोप नहीं है। इसका इलाज नीम-हकीम, फकीर और ढोंगी लोग नहीं कर सकते हैं। इसका इलाज केवल उचित दवाओं द्वारा योग्य डाक्टर ही कर सकते हैं। यह एक साधारण रोग है। इसका इलाज संभव है।

मिरगी के लक्षण

- अचानक बेहोश होकर जमीन पर गिर जाना
- आंखे पथराना
- हाथ-पैर ऐंठ जाना
- मुंह से झाग निकलना
- मुंह एक तरफ हो जाना
- जीभ का बाहर व दांतो के बीच आना
- मुट्ठियां कसना
- गर्दन टेढ़ी पड़ना
- अचानक झटका-सा लगना
- घे-घे-आँ-आँ की आवाज आना



अगर आपमें या आपके आस-पास किसी में इस प्रकार के लक्षण हैं तो विश्व प्रसिद्ध वरिष्ठ मिरगी रोग विशेषज्ञ डा. अय्यूब हसन 'मार्शल' के इलाज से लाभ उठाकर हमेशा के लिए मिरगी से छुटकारा पाएं।

डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'

M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), F.C.G.P., F.A.P.S. (U.S.A.)
M.A.P.A.(U.S.A.), M.R.C.S.M.I.P.S., F.I.P.S., M.I.E.A.(INDIA)

- आजीवन सदस्य भारतीय मिरगी एसोसिएशन
- पूर्व सी.एम.ओ., इरविन अस्पताल, नई दिल्ली
- फैलो ऑफ इंडियन साइकैट्रिक सोसाइटी
- पूर्व सी.एम.ओ., जी.बी. पन्त अस्पताल, नई दिल्ली

मिलने का पता

मार्शल चिकित्सा केन्द्र

निकट चन्द्रा टाकीज़ व सैन्ट्रल बैंक के सामने मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.: 9997411423, 9358348826

नोट: जांच कराने वाले रोगी बालों को शैम्पू से धोकर आयें। समय 11 बजे से 5 बजे तक मंगलवार अवकाश। असुविधा से बचने के लिए कृपा पहले से समय लेकर मिलें।

CMYK



## संक्षिप्त समाचार

### लखनऊ में ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन का जखीरा बरामद

**लखनऊ।** लखनऊ में स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) और खाद्य एवं औषधि प्रसाधन विभाग ने अवैध दवा तस्करी के बड़े नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। संयुक्त कार्रवाई में बिहार से लाए जा रहे दो करोड़ रुपए कीमत के ऑक्सीटोसीन इंजेक्शन सहित भारी मात्रा में रॉ मैटेरियल बरामद किया है। इस मामले में चार अंतरराज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। यूपी एसटीएफ को विगत कुछ दिनों से विगत कुछ दिनों से बिहार राज्य से अवैध रूप में आक्सीटोसीन इन्जेक्शन की तस्करी करने वाले शातिर तस्करों के सक्रिय होने की सूचनाएं प्राप्त हो रही थी। जिसके बाद एसटीएफ ने तस्करों की गिरफ्तारी को लेकर जाल बिछाना शुरू कर दिया। साथ ही अपर पुलिस अधीक्षक लाल प्रताप सिंह के पर्यवेक्षण में अभिसूचना संकलन की कार्यवाही की जा रही थी।

### सांस्कृतिक रंगों से सराबोर होगा यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 2025

**लखनऊ।** उप्र की सांस्कृतिक पहचान को वैश्विक मंच देने के लिए इंटरनेशनल ट्रेड शो-2025 सिर्फ व्यापार का नहीं बल्कि कला-संस्कृति का भी संगम बनने जा रहा है। ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में 25 सितम्बर से 29 सितम्बर तक आयोजित होने वाले इस मेगा आयोजन की हर शाम रंगारंग प्रस्तुतियों से सराबोर होगी, जिसमें भोजपुरी, अवधी, बुंदेली और थारू जैसी लोक परंपराओं से लेकर सूफी गायन, कथक नृत्य और सुगम संगीत तक का संगम देखने को मिलेगा। शो में देश और प्रदेश के दिग्गज कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे।

# नेपाल से सटे जिलों में तैनात होंगे हाई टेक्नोलॉजी ड्रोन

## उप्र में विभिन्न चरमपंथी समूहों के खतरों के बीच सुरक्षा बढ़ाने की कवायद तेज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** नेपाल के पास सीमा पार गतिविधियों और विभिन्न चरमपंथी समूहों के खतरों के बीच सुरक्षा बढ़ाने के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय ने भारतीय एजेंसियों को निगरानी बढ़ाने और नेपाल सीमा से लगे उप्र के जिलों में उन्नत ड्रोन और ड्रोन-रोधी तकनीकें तैनात करने का निर्देश दिया है।

सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के डीआईजी मुन्ना सिंह ने बताया कि, ष्उप्र-नेपाल सीमा से लगे सात जिलों पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, बहराइच, श्रावस्ती, बलरामपुर, सिद्धार्थनगर और महाराजगंज के महत्वपूर्ण क्षेत्रों में तैनात किया जाएगा। इसका उद्देश्य एक मज़बूत निगरानी प्रणाली बनाना है जो घुसपैठियों या अवैध गतिविधियों का पता लगा सके। सिंह ने कहा कि ड्रोन और ड्रोन-रोधी तकनीक की शुरुआती तैनाती रक्सौल, सोनौली और अन्य उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों



में शुरू होगी। इसको लेकर बलरामपुर में एक उच्च-स्तरीय क्षेत्र समन्वय बैठक के बाद इसकी जानकारी दी गई।

बैठक में पुलिस सीमा शुल्क, एनसीबी, डीआरआई और खुफिया शाखाओं जैसी विभिन्न सुरक्षा और खुफिया एजेंसियों के प्रतिनिधि शामिल थे। इसमें अंतरराष्ट्रीय सीमा पर सतर्कता बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया गया, खासकर नेपाल में इस्लामिक संघ जैसे कट्टरपंथी समूहों और सीमा पार सक्रिय अन्य संबद्ध संगठनों की गतिविधियों को लेकर बातचीत हुई। सिंह ने कहा कि नेपाल में अधिकांश मदरसों और मस्जिदों को चलाने वाला अग्रणी संगठन है। इसे अपनी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए पाकिस्तान, तुर्की, सऊदी अरब और कतर से पर्याप्त धन मिलता है।

उन्होंने कहा कि ए समूह अपने चरमपंथी एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए नेपाल में आबादी के कमजोर वर्गों जिनमें भारतीय वीजा पर आने वाले छात्र भी शामिल हैं, उनको प्रभावित करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मानव तस्करी और तस्करी सहित सीमा पार तस्करी भी एक लगातार समस्या रही है। हाल ही में, खुफिया जानकारी से संकेत मिलता है कि पाकिस्तान स्थित जैश-ए-मुहम्मद से जुड़े तीन संदिग्ध आतंकवादी भारत-नेपाल सीमा के रास्ते बिहार में घुसपैठ कर चुके हैं। इसलिए अब हमारा दृष्टिकोण सीमा पर केवल शारीरिक जांच से कहीं आगे जाएगा। हम देश में आने-जाने वाले सभी लोगों पर नजर रखने के लिए व्यापक प्रक्रिया शुरू कर रहे हैं।

# बिहार में मील का पत्थर साबित हुई वोटर अधिकार यात्रा: कांग्रेस

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस ने कहा है कि पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की 1300 किमी लंबी वोटर अधिकार यात्रा को जो सम्मान मिला है वह बिहार में आंदोलन की गौरवशाली इतिहास में मील का पत्थर बनी है और अब गरिमा और प्रतिष्ठा के साथ राज्य की राजधानी पटना में इसका समापन भी किया जा रहा है।

कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने सोशल मीडिया एक्स पर शनिवार को एक पोस्ट में कहा कि 16 दिन तक चली इस यात्रा का सोमवार को पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में भव्य समापन हो रहा है। सासाराम से 17 अगस्त को शुरु हुई इस यात्रा को बिहार के 110 विधानसभा क्षेत्रो से गुजरते हुए



जो सम्मान और प्रतिष्ठा मिली उसी के अनुरूप इसका भव्य समापन भी किया जा रहा है। वेणुगोपाल ने कहा कि बिहार की जनता ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव और पूरे महा गठबंधन की यह यात्रा थी, जिसने मतदाताओं को मिले अधिकार की रक्षा की लघई में ऐतिहासिक कठिनाइयां देखी हैं, लेकिन आम जनता को मिली एक मात्र शक्ति-मतदान का अधिकार जिसके छिने जाने का अकल्पनीय खतरा था, उसकी रक्षा की। उनके मन में जो डर था, उसे हटाने की ज़रूरत थी और यह यात्रा मतदाता पुनरीक्षण सूची के नाम पर लोकतंत्र बचाने के लिए आशा की किरण बनकर आई। उन्होंने कहा कि इस यात्रा ने 25 जिलों के 110 से ज़्यादा विधानसभा क्षेत्रों को कवर करते हुए 1300 किमी का सफर तय कर बिहार के जनांदोलनों के समृद्ध इतिहास में एक मील का पत्थर बनकर उभरी है। कांग्रेस नेता ने कहा कि देश भर के सम्मानित नेता, जो हमारे उद्देश्य में विश्वास रखते थे, इसमें शामिल हुए और इसे और मज़बूती दी, जिनमें तमिलनाडु, कर्नाटक, तेलंगाना, हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्रियों के साथ ही आज अखिलेश और पिछले हफ्ते प्रियंका गांधी जैसे अन्य वरिष्ठ नेता शामिल हुए।

# यूपी के 750 इंजीनियरिंग कॉलेजों में इसरो का मॉड्यूल पढ़ेंगे छात्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उप्र के 750 इंजीनियरिंग कॉलेजों में पढ़ने वाले तकरीबन पांच लाख छात्र इसरो के द्वारा तैयार मॉड्यूल का अध्ययन करेंगे। माइनर कोर्स के रूप में शामिल इस मॉड्यूल को डा. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय इस सत्र से लागू करने का निर्णय लिया है। इसको लेकर विवि की तरफ से इसरो के साथ एक एमओयू भी किया जाएगा।

माइनर कोर्स के रूप में शामिल इस मॉड्यूल को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान केंद्र (इसरो) के रिसोर्स पर्सन प्राविधिक विश्वविद्यालय के 750 से अधिक इंजीनियरिंग कॉलेज के बैचलर आफ टेक्नोलॉजी के छात्रों को स्पेस टेक्नोलॉजी विषय पर एक 20 क्रेडिट का कोर्स पढ़ाएंगे। प्राविधिक विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर जेपी पांडेय ने बताया कि शुभांशु शुक्ला का जब इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर जाने का नाम फाइनल हुआ था, तभी हमने इस विषय को लेकर तैयारी शुरू कर दी थी। उन्होंने बताया कि इसको लेकर इसरो के कमर्शियल ऑर्गनाइजेशन के साथ एक एमओयू जल्द ही करने जा रहे हैं। इसके तहत इसरो का यह विभाग हमारे छात्रों के लिए 20 क्रेडिट का स्पेस टेक्नोलॉजी का एक माइनर कोर्स तैयार किया है। इस माइनर कोर्स में क्या पढ़ाया जाएगा और इसकी रूपरेखा क्या होगी, यह सब कुछ इसरो के वैज्ञानिकों द्वारा डिजाइन किया गया है। यहां तक की इस विषय को पढ़ने के लिए रिसोर्स पर्सन भी इसरो के द्वारा ही प्रदान किया जाएगा।

## अमेरिका की टैरिफ नीति को लेकर सपा प्रमुख ने चेताया

# चीन से सतर्क रहने की जरूरत: अखिलेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** अमेरिका की टैरिफ नीति के बाद भारत की चीन के साथ बढ़ती नजदीकी पर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सलाह दी है कि चीन से केंद्र की भाजपा सरकार को 24 घण्टे सतर्क रहने की जरूरत है। द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जापान यात्रा को लेकर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने प्रतिक्रिया दी है।

शनिवार को अपने सोशल मीडिया एकाउंट पर उन्होंने कहा कि जापान से संबंध बनाएं और वहां जा रहे हैं तो क्योटो भी होकर आएं। लेकिन जो चीन हमारे देश की भूमि और बाज़ार हड़प रहा है, उससे चौबीसों घंटे सतर्क रहें।



विदेश नीति वैश्विक शांति और वैकासिक साझेदारी को बढ़ावा दे, तो अच्छा है, टकराहट को नहीं। कोई भी वैदेशिक समझौता देश की सुरक्षा और समृद्धि से समझौता नहीं होना चाहिए। गौरतलब है कि जापान दौरे के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जापान के पीएम शिगेरु इशिबा के साथ द्विपक्षीय व्यापार को बघवा देने के उद्देश्य से 13 अहम समझौते किए हैं। इनमें दोनों देशों ने रक्षा, साइबर सुरक्षा, आतंकवाद से जंग, एआई, सेमी

- **कहा: जापान से संबंध बनाएं और चीन जा रहे हैं, तो क्योटो भी होकर आएं**
- **पूर्व सीएम बोले: इस्तेमाली पार्टी है भाजपा, किसी की सगी नहीं हो सकती**

कंडक्टर समेत प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में साझेदारी के 13 समझौते किए हैं। वहीं अखिलेश ने भाजपा को 'इस्तेमाली' पार्टी की संज्ञा देते हुए आरोप लगाया कि सांप्रदायिक राजनीति की घुट्टी पिलाने वाली भाजपा किसी की सगी नहीं है। यादव ने शनिवार को एक्स पर खाद की लाइन में लगे लोगों का वीडियो साझा करते हुए लिखा- ये वीडियो भाजपा के उन कार्यकर्ताओं और समर्थकों को देखकर अपने ऊपर शर्मिंदा होना चाहिए, जो भाजपा राज में 'अमृतकाल' की बात कर रहे हैं। दरअसल भाजपा अपने भोले भाले समर्थकों के भोलेपन का भी दुरुपयोग, अपने भ्रष्टाचार को छिपाने के लिए, दुष्प्रचार के लिए करती है। वो पढ़े-लिखे लोग भी एक बार दिल पर हाथ रखकर सोचें कि साम्प्रदायिक राजनीति की घुट्टी पिलाकर भाजपा व उनके संगी-साथियों ने किस तरह उनके ज्ञान और विवेक को बंधक बना लिया है।

### अखिलेश को जनसमस्यायों से कोई सरोकार नहीं: पाठक

**अयोध्या।** उप्र के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने शनिवार को कहा कि समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव को जनता की समस्याओं से कोई सरोकार नहीं है और वह अनर्गल प्रलाप करते रहते हैं। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के सदस्य एवं राजपरिवार के वरिष्ठ सदस्य विमलेंद्र मोहन प्रताप मिश्र को श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि विपक्ष के नेता राहुल गांधी के मंच से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर की गई अभद्र टिप्पणी दुर्भाग्यपूर्ण है। इंडिया गठबंधन के नेता लगातार भाषाई संयम खो रहे हैं। लोकतांत्रिक मूल्यों का क्षरण हो रहा है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**ट्रम्प के...** की है। श्री ट्रम्प ने शुल्कों को अपनी कूट नीति का हथियार बना रखा है। उन्होंने भारत और ब्राजील पर सबसे अधिक 50 प्रतिशत कर लगाया है। अदालत ने कहा है कि राष्ट्रपति ने बहुत से शुल्कों के मामले में अपने अधिकारों का उल्लंघन किया है। श्री ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया मंच 'ट्रुथ' सोशल पर एक पोस्ट में चेतावनी देते हुए लिखा कि सभी आयात शुल्क अब भी लागू हैं। उन्होंने अपीलीय न्यायालय को अत्यधिक पक्षपातपूर्ण बताया और कहा कि उसने गलत तरीके से इन शुल्कों को हटाने को कहा है। उन्होंने कहा कि लेकिन वह जानते हैं कि अंत में अमेरिका की ही जीत होगी। अगर ये शुल्क कभी हटा दिए गए, तो यह देश के लिए पूरी तरह से विनाशकारी होगा। यह हमें आर्थिक रूप से कमज़ोर बना देगा। उन्होंने कहा कि अमेरिका अब भारी व्यापार घाटे और दूसरे देशों, चाहे वे मित्र हों या शत्रु, द्वारा लगाए गए अनुचित शुल्कीय और गैर-शुल्कीय व्यापार बाधाओं को बर्दाश्त नहीं करेगा, जो हमारे निर्माताओं, किसानों और अन्य सभी को कमजोर करते हैं। उन्होंने कहा कि ये शुल्क हमारे श्रमिकों की मदद करने और उन कंपनियों का समर्थन करने का सबसे अच्छा साधन हैं, जो बेहतरीन 'मेड इन अमेरिका' उत्पाद बनाती हैं। उन्होंने कहा कि कई वर्षों तक, हमारे बेपरवाह और नासमझ राजनेताओं ने शुल्क को हमारे खिलाफ इस्तेमाल करने दिया। अब, अमेरिका के सर्वोच्च न्यायालय की मदद से, हम उनका उपयोग अपने राष्ट्र के लाभ के लिए करेंगे और अमेरिका को फिर से समृद्ध, मजबूत और शक्तिशाली बनाएंगे।

**असम में...** सत्ता परिवर्तन के बाद एक के बाद एक जो घटनाएं हो रही हैं उससे अब इसमें कोई आशंका नहीं रह गई है कि भारत फ़ासीवाद की चपेट में चला गया है। सांप्रदायिकता और अराजकतावादी शक्तियों का बोलबाला हो गया है। इतिहास गवाह है कि जो समुदाय अपनी पहचान, संस्कृति और धर्म के साथ जिंदा रहना चाहता है उसे बलिदान देना पड़ता है, आज देश ऐसे मोड़ पर खड़ा है जहां नफ़रत को देश-भक्ति कहा जा रहा है और अत्याचारियों को कानून की पकड़ से बचाया जा रहा है, बल्कि देश में सांप्रदायिकता की आग में केवल मुसलमान ही नहीं बल्कि देश का अस्तित्व झुलस रहा है, मौलाना मदनी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि आज़ादी के बाद ही से सांप्रदायिक मानसिकता को खुला मैदान मिल गया, सरकार ने इस मानसिकता को समाप्त करने के लिए कभी कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की, ऐसे में केवल जमीयत उलमा-ए- हिंद एक ऐसा धर्मनिरपेक्ष संगठन था और है, जो हर स्तर पर सांप्रदायिक मानसिकता का मुक़ाबला कर रही थी। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनकी लड़ाई किसी व्यक्ति या संगठन से नहीं बल्कि सरकार से है, क्योंकि देश में प्रशासनिक स्थिति को बरक़रार रखना और देश के हर नागरिक को सुरक्षा देना उसी की ज़िम्मेदारी है, इस लिए देश में जब-जब मुसलमानों के खिलाफ कोई समस्या खड़ी की जाती है हम उसके खिलाफ क़ानूनी लड़ाई लड़ने को प्राथमिकता देते हैं जिसमें पक्ष सरकार ही होता है। उन्होंने आगे कहा कि देश की आज़ादी के बाद जब हमारे कुछ बड़ों ने अपनी समस्याएं लेकर सड़कों पर उतरने की बात कही, तो कुछ लोगों ने इस का विरोध किया। उनका मत था कि हमें इस रणनीति को अपनाना चाहिए कि मुस्लिम अवाम का मुकाबला सांप्रदायिकों से नहीं सरकार से हो। अगर हम सड़कों पर उतरे, तो टकराव की स्थिति पैदा हो सकती है और यह बात हमारे लिए ही नहीं देश के लिए भी हानिकारक हो सकती है। उन्होंने कहा कि जमीयत उलमा-ए-हिंद अपने बड़ों के बताए हुए रास्ते पर पूरी दृढ़ता और सफलता के साथ चल रही है। टकराव की राजनीति की जगह हम क़ानूनी तौर पर लड़ाई लड़ रहे हैं और इसमें हमें सफलता भी मिल रही है। मौलाना मदनी ने अन्य अहम समस्याओं के साथ असम का विशेष रूप से ज़िक्र किया और कहा कि असम में पिछले कुछ समय से मुस्लिम आबादियों को निशाना बनाकर उसमें रहने वालों को बेघर कर देने का योजनाबद्ध अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसा करके मुस्लिम बस्तियों को ही नहीं असम में देश के संविधान और क़ानून को बुल्डोज़ किया जा रहा है। यह केवल राजनीति और धर्म के आधार पर की जाने वाली निंदनीय कार्रवाई है, मुसलमानों के साथ दूसरे दर्जे के नागरिकों जैसा व्यवहार हो रहा है, जिसकी निंदा देश का हर न्याय-प्रिय नागरिक कर रहा है, मगर राज्य के मुख्यमंत्री को न संविधान की और ना क़ानून की परवाह है और न ही न्यायालय का भय है, यही कारण है कि जब कुछ मामलों में सुप्रीम कोर्ट ने बुल्डोज़र कार्रवाई पर रोक लगा दी, तो दूसरी मुस्लिम बस्तियों को निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि असम में शांति व्यवस्था स्थापित करने और पीड़ितों को न्याय दिलाने के उद्देश्य से जमीयत उलमा-ए-हिंद एकमात्र ऐसा संगठन है, जो शुरू ही से क़ानूनी संघर्ष करती आई है, जिसमें उसे हर अवसर पर सफलता मिली है, इसलिए अब ताज़ा अभियान के अंतर्गत जिस तरह धर्म के आधार पर लगभग पचास हज़ार परिवारों को बेघर कर दिया गया, जमीयत उलमा-ए-हिंद को न केवल गंभीर चिंता है बल्कि वो चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया से यह अनुरोध भी करती है कि वो इस मुआमले का स्वयं नोटिस ले और जो लोग भी इस असंवैधानिक कार्रवाई में शामिल हैं उनके खिलाफ क़ानूनी क़दम उठाए, बल्कि राज्य के मुख्यमंत्री जिस तरह मुसलमानों के खिलाफ लगातार ज़हरीले बयान दे रहे हैं उनके खिलाफ भी मुक़दमा होना चाहिए ताकि राज्य में शांति व्यवस्था का वर्चस्व बाक़ी रखा जा सके। सत्ता में बैठे हुए लोगों के नफ़रती बयानों पर रोक लग सके। उन्होंने यह भी कहा कि जमीयत उलमा-ए-हिंद किसी भी सरकारी ज़मीन पर अवैध क़ब्ज़े का समर्थन नहीं करती है, लेकिन सच्चाई यह है कि जिन मुस्लिम बस्तियों को अवैध कह कर बुल्डोज़ किया जा रहा है वो आज की नहीं बहुत पुरानी बस्तियां हैं, अगर वो बस्तियां अवैध थीं तो इस से पहले की सरकारों ने वहां सारवजनिक सुविधाएं क्यों उपलब्ध कीं, लेकिन अफसोस कानून और न्याय को ताक़ पर रखकर केवल मुस्लिम बस्तियों को ही निशाना बनाया जा रहा है। वहां के मुख्यमंत्री ने अपने हालिया बयान में कहा कि हम केवल मियां मुस्लिम लोगों को निष्कासित कर रहे हैं, यह इस बात का खुला प्रमाण है कि यह कार्रवाई मुस्लिम दुश्मनी पर अधारित है और अवैध कार्रवाई है, मुख्यमंत्री यह भी कहता है कि जिन लोगों को हटाया गया है अब उनके नाम वोटर लिस्ट से काट दिया जाएगा अर्थात उन्हें वोट देने के अधिकार से वंचित कर दिया जाएगा। सवाल यह है कि क्या अब देश में कोई कानून नहीं रह गया ? क्या किसी मुख्यमंत्री का फरमान ही अब कानून है, न्यायालय की अब कोई आवश्यकता नहीं रह गई, क्या एक मुख्यमंत्री किसी नागरिक को वोट के अधिकार से वंचित कर देने का अधिकार रखता है। मौलाना मदनी ने आगे कहा कि जब देश के प्रधानमंत्री और गृह मंत्री ही मुसलमानों के खिलाफ गैर-ज़िम्मेदाराना बयान दें, तो फिर दूसरे लोगों को प्रोत्साहन मिलेगा ही। असम के मुख्यमंत्री की ओर इशारा करते हुए कहा कि यह व्यक्ति जब से मुख्यमंत्री बना है जहां जाता है ज़हरीला भाषण देता है, मुसलमानों को खुले आम घुसपैठिया कहता है। वास्तव में ऐसा करके राज्य के हिंदूओं और मुसलमानों के बीच नफ़रत की ऐसी खाई पैदा कर रहे हैं, जिसे आसानी से पाटा न जा सके और यह बात संविधान के अपमान के समान है, जिसमें देश के सभी नागरिकों को बराबर के अधिकार दिए गए हैं। मौलाना मदनी ने यह भी कहा कि यह व्यक्ति असम के लाखों मुसलमानों की नागरिकता छीन लेने का सपना देखता था इसी लिए 1951 की जनगणना को नागरिकता के आधार की मांग सामने आई थी मगर जमीयत उलमा-ए-हिंद के समय पर क़ानूनी संघर्ष के कारण जो निर्णय आया उसने सभी सांप्रदायिकों के नापाक इरादों पर पानी फेर दिया जो इस उम्मीद में पागल हुए जा रहे थे कि धारा 6-ए के निरस्त होने के बाद विदेशी क़रार देकर करोड़ों लोगों को राज्य से बाहर निकाल देंगे। उन्होंने कहा कि एनआरसी के बाद घुसपैठ और विदेशी नागरिकों का मामला बिलकुल स्पष्ट हो गया है मगर सांप्रदायिक गोलबंदी के लिए सांप्रदायिक ताकतें राज्य में इस समस्या को पुन: जीवित रखना चाहती हैं, मुसलमानों को बेघर कर देने का अभियान इसी योजना का एक हिस्सा है। जमीयत उलमा असम के अध्यक्ष मौलाना मुश्ताक अनफर और आमसू के अध्यक्ष रज़ाउल करीम अन्य लोगों के साथ दिल्ली में मौजूद हैं और सुप्रीम कोर्ट के वकीलों के साथ मीटिंगों का सिलसिला चल रहा है। जमीयत उलमा-ए-हिंद की कार्यकारी समिति के फैसले के अनुसार जल्द ही सुप्रीम कोर्ट में इसके खिलाफ पटीशन दाखिल कर दी जाएगी। कार्यकारी समिति ग़ज़ा में जारी नरसंहार और अमानवीय अत्याचारों की कड़ी निंदा करती है। लगभग एक लाख मनुष्यों की हत्या और आम नागरिकों को भूख प्यास से मारना आतंक की बदतरीन मिसाल है, इसके अतिरिक्त ग्रेटर इज़रायल की अराजकता और ग़ज़ा पर पूर्ण क़ब्ज़े की घोषणा, फलस्तीनियों को मिटाने और बाक़ी बची भूमि हड़पने की बदतरीन साज़िश है। कार्यकारी समिति जमीयत उलमा-ए-हिंद गाजा में युद्धविराम के लिए राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय ताक़तों से मांग करती है कि वो ग़ासिब इजरायल के खिलाफ निर्णायक कदम उठाएं। इसके साथ खुराक, ईंधन और तुरंत मेडिकल सहायता के लिए रास्तों को खुलवाएं और भारत सरकार से भी यह मांग करती है कि इज़राईल के आक्रामक एवं अत्याचारी क़दम की निंदा करते हुए उसके साथ सभी फौजी और इस्ट्रैटजिक संबंध को तोड़ दे। जमीयत उलमा-ए-हिंद सभी नागरिकों और संगठनों से भी अपील करती है कि वो पीड़ित फिलिस्तीनियों के अधिकारों का समर्थन करें और पीड़ितों की आवाज़ बनें। जमीयत उलमा-ए-हिंद का यह मानना है कि इस तबाही व बर्बादी में अमरीका का हाथ है और फिलिस्तीन में अरबों के नरसंहार में वो प्रथम भागीदार है और वो यह चाहता है कि गाजा को इंसानी आबादी से खाली करके यहां यहूदीयों को बसाया जाए, लेकिन कदापि ऐसा नहीं होगा। जमीयत उलमा-ए-हिंद का शुरू ही से यह मत रहा है कि एक आज़ाद और स्वतंत्र राज्य की स्थापना ही फलस्तीन समस्या का स्थायी समाधान है। इस गंभीर और ख़तरनाक स्थिति में अमरीका और उसके अध्यक्ष की गासिब और ज़ालिम इज़राईल का अनुचित समर्थन बहुत निंदनीय है। कार्यकारी समिति गाजा के मुजाहिदीन के साहस को सलाम प्रस्तुत करते हुए कहा कि अमरीका, इजरायल और वह सभी देश जो हमास का पूर्ण समापन चाहते हैं आज बुरी तरह असफल हैं, इस परिदृश्य को क़ायम रखने के लिए नि:संदेह गाजा के एक लाख शहीदों ने अपना खून दिया है। जमीयत उलमा-ए-हिंद स्वतंत्रता प्रेमी फलस्तीनियों को अपनी हार्दिक सहानुभूति का आश्वासन दिलाती है और उनकी स्वतंत्रता की मांग का दिलो-जान से समर्थन करती है। अल्लाह तआला फलस्तीनियों के साहस और उनकी हिम्मत को बुलंद रखते हुए उनकी सहायता करे अथवा उनके दुश्मनों को नष्ट और बर्बाद कर दे, आमीन।













**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरण कंपोनेंट देश में बनें

**नई दिल्ली।** केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को पहली तिमाही में देश के 7.8 प्रतिशत की जीडीपी विकास दर हासिल करने पर खुशी जाहिर की और उद्योग जगत से इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरणों के सभी कंपोनेंट भारत में ही बनाने की अपील की।

वैष्णव ने यहां इलेक्ट्रानिक्स विनिर्माण कंपनी ऑप्टिमस के राइनोटेक टेंपर्ड ग्लास विनिर्माण संयंत्र के उद्घाटन के मौके पर कहा कि देश का जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) पहली तिमाही में 7.8 प्रतिशत की दर से बढ़ा है। सारी दुनिया में जब उथल-पुथल है, अनिश्चितता का माहौल है, इस अनिश्चितता के माहौल में हिंदुस्तान एक स्थिर, जीवंत, बढ़ती हुई और नवाचारी उत्पाद बनाने वाली अर्थव्यवस्था बनकर उभरा है।



सारी दुनिया की उम्मीदें भारत पर टिकी हैं। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि कुल मिलाकर मोबाइल फोन और इलेक्ट्रॉनिक्स की पूरी पारिस्थितिकी देश में विकसित हुई है। इन 11 वर्षों में इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण छह गुना बढ़कर करीब 11.5 लाख करोड़ रुपए का उद्योग बन चुका है।

करीब 3.5 लाख करोड़ रुपए का निर्यात भारत से होने लगा है। यह अपने-आप में बुहत बड़ी उपलब्धि है, 'मेक इन इंडिया' के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प का बुहत ही अच्छा उदाहरण है। उन्होंने कहा कि चरणबद्ध तरीके से मोबाइल फोन में, इलेक्ट्रॉनिक्स सामानों में लगने वाले जितने भी कंपोनेंट हैं, उन सभी कंपोनेंट का देश में निर्माण करें, उन सभी कंपोनेंट के लिए अनुसंधान और डिजाइनिंग देश में हो, उन सारे कंपोनेंट का एक वैश्विक नेतृत्वकर्ता भारत बने, उस प्रयास में हम लगे हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि टेंपर्ड ग्लास की तरह बहुत जल्द देश में 'मेड इन इंडिया' सेमीकंडक्टर चिप तैयार होगी।

कुछ ही दिनों एक सेमीकंडक्टर प्लांट की पहले पायलट लाइन शुरू हुई थी। वैसे ही लैपटॉप, सर्वर भी अब देश में बनने लगे हैं। कुल मिलाकर इलेक्ट्रॉनिक्स की पारिस्थितिकी देश में काफी अच्छी बन रही है और इसमें लगभग 25 लाख लोगों को वर्तमान में रोजगार मिला हुआ है और यह तेजी से बढ़ने वाला उद्योग है।




CMYK

# बच्चों के सामने मा-दादी की कैंची गोदकर हत्या, पिता गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** के एन काटजू मार्ग इलाके में बर्थडे पार्टी में गिफ्ट को लेकर हुए विवाद के बाद शनिवार के दिन पति ने अपनी पत्नी और सास की बच्चों के सामने कैंची गोदकर हत्या कर दी। वारदात के कुछ ही घंटे बाद आरोपी पति योगेश सहगल को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया है। रविवार को शवों का पोस्टमार्टम होने के बाद परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मृतकों की पहचान 27 साल की प्रिया सहगल और उसकी मां 63 साल की कुसुम सिन्हा के रूप में हुई है। के एन काटजू मार्ग पुलिस को शाम के वक्त ए-3/158 मार्किट के थर्ड फ्लोर पर मां बेटी की हत्या होने की पीसीआर कॉल मिली थी। कॉल प्रिया के भाई ने की थी। जिसने बताया था कि उसकी बहन और मां की हत्या कर दी है। उसका जीजा दोनों बच्चों को लेकर फरार है। पुलिस मौके पर पहुंची। दोनों के शव खून से लथपथ हालत में एक ही कमरे में पड़े थे। पुलिस ने शवों को बाबा साहेब अंबेडकर अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया। क्रॉइम और फॉरेंसिक टीम की मदद से सबूत इक्ट्ठा किये। वारदात में इस्तेमाल खून से सनी कैंची को भी जब्त कर लिया।

मां कुसुम सिन्हा बहन प्रिया के घर शुक्रवार शाम को रहने आई थी। असल में जीजा और बहन के बीच कुछ विवाद को लेकर झगड़ा हो गया था। झगड़ा सुलटाने के लिये मां ने बोलकर आई थी कि वह दोनों की गलतफहमी दूर करके वापिस घर आ जाऊंगी। शनिवार को सुबह 11 बजे से दोपहर तक दो से तीन बार फोन किया था। प्रिया के भाई हिमालय ने बताया कि शक होने पर वह जब बहन के घर आया। बाहर से ताला लगा हुआ था। ताले पर खून लगा था। किसी तरह से दरवाजा खोला, अंदर जाकर देखा, बहन और मां खून से लथपथ हालत में पड़ी थी। जिसके बाद पुलिस को मामले की जानकारी दी थी। सहगल ने बताया कि असल में बीते वीरवार को, उसकी मां कुसुम सिन्हा बहन प्रिया के घर चिराग (प्रिया के बेटे) का जन्मदिन मनाने आई थीं। बर्थडे के दौरान, परिवार के दोनों पक्षों के बीच उपहारों के आदान-प्रदान को लेकर प्रिया और उसके पति योगेश के बीच विवाद हो गया। मां मामले को सुलझाने के लिए प्रिया के घर पर रुकी थीं।

मृतक कुसुम सिन्हा के परिवार वालों ने बताया कि जीजा ने जब वारदात को अंजाम दिया था। उस वक्त दोनों बच्चे घर पर ही थे। जिन्होंने शायद अपनी मां और दादी की हत्या होते हुए देखा था। उसके तुरंत बाद ही आरोपी जीजा एक बच्चे को लेकर वारदात के तुरंत बाद निकल गया था। पुलिस ही अब दोनों बच्चों से पता करेगी कि वारदात के वक्त असल में हुआ क्या था और कैसे हत्या की थी। अब दोनों बच्चों को क्या होगा, उनकी परवरिश कैसे होगी, कुछ समझ में नहीं आ रहा है। पहले भी जीजा छोटी छोटी बातों पर झगड़ा करता था। जिसको आराम से समझा दिया जाता था, लेकिन वो बहन और मां की हत्या कर देगा। यह कभी सोचा भी नहीं था।

अंदर जाकर देखा तो मां और बहन खून से लथपथ हालत में पड़ी थी। घर का सारा सामान बिखरा व टूटा हुआ था। मां के गले और पेट से खून बह रहा था। पूरा डरावना सीन था। तुरंत पुलिस को मामले की जानकारी दी। प्रिया के भाई मेघ सिन्हा, जोकि पॉकेट-2, सेक्टर-24, रोहिणी परिवार के साथ रहता है, बताया कि वहीं पर पता चला था कि एक बेटे को जीजा साथ लेकर गया था और दूसरा बेटा पड़ोसी के पास ही था। जब पुलिस को जीजा की फोटो दिखाई तो पुलिस वालों से पता चला कि जीजा हत्या करने के बाद थाने भी गया था। जिसने बताया था कि उसकी सास उसको बहुत मारती है। उसके बाद वह थाने से निकल गया था। पुलिस ने उसके बाद जीजा को तलाशने के लिये टीम भेजी थी। बाद में उसको पकड़ भी लिया था।

# बसों व मेट्रो रेल में चुराते थे मोबाइल, तीन आरोपी पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने कुख्यात जेबकतरों के गैंग का पर्दाफाश कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उनके पास से 26 महंगे स्मार्ट फोन बरामद किए है। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर मोबाइल चोरी/गुमशुदा होने के दस मामलों को सुलझा लिया है।

दिल्ली पुलिस अपराध शाखा पुलिस उपायुक्त संजीव कुमार यादव ने बताया कि दिल्ली और एनसीआर के विभिन्न थानों में मोबाइल चोरी के मामलों की बढ़ती संख्या और बांग्लादेश में इन फोनों की आपूर्ति की सूचना को ध्यान में रखते हुए, एसीपी पंकज अरोड़ा की देखरेख में इंस्पेक्टर दलीप कुमार के नेतृत्व मे टीम ने घटनाओं के पैटर्न का अध्ययन कर सक्रिय गैंग के बारे में जानकारी एकत्र की और तकनीकी निगरानी के माध्यम से उनका पता लगाया।

इसी बीच 28 अगस्त को एक गुप्त सूचना पर टीम ने श्री निवास पुरी बस डिपो, के बस स्टैंड के पास अपना जाल बिछाकर तीन आरोपियों को पकड़ लिया। पूछताछ में उनकी पहचान ताज मोहम्मद (54), परवेश उर्फ फिरोज खान (42) और करण उर्फ घ्ओम प्रकाश (30) के रूप में हुई।उनके बैग की तलाशी लेने पर, टीम ने उनके पास से 26 मोबाइल फोन बरामद किए। सभी आरोपी मोबाइल फोन लेकर एक रिसीवर को बेचने वाले थे, जो उन्हें कोलकाता के रास्ते बांग्लादेश ले जाता। आरा.ेपी एक अंतरराष्ट्रीय गैंग के सदस्य हैं जो बसों और मेट्रो में यात्रियों से मोबाइल फोन चुराते हैं और उन्हें अजय नेगी और सनी कट्टा, दिल्ली को बेचते हैं, जो आगे पश्चिम बंगाल सीमा के रास्ते बांग्लादेश में बेचते हैं।

पुलिस पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि वे अजय नेगी और सनी कट्टा के लिए काम करते हैं। दोनों मोबा. इल फोन की आपूर्ति का अंत. रराष्ट्रीय गिरोह चलाते हैं।

# मुख्यमंत्री का खिलाड़ियों संग संवाद दिल्ली को खेल राजधानी बनाने का संकल्प

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने त्यागराज स्टेडियम में आयोजित संवाद सत्र में उभरते खिलाड़ियों और देश के प्रतिष्ठित खिलाड़ियों के बीच पहुंचकर अपने विचार साझा किए और दिल्ली सरकार की खेल नीति की जानकारी दी। इस कार्यक्रम में दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री आशीष सूद, विधायक राजकुमार भाटिया व अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने दिल्ली के प्रतिभावान छात्रों और खिलाड़ियों का गर्मजोशी से स्वागत करते हुए कहा कि दिल्ली और भारत का भविष्य इन्हीं युवाओं के हाथों में है, जो आने वाले समय में राष्ट्र का गौरव बढ़ाएंगे।

मुख्यमंत्री ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन करने वाले चौंपियनों रवि दहिया, शरद कुमार, तेजस्विन शंकर, नारायण ठाकुर, नरेंद्र ग्रेवाल और प्रीतम रानी जैसी हस्तियों का विशेष उल्लेख किया और उनके योगदान की सराहना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि ओलंपिक और पैरालंपिक खेलों में भारत के खिलाड़ियों का प्रदर्शन आज पूरी दुनिया में भारत की पहचान बन चुका है। जब कोई खिलाड़ी पदक जीतता है तो वह सम्मान केवल खिलाड़ी या संस्था का नहीं, बल्कि पूरे 140 करोड़ भारतीयों का होता है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि हमारी सरकार ने हमेशा खिलाड़ियों का सम्मान सुनिश्चित करने और उन्हें उचित अवसर प्रदान करने का प्रयास किया है। उन्होंने उल्लेख किया कि पिछली सरकार द्वारा खेलों और खिलाड़ियों को उचित महत्व नहीं दिया जाता था, न पुरस्कार राशि बढ़ाई जाती थी और न ही खिलाड़ियों के लिए आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था थी।



मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता त्यागराज स्टेडियम में आयोजित संवाद सत्र में उभरते खिलाड़ियों और देश के प्रतिष्ठित खिलाड़ियों के बीच पहुंचकर अपने विचार साझा करते हुए।

## एक नजर

### दो भाइयों पर चाकू से किया हमला, एक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मालवीय नगर में बदमाशों ने दो भाइयों पर चाकुओं से हमला किया जिसमें 18 वर्षीय विवेक की मौत हो गई और उसका भाई अमन गंभीर रूप से घायल हो गया। अमन का एम्स में वेंटिलेटर पर इलाज चल रहा है। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बदमाशों ने घर के बाहर दो भाइयों पर चाकुओं से हमला कर दिया। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। रात करीब 2 बजे आठ से दस बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एक फुटेज में आरोपी नजर आ रहे हैं। उनकी पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं।

### सोनू सूद करेंगे नए शो संपूर्णा का ट्रेलर लॉन्च

**नई दिल्ली।** स्टार प्लस अब टीवी दर्शकों के लिए एक और दिलचस्प शो 'संपूर्णा' लेकर आ रहा है। यह एक फिक्शन ड्रामा है। इससे जुड़ी सबसे खास बात यह है कि इस शो का ट्रेलर ओर कोई नहीं बल्कि बॉलीवुड एक्टर सोनू सूद लॉन्च करेंगे। अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर सोनू ने लिखा, 'गणेश चतुर्थी की खुशियों और रंगों में यह भूल जाना आसान है कि हमारे आस-पास कई महिलाएं हर दिन लड़ाइयाँ लड़ रही हैं, लड़ाइयाँ जो उन्हें कभी नहीं लड़नी चाहिए थीं। इस ट्रेलर ने मुझे हिला दिया, क्योंकि यह सिर्फ एक कहानी नहीं, बल्कि हमारे समाज का आईना है। अगर इस साल एक ही प्रार्थना मैं बप्पा से करना चाहता हूँ, तो यह कि वे हर महिला के जीवन से ये विघ्न हटा दें। उन्होंने आगे बताया कि यह रैंउचववतदं नाम का एक प्रभावशाली नया शो है, जो स्टार प्लस पर आने वाला है। यह कहानी देखी, महसूस की और जानी जानी चाहिए। यह शो 8 सितंबर से हर दिन शाम 7:30 बजे प्रसारित किया जाएगा।

### अनुपमा के पांच साल पूरे होने पर रूपाली गांगुली ने दी प्रतिक्रिया

**नई दिल्ली।** स्टार प्लस के शो अनुपमा ने हाल ही में टीवी पर शानदार पांच साल पूरे कर लिए, जो इसके जबरदस्त प्रभाव और लोकप्रियता को दिखाता है। ऐसे में मेकर्स ने इस खास मौके का जश्न मनाने के लिए एक छोटा से गेट टुगेदर का आयोजन किया। इसमें कास्ट और मीडिया मौजूद था। इवेंट के दौरान, प्रोड्यूसर राजन शाही की मां दीपा शाह का जिक्र किया गया, जिन्होंने अनुपमा की दिल छू लेने वाली कहानी लिखी है। अनुपमा का किरदार निभाने वाली रुपाली गांगुली ने इस मौके पर अपना आभार व्यक्त किया। इतना ही नहीं रुपाली ने कहा कि दीपा शाह ही इस शो का मूल, आधार और प्रेरणा हैं।इस मौके पर रूपाली गांगुली ने अनुपमा को लेकर एक इमोशनल नोट शेयर किया। उन्होंने कहा, मेरे लिए अनुपमा मेरे पापा का सपना पूरा होना है, मेरी मम्मा का सपना पूरा होना है।

### पैसे देने से इंकार पर मारा चाकू, आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उत्तर-पूर्वी जिला पुलिस के सीलमपुर थाने की टीम ने हत्या के प्रयास का मामला सुलझाकर आरोपी को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उसके पास सेअपराध में प्रयुक्त हथियार बरामद किया है। आरोपी ने पीड़ित से पैसे मांगे थे जब उसने इनकार कर दिया तो उस ने गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी और बाद में चाकू मार दिया।दिल्ली के उत्तरी पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त आशीष मिश्रा ने बताया कि 3 अगस्त को सीलमपुर थाने में चाकूबाजी की घटना की सूचना मिली थी। इस दौरान शिकायतकर्ता ने बताया कि 01 अगस्त को उसके दोस्त ने उससे पैसे मांगे थे। मना करने पर उसने ने उसे गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी। 3 अगस्त को दोपहर लगभग 12 बजे, जब शिकायतकर्ता जी-ब्लॉक, श्री राम पार्क में बैठा था। दोस्त ने उस पर चाकू से हमला कर दिया और मौके से फरार हो गया। इसके बाद सीलमपुर थाने के तहत मामला दर्ज कर एसएचओ सीलमपुर पंकज कुमार के नेतृत्व में टीम ने महत्वपूर्ण साक्ष्य एकत्र कर आरा.ेपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस उसकी पहचान मोहम्मद उर्फ बाबू (20) के रूप में हुई। पूछताछ करने पर, आरोपी ने अपना अपराध कबूल कर लिया और उसकी निशानदेही पर अपराध में प्रयुक्त हथियार चाकू बरामद किया है।

# जनसंख्या नियंत्रण पर संघ प्रमुख का बयान भ्रामक: डॉ. सैयद अहमद खान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** जन संख्या नियंत्रण पर संघ प्रमुख मोहन भागवत के तीसरा बच्चा पैदा करने के बयान पर हकीम अजमल खान फोरम पर पीस एंड हार्मनी के महासचिव डा. सैयद अहमद खान ने कहा है कि कि यह भ्रामक और भारत सरकार की नीतियों के विपरीत है। दो बच्चों के बाद तीसरे बच्चे को सरकारी सुविधाएं नहीं मिलती हैं।

ऐसे में सवाल यह पैदा होता है कि तीसरे बच्चे के भविष्य की जिम्मेदारी कौन लेगा। उन्होंने यह भी कहा कि दशकों से भारत सरकार जनसंख्या नियंत्रण करने के लिए श्हम दो हमारे दोश् का नारा देती आ रही है और इस पर भारत के लोगों के जरिए अमल भी किया जा रहा है। इसका अच्छा परिणाम भी सामने आया है, खास तौर से दक्षिण के राज्यों में जनसंख्या नियंत्रित है और वहां पर देश के अन्य राज्यों की बनिस्बत शिक्षा का स्तर भी काफी बेहतर हुआ है जिसमें केरल, तमिलनाडु प्रमुख रूप से शामिल हैं। विशेष रूप से उत्तर प्रदेश, बिहार, असम, मध्य प्रदेश, राजस्थान और गुजरात को भी केरल और तमिलनाडु का माडल अपनाना चाहिए। डा. सैयद अहमद ने आशा जताई है कि मोहन भागवत जनसंख्या नियंत्रण पर दिए गए बयान पर फिर से विचार करेंगे।

# दिल्ली में मंदिर के सेवादार की हत्या पर 'आप' ने चिट्ठी लिख सीएम से मांगा इस्तीफा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के कालकाजी मंदिर में एक सेवादार की बेरहमी से पीट पीट कर हत्या करने के मामले को लेकर आम आदमी पार्टी ने भाजपा और सीएम रेखा गुप्ता पर तीखा हमला बोला है।

'आप' की वरिष्ठ नेता और दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने सीएम रेखा गुप्ता को चिट्ठी लिखकर उनसे तत्काल इस्तीफा देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि सेवादार की निर्मम हत्या ने दिखा दिया है कि दिल्ली में कानून-व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त है। अपराधियों को पुलिस का डर नहीं है, क्योंकि भाजपा की 4 इंजन सरकार फेल हो चुकी है। जब सीएम रेखा गुप्ता दिल्लीवालों को सुरक्षा नहीं दे सकती हैं तो अपना इस्तीफा दे दें।

आतिशी ने सीएम को लिखे पत्र में कहा है कि मैं आपका ध्यान दिल्ली की लगातार बिगड़ती कानून-व्यवस्था की ओर दिलाना चाहती हूँ। देश की राजधानी दिल्ली में हालात इतने खराब हो चुके हैं कि अब लोग अपने घर, बाजार और धार्मिक स्थलों पर भी खुद को सुरक्षित महसूस नहीं कर रहे। हाल ही में कालकाजी मंदिर में सेवा करने वाले एक सेवादार की 5-6 लोगों ने मामूली प्रसाद के झगड़े पर बेहरहमी से पीट-पीटकर हत्या कर दी।

ये पूरी वारदात कैमरे में कैद हुई है। यह केवल एक घटना ही नहीं है, बल्कि दिल्ली में कानून-व्यवस्था की ध्वस्त हो चुकी स्थिति की गवाही देता है। आतिशी ने रेखा गुप्ता के ऊपर हाल ही में हुए हमले का जिक्र करते हुए कहा है कि ये हालात सिर्फ आम जनता तक सीमित नहीं हैं। खुद आपके उपर भी हाल ही में एक हमला हुआ। अगर मुख्यमंत्री तक सुरक्षित नहीं हैं तो आम नागरिकों की सुरक्षा की कल्पना कीजिए। नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने कहा है कि बीजेपी की चार इंजन की सरकार आज पूरी तरह फेल हो चुकी है।

जनता उम्मीद कर रही थी कि बीजेपी के चार इंजन मिलकर सुरक्षा और विकास को तेजी देंगे, लेकिन हकीकत ये है कि बीजेपी के चारों इंजन दिल्ली में जाम हो चुके हैं। दिल्ली आज हत्या, लूट, रंगदारी और गैंगवार की राजधानी बन चुकी है। अपराधी निडर होकर दिन-दहाड़े वारदात कर रहे हैं और पुलिस केवल खानापूर्ति में लगी है।

# सड़क हादसों की बड़ी वजह नियमों की अनदेखी

**नई दिल्ली।** दिल्ली में तेज रफ्तार, मोबाइल फोन और नियमों की अनदेखी अब भी सड़क हादसों की मुख्य वजह हैं। शिक्षित लोगों के शहर दिल्ली में सड़क हादसों को कम करने के तमाम सरकारी प्रयास और जागरूकता कार्यक्रम, ड्राइवरों की नासमझी, तेज रफ्तार के जुनून और गाड़ी चलाते समय मोबाइल फोन पर बात करने की आदत के आगे नाकाम साबित हो रहे हैं। दिल्ली पुलिस और केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार, इस साल जनवरी से जुलाई के बीच दिल्ली में 3,200 से ज्यादा सड़क दुर्घटनाएँ दर्ज की गई।

# दिल्ली में पहली बार बदरिया-ए मॉनसून फेयरवेल फेस्टिवल का होगा आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।**। मानसून की विदाई को एक सांस्कृतिक उत्सव के रूप में मनाने के लिए दिल्ली में पहली बार 'बदरिया: ए मॉनसून फेयरवेल फेस्टिवल' का आयोजन किया जा रहा है। यह अनूठा उत्सव माता चकेरी देवी फाउंडेशन और दिल्ली सरकार के कला, संस्कृति और भाषा विभाग द्वारा आयोजित किया जा रहा है, जिसमें दिल्ली सरकार की मैथिली-भोजपुरी अकादमी सहयोगी भूमिका निभा रही है। यह कार्यक्रम 1 सितंबर 2025 को कनॉट प्लेस के सेंट्रल पार्क में शाम 4 बजे से आरंभ होगा। इस अवसर पर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता मुख्य अतिथि होंगी और कला, संस्कृति एवं भाषा मंत्री कपिल मिश्रा विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके साथ ही अन्य मंत्रियों और जनप्रतिनिधियों को भी इस भव्य सांस्कृतिक उत्सव में आमंत्रित किया गया है।

फेस्टिवल में पद्मश्री मालिनी अवस्थी अपनी थुमरी, कजरी और अन्य लोक धुनों की प्रस्तुतियों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करेंगी। समृद्धि पाठक और सान्वी पाठक मैथिली लोकगीत गाएँगी, जबकि वाद्य यंत्रों पर रिम्पा शिव तबला, वैष्णवी जोशी बांसुरी और मेघा राउत सितार की प्रस्तुतियाँ देंगी।

# लाल बाग का राजा गणपति महोत्सव में उमड़ा भक्तों का सैलाब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नेताजी सुभाष पैलेस दिल्ली में के लाल बाग का राजा ट्रस्ट द्वारा आयोजित दस दिवसीय गणपति महोत्सव में आज भारी वर्षा के बावजूद भक्तों की भीड़ लगातार उमड़ रही है।



श्रद्धा और आस्था की मिसाल पेश करते हुए हजारों श्रद्धालु 'बाप्पा' के दर्शन हेतु कतारबद्ध नजर आए। ट्रस्ट के चेयरमैन श्री राकेश बिंदल ने बताया, हम तो केवल आरंभ करते हैं, लेकिन जब तक बाप्पा की इच्छा होती है, उनका गुणगान अनवरत चलता रहता है।ष आज के विशेष अवसर पर प्रसिद्ध आध्यात्मिक गुरु और धार्मिक कथावाचक श्री अनिरुद्धाचार्य जी महाराज ने अपने ओजस्वी प्रवचनों और कथा के माध्यम से उपस्थित श्रद्धालुओं को आत्मविभोर कर दिया। अनिरुद्धाचार्य जी ने गणपति जी की प्रतिमा की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा, ष्यह प्रतिमा अत्यंत विशाल, सुंदर और अलौकिक है। यहाँ आकर हृदय प्रफुल्लित हो गया है। यहाँ के भक्तों की श्रद्धा और सेवा भाव ने मेरा मन मोह लिया है।ष संस्था के वाइस चेयरमैन श्री सत्यभूषण जैन ने जानकारी दी कि भक्तगण बड़ी एकाग्रता और श्रद्धा से भजन-संकीर्तन में भाग ले रहे हैं। उन्होंने कामना की कि ष्गणपति बाप्पा हम सभी पर अपनी कृपा यूं ही बनाए रखें।

# भारत की वस्त्र विरासत का उत्सव प्रस्तुत किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** अंजलि झा फाउंडेशन ने भारत भ्रमण- भारत की समृद्ध वस्त्र विरासत का एक ऐतिहासिक उत्सव प्रस्तुत किया। विश्व के प्रथम और सबसे बड़े वस्त्र विरासत वॉक के रूप में परिकल्पित यह पहल भारत के बुनकरों और कारीगरों की शाश्वत कला को समर्पित है।

28 राज्यों और 30 से अधिक शहरों को आच्छादित करते हुए, भारत भ्रमण में 40 से अधिक पारंपरिक वस्त्र प्रदर्शित किए जाएंगे, जिनमें प्रत्येक अपने क्षेत्र की विशिष्ट सांस्कृतिक पहचान को प्रति. बंबित करेगा। इस वॉक में 2,000 से अधिक सुपरमॉडल्स



और 5,000 से अधिक स्वयंसेवक शामिल होंगे, जो भारत के शिल्प समुदायों की अद्भुत प्रतिभा को एक अभूतपूर्व मंच प्रदान करेंगेख्र उनमें से कई अपनी परंपराओं के अंतिम संवाहक हैं।

भारत भ्रमण केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि एक सांस्कृतिक आंदोलन हैख्रजो धरोहर और युवाओं, परंपरा और आधुनिकता, अतीत और भविष्य को जोड़ता है। इसका उद्देश्य भारत की जीवंत शिल्प परंपराओं का पुनरुत्थान, उत्सव और संरक्षण करना है, साथ ही कारीगरों को वह सम्मान और पहचान दिलाना है जिसके वे वैश्विक स्तर पर हकदार हैं। भारत भ्रमण का टैगलाइन शिल्प है शाही, और वे हाथ महान हैं जो इसे रचते हैं।

# छात्रा से छेड़छाड़ कर चाकू से डराया

**नहटौर।** बीएससी की एक छात्रा के साथ स्कूल आते जाते समय दूसरे समुदाय के एक युवक द्वारा छेड़छाड़ व फोन पर बात करने का दबाव बनाया। छात्रा के इंकार करने पर आरोपी युवक ने छात्रा को चाकू दिखाकर डराया धमकाया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्जकर कार्रवाई शुरू कर दी है। प्राप्त समाचार के अनुसार नहटौर क्षेत्र के एक गांव निवासी बीएससी की छात्रा के साथ स्कूल आते जाते समय रास्ते में गांव के ही दूसरे समुदाय के एक युवक द्वारा छेड़छाड़ करते हुए जबरन फोन पर बात करने का दबाव बनाने का मामला प्रकाश में आया। आरोप है कि फोन पर बात करने से इंकार करने पर आरोपी ने छात्रा को रास्ते में रोककर चाकू से डरा धमकाते हुए बात नहीं करने पर जान से मारने व गायब करने की धमकी दे डाली।

# रोहिणी में स्वच्छ एवं हरित दिल्ली के लिए मेगा मार्च का आयोजन किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम के रोहिणी क्षेत्र में दिल्ली को कूड़े से आजादी अभियान के अंतर्गत आज स्वच्छ एवं हरित दिल्ली के लिए मेगा मार्च का आयोजन किया गया। मेगा मार्च की अगुआई दिल्ली विधानसभा के स्पीकर विजेंदर गुप्ता, दिल्ली के महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह, उत्तर पश्चिम दिल्ली के सांसद योगेन्द्र चांदोलिया, दिल्ली सरकार में कैबिनेट मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह ने की। इस अवसर पर नेता सदन प्रवेश वाही, रोहिणी क्षेत्र के उपाध्यक्ष नरेंद्र कुमार सिंह, रोहिणी के पार्षदगण धर्मबीर शर्मा, पूनम



सैनी, सुश्री बॉबी, रोहिणी क्षेत्र के उपायुक्त प्रेम कुमार मंडल सहित निगम के अधिकारी एवं कर्मचारीगण, स्थानीय नागरिक, स्कूल एवं कॉलेज के छात्र इत्यादि उपस्थित रहे। इस अवसर पर कलाकारों द्वारा नुक्कड़ नाटक एवं हरियाणवी लोकगीतों की प्रस्तुति दी गई।

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।
**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं



फैसल कुरैशी
भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

# पुरानी रंजिश में युवक को चाकू मारे

## 26 अगस्त को शराब पीने को लेकर हुआ था विवाद, हमलावर तीनों युवक फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** क्षेत्र के गांव सैफपुर-फिरोजपुर रामराज आर्य नगर निवासी एक युवक को तीन युवकों ने पुरानी रंजिश रखते हुए चाकुओं से हमला बोल दिया। जिसमें युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। युवक के शोर मचाने पर परिजन मौके पर आ गये। जिन्हें देखकर उक्त तीनों आरो. पित जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गये। पीड़ित ने अपने पुत्र को लेकर थाने आया और तीनों आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने युवक की डॉक्टरी के लिए हस्तिनापुर भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर जांच पर कार्रवाई की जाएगी।

शनिवार को क्षेत्र के गांव सैफपुर-फिरोजपुर रामराज के मोहल्ला आर्य नगर निवासी थाना पर तहरीर देते हुए जयवीर पुत्र मंगल सिंह ने बताया कि उसका बड़ा पुत्र अश्वनी का 26 अगस्त को समाना उर्फ रामराज मोहल्ले के तीन युवकों से दारु पीने को लेकर विवाद हो गया था जिसे ग्रामीणों ने समझा बुझाकर शांत कर दिया था लेकिन उसी की रंजिश रखते हुए तीनों उक्त युवक शनिवार को उसके घर के पास अश्वनी को रास्ते में रोक लिया और गाली गलौज करते हुए चाकुओं से हमला बोल दिया। जब उसके पुत्र अश्वनी ने शोर मचाया तो परिजनों एवं ग्रामीण मौके पर आ गये। जिन्हें देखकर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गये। पीड़ित ने तीन युवको को नामजद करते हुए तहरीर दी है। अंडर ट्रेनिंग डीएसपी थाना प्रभारी कृष राजपूत ने बताया कि पीड़ित ने थाना पर तीन युवकों के खिलाफ तहरीर दी गई है। घायल की डॉक्टरी के लिए हस्तिनापुर भेज दिया गया है। मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।



### डीएम ने किया जिला कारागार का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शनिवार को डीएम डॉ. वी.के. सिंह एवं एसएसपी विपिन ताडा ने संयुक्त रूप से जिला कारागार का निरीक्षण किया गया। जिला कारागार में डीएम एवं एसएसपी ने महिला बैरक, पुरूष बैरक, शिशु सदन आदि का निरीक्षण किया। बैरक में उन्होंने कैदियों से वार्ता कर उनसे खान-पान, स्वास्थ्य, पैरवी हेतु वकील आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की।

### 10, 11 व 12 को आयोजित होगी विशेष लोक अदालत

**मेरठ।** अपर जिला न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मेरठ रमेश कुशवाहा ने बताया कि उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के पत्र के अनुसार 10, 11 व 12 सितंबर को विशेष लोक अदालत में अधिक से अधिक संख्या में आपराधिक वादों को चिन्हित कर निस्तारित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

# प्रवीन कुमार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सौंपा नियुक्ति पत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर गोमतीनगर लखनऊ में मेरठ के भराला गांव के निवासी प्रवीन कुमार को अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा सहायक प्रशिक्षक बॉक्सिंग चयनित किए जाने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा नियुक्ति पत्र दिया गया। प्रवीन कुमार से प्रशिक्षित खिलाड़ी राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय बॉक्सिंग प्रतियोगिताओं में अपना परचम लहरा चुके हैं। प्रवीन कुमार तैनाती अम्बेडकर स्पोर्ट्स स्टेडियम सहारनपुर में सहायक प्रशिक्षक बॉक्सिंग के पद पर हुई हैं उनकी इस उपलब्धि पर मेरठ के बॉक्सिंग खिलाड़ियों में खुशी की लहर है। इस मौके पर दौराला भाजपा मण्डल अध्यक्ष मनिंदर विहान भराला, क्षेत्रीय कोषाध्यक्ष किसान मोर्चा अजय भारद्वाज भराला, जिला बॉक्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. भीष्म सिंह, सचिव विशेष तोमर, राजीव चौधरी, कुलदीप सिवाच, सचिन सिवाच, सतीश सहरावत, सतेंद्र फौजी, भूपेन्द्र सिवाच, अरुण कुमार, अंकित कुमार, सोनू मलिक, अमित अहलावत, विकाश अहलावत चंद्रहास सिवाच, कालूराम, शरणवीर आदि ने बधाई दी



## नगर पंचायत कार्यालय में विदाई सम्मान समारोह का हुआ आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** शनिवार को नगर पंचायत कार्यालय में कर्मचारी के पद पर कार्यरत हाजी यामीन के सेवानिवृत होने पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें चेयरपर्सन हज्जन आफताब, चेयरपर्सन पति हाजी शकील कुरैशी, अधिशासी अधिकारी मनोज कुमार व सभी सभासदगण और कर्मचारीगण द्वारा फूल माला पहनाकर सम्मानित किया गया। वहीं नगर पंचायत से लेकर उनके घर तक ढोल नगाड़ों के साथ उनको विदा किया गया। हाजी यामीन लगभग 35 वर्षों तक नगर पंचायत कार्यालय में कार्यरत रहे। विदाई कार्यक्रम के दौरान काफी संख्या में कस्बे के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# डी मोंटफोर्ट अकादमी में अनुशासन समिति का गठन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** डीमोंटफोर्ट अकादमी में अनुशासन समिति का गठन किया गया। समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ। विद्यालय के छात्र-छात्राओं को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियां और नेतृत्व क्षमता के लिए सम्मानित किया गया। समारोह में छात्र-छात्राओं को उनके दायित्व सौंपे गए और उनके दायित्व के लिए बैज प्रदान किए गए जिनमें हेड बॉय हरगुन सिंह, हेड गर्ल अवनी चौधरी, असिस्टेंट हेड गर्ल-अवनी देशवाल, असिस्टेंट हेड बॉय विकल कुमार रहें। इसके अतिरिक्त विभिन्न हाउस के हाउस कैप्टन को बैज प्रदान किए गये जिनमें अरबिंदो हाउस मनस्वी, कृष्णमूर्ति हाउस रिया, टैगोर हाउस आयुषी पूनिया और विवेकानंद हाउस प्रियांशी रही। बैज प्राप्त कर विद्यार्थियों ने गर्व और उत्साह के साथ अपनी जिम्मेदारियां स्वीकार की व शपथ ग्रहण की।विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर समीर वर्मा ने विद्यार्थियों को अनुशासन परिश्रम और नेतृत्व के साथ आगे बढ़ाने की प्रेरणा दी। साथ ही निदेशक डॉ. केके शर्मा व विद्यालय के निर्देशिका डॉ. गरिमा वर्मा अपने संबोधन में छात्र-छात्राओं को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।




## शराब के नशे में हुड़दंग करने वाले आरोपी पर कार्रवाई की मांग

**■ आरोपी के खिलाफ तीन दिन पहले थाना कंकरखेड़ा में दी गई थी तहरीर**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** रोहटा रोड स्थित नारायणगढ़ी निवासी अशोक कुमार को स्थानीय दबंगों द्वारा परेशान किया जा रहा है जिसको लेकर उन्होंने एक प्रार्थना पत्र तीन दिन पहले थाना कंकरखेड़ा में दिया था। आरोप है कि आरोपी इसके बावजूद भी खुलेआम धमकी दे रहा है स्थानीय पुलिस कार्रवाई नहीं कर रही।

अशोक कुमार ने बताया है कि वह अपनी कॉलोनी के अध्यक्ष हैं। और रोहटा रोड स्थित कृष्णा विहार निवासी अमित तेवतिया एक दबंग किस्म का इंसान है जो कॉलोनी में शराब के नशे में गाली गलौच करता है जिसका विरोध करने पर अमित तेवतिया ने बुधवार को रात्रि में उन्हें रास्ते में रोक कर जबरदस्ती उनकी गाड़ी में बैठने का प्रयास किया। साथी गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी।

उन्होंने बताया कि एक महीने पहले भी अमित तेवतिया ने शराब पीकर हुड़दंग किया और संतोष व सुरेश पाल तोमर को भी जान से मारने की धमकी दी थी। आरोपी द्वारा दो बार ऐसी घटना की जा चुकी है और दोनों बार 112 पर कॉलोनी वासियों ने शिकायत दर्ज की लेकिन एक भी बार उस पर कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने थाना अध्यक्ष से मांग की है कि जल्द ही आरोपी पर कानूनी कार्रवाई की जाए।

# डीएवी स्कूल में वेद प्रचार-प्रसार समारोह आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सीजेडीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल में शनिवार को वेद प्रचार-प्रसार समारोह का आयोजन आर्य समाज थापर नगर के तत्वाधान में किया गया। वेद सभी सत्य विद्याओं के आधार हैं। आदि और अंत का सार हैं। वैदिक दुनिया का प्रथम धार्मिक ग्रंथ हैं। इसी तथ्य को उजागर करने हेतु भजनोपदेशक के रूप में पंडित दिनेश पथिक तथा वक्ता डॉ. योगेंद्र याज्ञिक उपस्थिति थे। सर्वप्रथम विशिष्ट अतिथियों को नई पौध तथा माल्यार्पण कर उनका अभिवादन किया गया।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में आचार्य डॉ. वाचस्पति मिश्र, आर्य समाज के प्रधान राजेश सेठी, मंत्री प्रीति सेठी, कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ. वीरेंद्र आर्य, क्षेत्रीय अधिकारी डॉ . अल्पना शर्मा, प्रधानाचार्या अपर्णा जैन उपस्थित थे। सर्वप्रथम प्रधान राजेश सेठी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए वेद और आर्यो के बीच के संबंध का सार बताया। भजनोपदेशक पंडित दिनेश पथिक जी के भजनों ने एवं राष्ट्र प्रेम से ओत-प्रोत गीतों ने श्रोताओं को तथा विद्यार्थियों को भाव - विभोर कर दिया। आचार्य डॉ. योगेंद्र याज्ञिक ने विद्यार्थियों को सारगर्भित उद्‌बोधन देते हुए, आर्य समाज तथा वैदिक संस्कृति से अवगत कराया तथा इस व्यापक विचारधारा का अनुसरण करने के लिए प्रेरित किया। क्षेत्रिय अधिकारी डॉ. अल्पना शर्मा ने समस्त विद्वद्‌जनों का आभार व्यक्त किया तथा विद्यार्थियों को मार्गदर्शन देने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।



# छात्रा से अश्लीलता करने वाले शिक्षक को भेजा जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** नगर के एक इंटर कॉलेज में शिक्षक द्वारा कक्षा सात की छात्रा से अश्लील हरकत करने व ओयो होटल में ले जाने की बात कहने के मामले में हुई रिपोर्ट के बाद पुलिस ने शुक्रवार को आरोपी शिक्षक को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया।

नगर के एक इंटर कॉलेज में पढ़ने वाली कक्षा सात की छात्रा के साथ थाना क्षेत्र के ग्राम दबथला निवासी शिक्षक अनुराग रुहेला अश्लील हरकतें करता था तथा चार दिन पूर्व उसने छात्रा से ओयो होटल में चलने को कहा। छात्रा ने इसकी शिकायत अपने परिजनों से की। परिजनों ने थाना पुलिस को बताया मगर पुलिस ने पीड़ित को हड़का कर भगा दिया। वहीं पीड़िता ने वीडियो वायरल कर आरोप लगाया कि एक महिला पुलिसकर्मी ने उसे हड़काते हुए कार्यवाही की मांग करने पर मारपीट भी की। इस मामले में उच्चाधिकारियों द्वारा थाना पुलिस को हड़काने के बाद आनन फानन में आरोपी शिक्षक अनुराग रुहेला के खिलाफ पोस्को एक्ट सहित अनेक गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर शनिवार को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।



## 8 सितंबर को पशु चिकित्सालय दौराला व पशु सेवा केन्द्र दुल्हेड़ा के जर्जर भवन की होगी नीलामी

**■ मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने दी जानकारी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डा. संदीप कुमार ने सर्व साधारण को सूचित करते हुए बताया कि अधिशासी अभियंता निर्माण खण्ड, लोक निर्माण विभाग मेरठ के पत्र के द्वारा पशु चिकित्सालय दौराला, विकास खण्ड दौराला के जर्जर भवन मूल्यांकन रूपये 38523.25 एवं पत्र दिनांक 13 जनवरी 2025 के द्वारा पशु सेवा केन्द्र दुलौडा, विकास खण्ड दौराला के जर्जर भवन मूल्यांकन रूपये 25502.15 के उपरान्त आंकलित मूल्य के अनुरूप नियमानुसार सार्वजनिक नीलामी जानी है। भवनों की नीलामी जो जैसी है जहां है के आधार पर दिनांक 08 सितंबर 2025 को पूर्वान्ह 11:00 बजे पशु चिकित्सालय दौराला की पशु चिकित्सालय दौराला मेरठ के परिसर में एवं अपरान्ह 2:00 बजे पशु सेवा केन्द्र दुल्हेडा की पशु सेवा केन्द्र दुल्हेड़ा मेरठ के परिसर में की जानी है जिसमे कोई भी इच्छुक बोली दाता भाग ले सकता है। बोली दाता को धरोहर राशि के रूप में धनराशि अंकन रू. 2000 नगद अथवा मुख्य पशु चिकित्साधिकारी मेरठ के पक्ष में डिमाण्ड ड्राफ्ट/बैंकर्स बैंक उनके कार्यालय में जमा कराना होगा। नीलामी में विभागीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिजन भाग नहीं ले सकेंगे। अधिकतम बोलीदाता को नीलामी की धनराशि राजकीय कोष में जमा करने के उपरान्त अगले दो दिवस में नीलामी भवन/मलबे को प्राप्त करना होगा।

## कस्बा फलावदा में रामलीला कमेटी के प्रधान नियुक्ति को लेकर चल रही गुटबाजी समाप्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** कस्बे में रामलीला कमेटी के प्रधान नियुक्ति को लेकर हो रही गुटबाजी समाप्त हो गई। दोनों पक्षों ने सुलह के आधार पर शरद चौधरी को प्रधान स्वीकार कर लिया।

जानकारी के मुताबिक कस्बे में होने वाली रामलीला कमेटी के प्रधान नियुक्त किए जाने को लेकर दो गुटों में तनातनी चल रही थी। दोनों पक्ष द्वारा एक ही वद्र में अलग अलग प्रधान नियुक्त होने का दावा कर रहे थे। इस प्रकरण को दोनों पक्षों ने बात. चीत के जरिए सुलझा लिया। आखिरकार दोनों पक्षों ने शरद चौधरी को प्रधान स्वीकार करने में सहमति जता दी। इस मामले में शरद के प्रतिद्वंदी के रूप में खड़े कमेटी के पूर्व प्रधान मोहित तोमर ने बताया कि आपसी वार्ता के बाद अब मामला सुलझ गया। दोनों पक्ष सौहार्द से रामलीला का आयोजन कराएंगे। उधर कांग्रेस नेता सैयद रिहानुद्दीन ने नव नियुक्त प्रधान का अपने आवास पर स्वागत किया। रामलीला कमेटी के प्रधान प्रधान नियुक्त का मामला साफ होने से तमाम कयासों को विराम लग गया। बहरहाल इस मामले का पटाक्षेप हो गया।



# बहचोला गौशाला में कृषि विश्वविद्यालय की टीम ने किया पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** जनपद मेरठ के ग्राम बहचोला स्थित गौशाला में सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ तथा पशुपालन विभाग की टीम द्वारा गौवंश का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस दौरान पशुओं की संपूर्ण स्वास्थ्य स्थिति का आंकलन किया गया तथा आवश्यक चिकित्सीय उपचार एवं परामर्श प्रदान किया गया। पशुओं के विभिन्न रोगों की रोकथाम एवं निदान हेतु प्रयोगशाला परीक्षण के लिए 40 रक्त नमूने भी एकत्रित किए गए हैं। प्राप्त नमूनों की जांच के उपरांत कृषि विवि तथा पशुपालन विभाग द्वारा आवश्यकतानुसार उपचारात्मक एवं निवारक कदम उठाए जाएंगे। साथ ही पशुओं की देखभाल, पोषण एवं रोग-प्रतिरोधक उपायों संबंधी जानकारी भी प्रदान की गई।

कृषि विवि का यह प्रयास ग्रामीण क्षेत्र में पशुधन की बेहतर स्वास्थ्य सुरक्षा एवं उत्पादकता सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कृषि विवि कि टीम का नेतृत्व वेटेरिनरी मेडिसिन विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर अमित वर्मा ने किया। इस कार्य में पशु चिकित्साधिकारी, उल्देपुर डॉ. महिमा, पशुधन प्रसार अधिकारी सुशील कुमार, अमित मलिक, मनोज कुमार, स्रावीर सिंह आदि का सहयोग रहा।



# उत्तम आर्जव दिवस पर आरती, प्रतियोगिताओं और प्रवचनों से सजी धार्मिक बेला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जैन समुदाय का महापर्व दशलक्षण पर्व पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। इसी क्रम में श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर फूटा महल एवं श्री आदिनाथ दिग. 'बर जैन मंदिर शौकत अली रोड पर तीसरे दिन का आयोजन भव्य रूप से संपन्न हुआ। यह दिन उत्तम आर्जव दिवस के रूप में मनाया गया।

दिनभर श्रद्धालुओं का मंदिरों में आना-जाना लगा रहा। भक्तों ने प्रभु के चरणों में श्रद्धा अर्पित करते हुए पूजा-अर्चना की और आत्मशुद्धि का संकल्प लिया। शाम के समय धार्मिक प्रवचन का विशेष आयोजन किया गया जिसमें इंदौर और मथुरा से आए विद्वानों ने उत्तम आर्जव के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। विद्वानों ने बताया कि आर्जव का अर्थ है सरलता और निष्कपटता जिसे अपनाकर मनुष्य अपने जीवन को मोक्ष मार्ग की ओर अग्रसर कर सकता है। सांस्कृतिक बेला में वातावरण भक्ति रस में रंग गया। मंदिर प्रांगण में भक्तों ने सामूहिक रूप से श्री जी की आरती उतारी, जिसके बाद दोनों मंदिरों में प्रतियोगिताओं और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आयोजन किया गया। बच्चों और युवाओं ने भजन, नृत्य और धार्मिक नाटिकाओं के माध्यम से सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठजनों ने युवाओं से आग्रह किया कि वे आर्जव जैसे गुणों को अपने जीवन में उतारें और धर्म की मूल शिक्षाओं को व्यवहार में लाएं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और देर रात तक धार्मिक उत्सव का आनंद उठाते रहे।



# एचआईवी संक्रमण व टीबी से बचाव की छात्र-छात्राओं को दी जानकारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टाण्डा/रामपुर।** शनिवार को जनता इंटर कॉलेज सरकथल के छात्र छात्राओं को स्वास्थ विभाग की टीम द्वारा एचआईवी और टीबी जैसी गम्भीर बीमारियों के बारे में जानकारी दी गई और इससे बचाव के बारे में भी जागरूक किया गया स अर्श काउं. सलर रेनू शर्मा , एचआईवी काउंसलर प्रतिज्ञा और साथ आशा भी मौजूद रहीं। सभी लोगों को जागरूक करते हुए रेनू शर्मा ने बताया कि एचआईवी से बचने के लिए पुरानी इस्तमाल सुई का उपयोग न करे साथ ही एचआईवी संक्रमित मरीज के खून को किसी भी मरीज को डोनेट न करें। साथ ही टीबी से बचने के लिए मास्क पहने की हिदायत दी गयी।



# कालकाजी मंदिर में सेवादार की पीटकर हत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** कालकाजी मंदिर में 29 अगस्त की देर रात मंदिर में दर्शन के लिए आए कुछ लोगों ने मंदिर के सेवादार की पीट पीट कर हत्या कर दी। आरोपियों और सेवादार के बीच दर्शन के बाद प्रसाद देने को लेकर विवाद हुआ था। झगड़े के दौरान वहां से लोग गुजरते रहे, लेकिन किसी ने पीड़ित को बचाने की कोशिश नहीं की। मामले की सूचना मिलने के बाद पहुंची पुलिस ने घायल को एम्स ट्रामा सेंटर में भर्ती किया। जहां उसकी मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने मौके पर ही एक आरोपी 30 वर्षीय अतुल पांडे को दबोच लिया। जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामले में हत्या की धारा में केस दर्ज किया गया है। बाकि आरोपियों की तलाश में छापेमारी की जा रही है। पुलिस उपायुक्त डॉ. हेमंत तिवारी ने बताया कि पीड़ित योगेंद्र सिंह मूलतः फत्तेहपुर, हरदोई, उत्तर प्रदेश का रहने वाला था। उसके परिवार में पिता राम गोपाल सिंह, पत्नी, बेटा-बेटी व अन्य सदस्य हैं। योगेन्द्र पिछले 14-15 सालों से कालकाजी मंदिर की धर्मशाला में रहता था और मंदिर में सेवादार का काम करता था।

पुलिस उपायुक्त ने बताया कि काल. काजी थाना पुलिस को कालकाजी मंदिर में रात करीब 11.30 बजे झगड़े के सूचना मिली। सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंच गई। स्थानीय पूछताछ में पता चला कि आरोपी दर्शन के लिए कालकाजी मंदिर आए थे। दर्शन के बाद उन्होंने पीड़ित से चुन्नी का प्रसाद मांगा। प्रसाद को लेकर उनके बीच कहासुनी हो गई। इसी दौरान आरोपियों ने पीड़ित पर लाठियों और लात-घूंसों से हमला किया। हमले में पीड़ित अचेत होकर जमीन पर गिर गया। इसके बाद भी आरोपी उस पर हमला करते रहे। अस्पताल ले जाने पर इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। हमले के दौरान स्थानीय लोगों ने एक आरोपी को मौके पर ही पकड़ लिया, अन्य आरोपी मौके से भाग गए। पकड़े गए आरोपी अतुल पांडे से पूछताछ कर जांच की जा रही है।कालकाजी मंदिर परिसर में हुई वीभत्स घटना ने आंतरिक सुरक्षा पर भी सवाल उठा दिए हैं। मंदिर में 50 से ज्यादा सेवादार होने के बावजूद किसी ने भी योगेंद्र की जान बचाने की जहमत नहीं उठाई। जिस समय योगेंद्र की बेरहमी से पिटाई की जा रही थी, तब कोई भी बचाव के लिए आगे नहीं आया। तभी आरोपित हत्या करने के बाद आसानी से फरार हो गए।

कालकाजी मंदिर में शुक्रवार, शनिवार और रविवार को भक्तों की भीड़ रहती है। मंदिर के बाहर तक भक्तों की कतार लग जाती है। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस के अलावा मंदिर में 50 से ज्यादा सेवादार भी हैं। यह सभी शुक्रवार को भी मंदिर में ही थे। इनकी मौजूदगी में ही आरोपितों ने सरेआम योगेंद्र की हत्या कर दी। इसके अलावा अन्य लोग भी मौके से गुजरते हुए नजर आ रहे हैं। अब मंदिर कमेटी की तरफ से कहा गया है कि आंतरिक सुरक्षा का भी आंकलन किया जाएगा, ताकि भविष्य में ऐसी घटना न हो सके।

योगेंद्र की हत्या के बाद उसके परिवार से भी कोई मिलने तक नहीं पहुंचा। मृतक के भाई कौशल ने बताया कि वह शुक्रवार को ओडिशा में भगवान जगन्नाथ के दर्शन करने गए थे। वहां पहुंचते ही भाई की मौत की सूचना आ गई। तभी वह फ्लाइट का टिकट कर दिल्ली पहुंचे। कौशल ने कहा कि अभी तक मंदिर कमेटी या कोई पुजारी उनसे मिलने तक नहीं आया है। जबकि योगेंद्र कई साल से मंदिर में सेवा कर रहा था। कौशल ने बताया कि योगेंद्र का अंतिम संस्कार गांव में किया जाएगा। वहीं, पुलिस योगेंद्र की हत्या को लेकर अन्य पहलुओं पर भी जांच कर रही है, ताकि सही कारण सामने आ सके।

# नाले में कूदकर महिला ने की खुदकुशी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** केएनके मार्ग इलाके में एक महिला ने नाले में कूदकर आत्महत्या कर ली। पुलिस को मृतक महिला के पास से कोई सुसाइड नोट नही मिला। पुलिस ने मामला दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिये बाबा साहेब अंबेडकर अस्पताल की मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया। पुलिस आसपास के लोगो और थानों से सम्पर्क करके महिला की पहचान करने की कोशिश कर रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि दो पीसीआर कॉल मिली। जिनमें कहा गया था कि जेएनडी कॉलेज सेक्टर 15, कॉलर बोल रहा है कि एक महिला नाले में गिर गई है जो लगता है डूब रही है। दूसरी कॉल में बताया गया कि एक महिला ने नाले में कूदी है, जो अभी फंसी हुई है जिंदा है, उसे मदद चाहिए।

कॉल प्राप्त होने पर पुलिस कर्मचारी तुरंत नाला सेक्टर 15/16 डिवाइडिंग रोड पर पहुँचे और कॉल करने वालों से मिले, जिन्होंने बताया कि वे लगभग शाम 4.10 बजे नाला रोड से गुजर रहे थे और उन्होंने देखा कि लगभग 30 साल की एक महिला नाले में कूद गई है, इसलिए उन्होंने चिल्लाया और देखा कि महिला नाले में डूब रही है। पीसीआर कॉल के तुरंत बाद, डीसी नॉर्थ कार्यालय से फायर ब्रिगेड और बचाव दल भी मौके पर पहुँचे और महिला की तलाश शुरू की। बाद में, हैदरपुर वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के नाले से महिला का शव बरामद किया गया। फायर ब्रिगेड और पुलिस की मदद से शव को बाहर निकाला गया और अस्पताल भेजा गया। महिला की उम्र 30-35 वर्ष, सामान्य कद-काठी, लाल प्रिंटेड सूट सलवार, दोनों हाथों में लाल कांच की चूड़ियाँ और गले में मंगलसूत्र पहने हुए। शरीर पर किसी भी प्रकार की चोट का निशान नहीं है।

# सत्या शर्मा ने एनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटर का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा ने आज मसूदपुर , बिजवासन और द्वारका स्थित 5 एनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटरों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर स्थायी समिति के उपाध्यक्ष तथा आवारा कुत्तों की समस्या हेतु गठित उपसमिति के अध्यक्ष श्री सुंदर सिंह, शिक्षा समिति के अध्यक्ष एवं उपसमिति के सदस्य श्री योगेश वर्मा, अतिरिक्त आयुक्त श्री एल. डी. मेघवाल, अतिरिक्त निदेशक श्री हेमंत कौशिक, जोनल अधिकारी तथा पशु चिकित्सा विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने सभी सेंटरों की व्यवस्थाओं एवं कार्यप्रणाली को बारीकी से देखा तथा अधिकारियों को कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। श्रीमती शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सेक्टर 29 द्वारका व बिजवासन में डॉग शेल्टर सेंटर बनाया जाए क्योंकि वहाँ पर्याप्त स्थान उपलब्ध है और ऐसी सुविधा विकसित की जा सकती है।

श्रीमती शर्मा ने निरीक्षण के दौरान द्वारका स्थित डॉग क्रेमेटोरियम सेंटर का भी दौरा किया और वहाँ की सुविधाओं की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह एक अच्छी पहल है।



निगम स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा अधिकारियों संग एनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटर का निरीक्षण करते हुए।

# सेवादार की हत्या पर केजरीवाल ने कानून-व्यवस्था पर उठाए सवाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के कालकाजी मंदिर में सेवादार की हत्या पर अरविंद केजरीवाल ने भाजपा सरकार पर हमला करते हुए कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं।

उन्होंने पूछा कि क्या दिल्ली में कोई भी सुरक्षित है। मंदिर में प्रसाद को लेकर हुए विवाद में दर्शन के लिए आए लोगों ने सेवादार की लाठियों से पीट-पीटकर हत्या कर दी जिसमें एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। केजरीवाल ने इंटरनेट मीडिया के एक्स प्लेटफॉर्म पर एक पोस्ट में लिखा है, 'कालकाजी मंदिर के अंदर सेवादार की निर्मम हत्या करने से पहले इन बदमाशों के हाथ नहीं कांपे? ये कानून व्यवस्था की विफलता नहीं तो और क्या है? भाजपा के चारों इंजनों ने दिल्ली का ये हाल कर दिया है कि अब मंदिरों में भी ऐसी वारदातें हो रही हैं। क्या दिल्ली में कोई सुरक्षित है भी या नहीं? कालकाजी मंदिर में पीट-पीटकर एक सेवादार की हत्या का मामला शनिवार को सामने आया है। यहां दर्शन के लिए आए लोगों ने एक सेवादार की लाठियों और घूंसों से हमला कर हत्या कर दी। इस संबंध में स्थानीय लोगों ने बताया कि चुनरी प्रसाद को लेकर उन लोगों के बीच बहस हुई थी।


**संबंध विच्छेद**

मैं कामिनी चावला पत्नी रोहित चावला निवासी विश्वास नगर करकरी रोड, दिल्ली अपनी पुत्री भूमी और ईलेश चावला को उनके गलत आचरण के चलते अपने सभी संबंध विच्छेद करती हूं। भविष्य में इनके किसी भी कृत्य व लेन देन के प्रति मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**Name Change**

In my Wife Passport My Name Mohammad Irfan Wrongly Published By Mistake My Correct Name is Irfan Ali So Known Me In Future With Correct Name Irfan Ali For All Future Purpose.

**Irfan Ali S/o Idris**
**R/o** Mohalla Vpariyan Main Bazar Loni Dehat Loni Ghaziabad

**Name Change**

In my Passport My Name Reshma Wrongly Published By Mistake My Correct Name is Reshma Begam So Known Me In Future With Correct Name Reshma Begam For All Future Purpose.

**Reshma Begam W/o Irfan Ali,** R/o Mohalla Vpariyan Main Bazar Loni Dehat Loni Ghaziabad


# प्रधानमंत्री मोदी व उनकी दिवंगत माता के प्रति अभद्र भाषा के प्रयोग के खिलाफ भाजपा ने किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा के नेतृत्व एवं राष्ट्रीय महामंत्री तरूण चुघ एवं दुष्यंत गौतम तथा राष्ट्रीय मंत्री डा. अल्का गुर्जर की उपस्थिती में दिल्ली भाजपा के कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं उनकी दिवंगत माता के प्रति अभद्र भाषा के प्रयोग के विरोध में विराट रोष प्रदर्शन किया। दीनदयाल मार्ग पर आंध्रा स्कूल लालबत्ती पर लगे मंच से लेकर आई.टी.ओ. चौक तक एकत्र हजारों भाजपा कार्यकर्ताओं के प्रदर्शन का मंच संचालन सांसद योगेन्द्र चांदोलिया ने किया।

प्रदर्शन को दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा के आलावा, राष्ट्रीय नेताओं तरूण चुघ, दुष्यंत गौतम एवं डा. अल्का गुर्जर, सांसद योगेन्द्र चांदोलिया,कमलजीत सहरावत, रामवीर सिंह बिधूड़ी, प्रवीन खंडेलवाल एवं बाँसुरी स्वराज, प्रदेश महामंत्री श्री विष्णु मित्तल सहित अनेक विधायकों एवं अन्य नेताओं ने सम्बोधित किया। वीरेन्द्र सचदेवा ने अपने संबोधन में कहा कि आजादी के बाद पहली बार देश के प्रधानमंत्री पद पर एक गरीब का बेटा, एक वंचित वर्ग का बेटा पिछले ग्यारह वर्षों से बिना थके, बिना डरे, दिन-रात देश के लिए काम कर रहा है। यह बात नेहरू परिवार को, लालू परिवार को, करुणानिधि को, लेफ्ट को, यानि इस इंडी ठगबंधन को बर्दास्त नहीं है।

भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुघ ने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता के रुप में आज दिल्ली की आवाज सड़कों पर उतरी है और ये आवाज राहुल गांधी ही नहीं आज पूरे उन कांग्रेसियों तक पहुंच रही है जिन्होंने कभी देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को अमर्यादित शब्दों का प्रयोग करने की हिमाकत की है। राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी ने शिशुपाल का रोल अदा की है और आज कांग्रेस पार्टी मानसिक कुंठा में है। दुष्यंत सिंह ने कहा कि जिस प्रधानममंत्री ने देश के कई ऐतिहासिक काम किए, धारा 370 हटाने के अलावा तीन तलाक खत्म करने का ऐतिहा. सिक काम किया।

डॉ अलका गुर्जर ने कहा कि राहुल गांधी के मंच से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की माता को अपशब्द बोलकर सिर्फ उनका ही नहीं बल्कि पूरे मातृशक्ति का अपमान किया है और इस अपमान का बदला बिहार की जनता जरुर लेगी जब चुनाव में कांग्रेस सहित आरजेडी की हार होगी।




दिल्ली प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा के नेतृत्व एवं राष्ट्रीय महामंत्री तरूण चुघ एवं दुष्यंत गौतम तथा राष्ट्रीय मंत्री डा. अल्का गुर्जर की उपस्थिती में दिल्ली भाजपा के कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं उनकी दिवंगत माता के प्रति अभद्र भाषा के प्रयोग पर प्रदर्शन करते हुए।

## शूटर हथियारों के साथ पकड़ा

**नई दिल्ली।** गैंगस्टर रोहित चौधरी गैंग के शूटर मेहताब अली को अपराध शाखा ने पिस्टल और दो कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि एसीपी गिरीश कौशिक की देखरेख में इंस्पेक्टर विजय पाल दहिया के निर्देशन में पुलिस टीम ने घोड़ा पार्क, मालवीय नगर के पास से गिरफ्तार किया। पूछताछ से पता चला कि मेहताब अली एक आदतन अपराधी है और हत्या के प्रयास और शस्त्र अधिनियम के उल्लंघन सहित पाँच अन्य आपराधिक मामलों में संलिप्त है। वह रोहित चौधरी गिरोह का भी सक्रिय सदस्य है।

## धमकी देकर लूटने वाले बदमाश पकड़े

**नई दिल्ली।** बुध विहार इलाके में महिला को चाकू मारने क धमकी देकर लूटपाट करने वाले दो बदमाशों भावेश कुमार कालरा और दीपक उर्फ जूडी को अपराध शाखा ने गिरफ्तार किया है। आरो. पियों के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल चाकू और फोन बरामद किया है। दोनों आरोपी पहले भी रोहिणी जिले में अलग-अलग हत्या के मामलों में शामिल रहे हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीते 21 अगस्त को सवा दस बजे जब बुध विहार फेज-1 में रहने वाली रेखा घर के सामने सबमर्सिबल से पानी भर रही थी।

## चोरी के वाहन के साथ बदमाश धरा

**नई दिल्ली।** पटपड़गंज इंडस्ट्रियल थाना पुलिस ने चोरी के वाहन के साथ एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। इसके कब्जे से चोरी किया गया एक मालवाहक टेंपो बरामद हुआ है। बदमाश की पहचान वेस्ट विना. ेद नगर निवासी दिलीप सरकार के रूप में हुई है। पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त अभिषेक धानिया के अनुसार, 26 अगस्त को वाहन चोरी की शिकायत मिली। बयान के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस ने घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज की मदद से बरामद कर लिया।

## मेट्रो में सामान चुराने वाले महिला गिरोह का भंडाफोड़

**नई दिल्ली।** नेहरू प्लेस मेट्रो पुलिस ने चार महिलाओं को गिरफ्तार करते हुए मेट्रो में व्यस्त समय के दौरान यात्रियों का सामान चुराने वाले एक महिला गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने उनके पास से चोरी की गई नकदी भी बरामद की है। मेट्रो पुलिस के अनुसार, महिला आरोपियों की पहचान शादीपुर कठपुतली कॉलोनी निवासी लक्ष्मी उर्फ ज्योति, संजना, संध्या और जाह्नवी के रूप में हुई है। राजेंद्र चौहान ने गुरुवार को मेट्रो पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। लाजपत नगर और मजलिस पार्क स्टेशनों के बीच यात्रा करते समय यात्री राजेंद्र के बैग से नकदी चोरी हो गईथी।


**त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ -2025**

आगामी त्यौहारों के दौरान रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु उत्तर रेलवे द्वारा त्यौहार विशेष रेलगाडियाँ नीचे दी गई समय-सारणी के अनुसार संचालित की जाएंगीः-

**04450/04449 नई दिल्ली-दरभंगा जं.-नई दिल्ली आरक्षित त्यौहार विशेष एक्सप्रेस (प्रतिदिन) | 122 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04450 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04449 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 15:10 | नई दिल्ली | 23:00 | --- |
| 16:30 | --- | दरभंगा जं. | --- | 18:15 |

**चलने के दिन: 04450 नई दिल्ली से** दिनांक 20.09.2025 से 15.10.2025 एवं 27.10.2025 से 30.11.2025 तक (प्रतिदिन) और **04449 दरभंगा जं. से** दिनांक 21.09.2025 से 16.10.2025 एवं 28.10.2025 से 01.12.2025 तक (प्रतिदिन)

**स्थान:** शयनयान एवं सामान्य

**ठहराव:** गाजियाबाद, अलीगढ़ जं., कानपुर सेंट्रल, उन्नाव जं., ऐशबाग, बादशाहनगर, गोंडा जं., गोरखपुर जं., देवरिया सदर, सीवान जं., छपरा, सोनपुर, हाजीपुर जं., मुजफ्फरपुर जं. एवं समस्तीपुर जं. स्टेशन।

**04454/04453 नई दिल्ली-मानसी जं.-नई दिल्ली आरक्षित त्यौहार विशेष एक्सप्रेस (प्रतिदिन) | 122 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04454 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04453 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 20:00 | नई दिल्ली | 03:00 | --- |
| 23:30 | --- | मानसी जं. | --- | 01:10 |

**चलने के दिन: 04454 नई दिल्ली से** दिनांक 20.09.2025 से 15.10.2025 एवं 27.10.2025 से 30.11.2025 तक (प्रतिदिन) और **04453 मानसी जं. से** दिनांक 22.09.2025 से 17.10.2025 एवं 29.10.2025 से 02.12.2025 तक (प्रतिदिन)

**स्थान:** शयनयान एवं सामान्य

**ठहराव:** गाजियाबाद, अलीगढ़ जं., टुण्डला जं., इटावा जं., कानपुर सेंट्रल, उन्नाव जं., ऐशबाग, बादशाहनगर, बाराबंकी जं., गोंडा जं., बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर जं., देवरिया सदर, सीवान जं., छपरा, सोनपुर, हाजीपुर जं., शाहपुर पटोरी, बरौनी जं., बेगूसराय और खगड़िया जं. स्टेशन।

**04456/04455 नई दिल्ली-धनबाद जं.-नई दिल्ली आरक्षित त्यौहार विशेष एक्सप्रेस (प्रतिदिन) | 122 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04456 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04455 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 22:40 | नई दिल्ली | 06:00 | --- |
| 02:20 | --- | धनबाद जं. | --- | 04:00 |

**चलने के दिन: 04456 नई दिल्ली से** दिनांक 20.09.2025 से 15.10.2025 एवं 27.10.2025 से 30.11.2025 तक (प्रतिदिन) और **04455 धनबाद जं. से** दिनांक 22.09.2025 से 17.10.2025 एवं 29.10.2025 से 02.12.2025 तक (प्रतिदिन)

**स्थान:** शयनयान एवं सामान्य

**ठहराव:** गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, आलमनगर, उतरेटिया जं., रायबरेली जं., अमेठी, मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., भदोही, वाराणसी, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑनसोन, अनुग्रह नारायण रोड, गया जं., कोडरमा, हजारीबाग रोड, पारसनाथ और नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जं. गोमो स्टेशन।

**04458/04457 आनन्द विहार(टर्मि.)-भागलपुर-आनन्द विहार(टर्मि.) आरक्षित त्यौहार विशेष एक्स. (प्रतिदिन) | 122 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04458 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04457 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 13:40 | आनन्द विहार(टर्मि.) | 22:00 | --- |
| 14:30 | --- | भागलपुर | --- | 18:00 |

**चलने के दिन: 04458 आनन्द विहार(टर्मि.) से** दिनांक 20.09.2025 से 15.10.2025 एवं 27.10.2025 से 30.11.2025 तक (प्रतिदिन) और **04457 भागलपुर से** दिनांक 21.09.2025 से 16.10.2025 एवं 28.10.2025 से 01.12.2025 तक (प्रतिदिन)

**स्थान:** शयनयान एवं सामान्य

**ठहराव:** गाजियाबाद, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा, पटना जंक्शन, पटना साहिब, फतुहा, खुसरूपुर, बख्तियारपुर जंक्शन, बाढ़, मोकामा, हाथीदा जंक्शन, बड़हिया, लक्खीसराय जंक्शन, किऊल जंक्शन, कजरा, अभयपुर, धरहरा, जमालपुर जंक्शन, बरियारपुर और सुल्तानगंज स्टेशन।

**04016/04015 आनन्द विहार(टर्मि.)-सीतामढ़ी-आनन्द विहार(टर्मि.) आरक्षित त्यौहार विशेष एक्स. (प्रतिदिन) | 122 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04016 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04015 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 15:30 | आनन्द विहार(टर्मि.) | 18:15 | --- |
| 15:00 | --- | सीतामढ़ी | --- | 16:30 |

**चलने के दिन: 04016 आनन्द विहार(टर्मि.) से** दिनांक 20.09.2025 से 15.10.2025 एवं 27.10.2025 से 30.11.2025 तक (प्रतिदिन) और **04015 सीतामढ़ी से** दिनांक 21.09.2025 से 16.10.2025 एवं 28.10.2025 से 01.12.2025 तक (प्रतिदिन)

**स्थान:** 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य

**ठहराव:** गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ जं., गोण्डा जं., गोरखपुर जं., कप्तानगंज जं., सिसवा बाजार, बगहा, हरिनगर, नरकटियागंज जं., सिकटा, रक्सौल जं. एवं बैरगनियां स्टेशन।

**09639/09640 मदार जं.-रोहतक जं.-मदार जं. आरक्षित त्यौहार विशेष एक्सप्रेस (प्रतिदिन) | 60 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 09639 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 09640 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 04:30 | मदार जं. | 22:35 | --- |
| 12:50 | --- | रोहतक जं. | --- | 13:20 |

**चलने के दिन: 09639 मदार जं. से** और **09640 रोहतक जं. से** दिनांक 01.09.2025 से 30.09.2025 तक (प्रतिदिन)।

**स्थान:** सामान्य

**ठहराव:** किशनगढ़, नरेना, फुलेरा जं., रेनवाल, बधाल, रींगस जं., श्रीमाधोपुर, कांवट, भगेगा, नीम का थाना, मांवड़ा, डाबला, निजामपुर, नारनौल, अटेली, कुण्ड, रेवाड़ी जं., गोकलगढ़, झज्जर और अस्थल बोहर जं. स्टेशन।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय-सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

पर हमें फॉलो करें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**
आपकी सुविधा-हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें


# पीडब्लूडी कराएगा रिंग रोड पर व्यवहार्यता अध्ययन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** रिंग रोड (महात्मा गांधी मार्ग) पर लोगों को जाम से राहत दिलाने के लिए लोक निर्माण विभाग ने विस्तृत व्यवहार्यता अध्ययन शुरू करने का निर्णय लिया है। इससे यहां लगने वाले जाम की उलझन सुलझेगी। इसके लिए 17.69 करोड़ रुपये की लागत वाली कंसल्टेंसी सेवाओं के लिए निविदा जारी की गई है।

रिंग रोड का महत्व इस बात से समझा जा सकता है कि यह दिल्ली के लगभग हर बड़े इलाके को आपस में जोड़ता है। यह मार्ग एम्स, आश्रम, सराय काले खां, लाजपत नगर, पंजाबी बाग जैसे प्रमुख जंक्शनों से होकर गुजरता है। इस पर रोजाना लाखों वाहन चलते हैं और भारी भीड़ के कारण अक्सर लंबा जाम लगता है। यही वजह है कि सरकार ने इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए कंसल्टेंट नियुक्त करने का फैसला किया है। निविदा दस्तावेज के अनुसार, चयनित कंसल्टेंट को कई स्तरों पर विस्तृत कार्य करना होगा। इनमें यातायात सर्वेक्षण, सड़क डिजाइन, जियो-टेक्निकल जांच, पर्यावर णीय और सामाजिक प्रभाव आकलन शामिल हैं। साथ ही, तीन वैकल्पिक योजनाएं, 3डी वॉकथ्रु और लागत-लाभ विश्लेषण भी तैयार करना होगा। इसके अलावा सड़कों के चौड़ीकरण, अंडर पास, फ्लाई ओवर और अन्य संरचनाओं के विकल्प भी देखे जाएंगे ताकि यातायात प्रवाह बेहतर हो सके।

रिंग रोड पर सबसे बड़ी चुनौती जंक्शनों और इंटरसेक्शनों पर लगने वाला जाम है। विशेषकर आश्रम, धौलाकुआं, सराय काले खां, भैरो मार्ग और नारायणा जैसे पॉइंट्स पर रोजाना लंबा इंतजार करना पड़ता है। विशेषज्ञों के अनुसार, यदि सही इंजीनियरिंग समाधान लागू किए जाएं तो न केवल यात्रा समय घटेगा बल्कि ईंधन की बचत और वायु प्रदूषण में भी कमी होगी। परियोजना को 210 दिनों यानी सात माह में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए ई-बिड जमा करने की अंतिम तारीख 19 सितंबर है। इससे पहले 3 सितंबर को प्री-बिड मीटिंग रखी गई है। विभाग का कहना है कि व्यवहार्यता अध्ययन रिपोर्ट आने के बाद ही आगे के निर्माण कार्य पर काम किया जाएगा। अगर यह योजना सफल रहती है तो रिंग रोड पर रोजाना घंटों फंसे रहने वाले यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी।

अनुमान है कि इससे यात्रा समय में 30 से 40 प्रतिशत तक की कमी आ सकती है। साथ ही, दिल्ली में प्रदूषण के स्तर को भी कुछ हद तक नियंत्रित करने में मदद मिलेगी। विशेषज्ञ मानते हैं कि रिंग रोड के सुधार से दिल्ली की अर्थव्यवस्था, पर्यावरण और आम नागरिकों की जीवनशैली पर सकारात्मक असर पड़ेगा।

# बेटे ने सुपारी देकर कराई थी पिता की हत्या, हुआ खुलासा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हापुड़ देहात पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन दिन पूर्व ग्राम ततारपुर के जंगल में मिले अज्ञात शव की गुत्थी सुलझा ली है। पुलिस ने इस ब्लाइंड मर्डर का खुलासा करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल चाकू, ईंट तथा हत्या कराने के लिए दिए गए 52,300 रुपये की नकदी भी बरामद की हैं। पुलिस जांच में सामने आया कि मृतक का नाम मनवीर था। मनवीर अपनी जमीन किसी अन्य व्यक्ति के नाम करना चाहता था, जिससे उसका बेटा विशाल नाराज़ था। इसी के चलते विशाल ने अपने पिता की हत्या की साजिश रच डाली। उसने आरोपी गुड्डू को 12 लाख रुपये की सुपारी देकर अपने पिता की जान लेने का सौदा किया। सुपारी मिलने के बाद गुड्डू और उसके साथियों ने मनवीर की बेरहमी से हत्या कर दी और शव को ततारपुर के जंगल में फेंक दिया। ग्राम ततारपुर में अज्ञात शव मिलने के बाद से ही पुलिस टीम सक्रिय हो गई थी। एसपी हापुड़ के निर्देशन में थाना हापुड़ देहात पुलिस ने लगातार सुराग जुटाए और महज 72 घंटे के भीतर ही पूरे मामले का खुलासा कर दिया। पुलिस के अनुसार हत्या में शामिल चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है। पिता की हत्या में बेटे का नाम सामने आने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। लोग इस वारदात को सुनकर स्तब्ध हैं कि ज़मीन विवाद के चलते बेटे ने अपने ही पिता की सुपारी देकर हत्या करवा दी।



# शॉर्ट सर्किट के कारण मसाला फैक्ट्री में लगी आग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर कोतवाली क्षेत्र के जसरूप नगर में स्थित तीर्थ मसाले की फैक्ट्री में अचानक भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने आग लगने की सूचना दमकल विभाग को दी। जिसके बाद सूचना पर पहुंची दमकल विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

मिली जानकारी के अनुसार शनिवार की शाम नगर कोतवाली क्षेत्र के जसरूप नगर में स्थित तीर्थ मसाले की फैक्ट्री में अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने एक विकराल रूप ले लिया। जैसे ही आग लगने की सूचना आसपास के लोगों को मिली तो लोगों में अफरा-तफरी का माहौल पैदा हो गया। स्थानीय लोगों ने तीर्थ मसाले की फैक्ट्री में आग लगने की सूचना सदमकल विभाग को दी। मसाले की फैक्ट्री में आग लगने की सूचना मिलते ही दमकल



विभाग की टीम भी मौके पर पहुंच गई। दमकल विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। फिलहाल तीर्थ मसाले की फैक्ट्री में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है और आग लगने से लाखों रूपये के नुकसान होने की आशंका जताई जा रही है। फिलहाल मामले की जाँच जारी है।

# थाना धौलाना पुलिस ने ब्लाइंड मर्डर का किया खुलासा

**हापुड़।** थाना धौलाना पुलिस व जनपदीय स्वाट टीम ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए थाना क्षेत्रान्तर्गत तीन दिन पूर्व ग्राम उदयरामपुर के बम्बे में मिले एक अज्ञात महिला के शव की घटना का खुलासा करते हुए दो महिला सहित तीन हत्यारो. पियों को गिरफ्तार किया है। साथ ही घटना में संलिप्त एक बाल अपचारी को हिरासत में लिया है।

शनिवार को एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने प्रेसवार्ता करते हुए बताया कि 27 अगस्त 2025 को थाना धौलाना क्षेत्रांर्तगत ग्राम उदयरामपुर के बम्बे में एक अज्ञात महिला का शव मिला था, सूचना पर तत्काल पुलिस अधिकारियों, फॉरेंसिक टीम व स्थानीय पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया गया था और शव की शिनाख्त कर घटना में संलिप्त आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी और घटना का खुलासा करने के लिए टीमें गठित कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये थे। एसपी ने बताया कि थाना धौलाना पुलिस व जनपदीय स्वाट टीम ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए थाना क्षेत्रान्तर्गत तीन दिन पूर्व ग्राम उदयरामपुर के बम्बे में मिले एक अज्ञात महिला के शव की घटना का खुलासा करते हुए आरोपी विपिन पुत्र कालू यादव निवासी ग्राम नान थाना हाफिजपुर जनपद हापुड़ हालपता सेन बिहार विजयनगर बाईपास थाना रिपब्लिक क्रासिंग जनपद गाजियाबाद, बबली पत्नि स्वर्गीय सोमवीर निवासी ग्राम घतूरी थाना सलेमपुर जनपद बुलन्दशहर हालपता सेन बिहार थाना रिपब्लिक



क्रासिंग जनपद गाजियाबाद, सुमन पत्नि राकेश यादव निवासी ग्राम नान थाना हाफिजपुर जनपद हापुड़ हाल पता सेन बिहार विजयनगर बाईपास थाना रिपब्लिक क्रासिंग जनपद गाजियाबाद और एक बाल अपचारी को उनके मसकन से गिरफ्तार कर उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त मैक्स पिकअप बरामद की है। पुलिस पूछताछ में गिरफ्तार महिला आरोपी बबली ने बताया कि विगत एक वर्ष से मृतका सुशीला के संबंध गौरव निवासी महाराणा बिहार, बिहारीपुरा गाजियाबाद से थे और इसी गौरव के सम्बन्ध मुझसे भी पिछले 5 वर्षों से थे। फिलहाल पुलिस ने महिला का नहर में शव मिलने की घटना का खुलासा करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है।

# हापुड़ में शिक्षकों का आक्रोश चरम पर, छठे दिन भी गूंजे नारे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी की कार्यशैली और कथित भ्रष्टाचार के विरोध में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ का आंदोलन लगातार तेज होता जा रहा है। शनिवार को धरना छठे दिन भी जारी रहा।

धरने में भाकियू टिकैत के जिलाध्यक्ष दिनेश खेड़ा, भ्रष्टाचार उन्मूलन फाउंडेशन से सुभाष त्यागी एवं श्यौराज सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान दिनेश खेड़ा ने स्पष्ट कहा कि यदि बीएसए कार्यालय ने अपनी कार्यप्रणाली में सुधार नहीं किया तो आंदोलन और तेज होगा और इसके गंभीर परिणाम भुगतने पड़ेंगे। उन्होंने कहा कि किसान संगठन पूरी तरह शिक्षकों के साथ खड़ा है। धरना स्थल पर वक्ताओं ने बताया कि शिक्षकों की समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी हापुड़ से सकारात्मक वार्ता हुई है, लेकिन जब तक उनकी मांगों पर लिखित आदेश जारी नहीं हो जाते, आंदोलन जारी रहेगा। इस बीच उपस्थित शिक्षकों ने बीएसए के खिलाफ जमकर नारेबा. जी की और आरोप लगाया कि शिक्षा विभाग में भ्रष्टाचार चरम पर है। धरने में बड़ी संख्या में शिक्षक मौजूद रहे।



# नए कानूनों को लेकर प्रशिक्षण कार्यशाला का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पिलखुवा कोतवाली क्षेत्र के अनवरपुर में स्थित सरस्वती मेडिकल इंस्टिट्यूट ऑफ़ साइंसेज में नए कानूनों को लेकर प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में पुलिस अधिकारियों को नए कानूनों बीएनएस, बीएनएसएस, बीएसए की बारीकियां की जानकारी दी गई। शनिवार को सरस्वती इंस्टिट्यूट ऑफ़ मेडिकल साइंसेज में तीन नए कानून बीएनएसएस यानि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, बीएसए यानि भारतीय साक्ष्य अधिनियम और बीएनएस यानि भारतीय न्याय संहिता के सफल क्रियान्वयन हेतु डा. अरविन्द कुमार वैज्ञानिक अधिकारी विधि विज्ञान प्रयोगशाला निवाडी जनपद गाजियाबाद द्वारा सरस्वती मैडीकल कॉलेज पिलखुवा में कार्यशाला आयोजित कर राजपत्रित अधिकारियों/विवेचकों को संशोधित अधिनियमों के सम्बन्ध में प्रशिक्षण देकर साक्ष्य संकलन/विवेचना सम्बन्धी आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस कार्यशाला में एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह, पिलखुवा सीओ अनीता चौहान, गढ़मुक्तेश्वर सीओ वरुण मिश्रा, हापुड़ सदर सीओ जितेंद्र शर्मा समेत पुलिस अधिक. ारी और कर्मचारी मौजूद रहे।



# हापुड़ में अवैध कॉलोनी विकसित कर रहे भू-माफिया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर क्षेत्र में अवैध कॉलोनीयां विकसित करने का खेल बड़े पैमाने जारी है। भू-माफिया अवैध कॉलोनीयों को विकसित कर बिना किसी डर के करोड़ों रुपये की काली कमाई कर रहे हैं। अवैध प्लाटिंग का तरीका और इसमें शामिल लोग भू-माफिया किसानों से उनकी जमीनें औने-पौने दामों में खरीदते हैं। इसके बाद, वे बिना किसी नक्शा पास कराए या आवासीय प्लाट दर्ज कराए इन जमीनों को छोटे-छोटे भूखंडों में बांटकर लाखों रुपये में बेचते हैं।

हापुड़-पिलखुवा विकास प्राधिकरण द्वारा ध्वस्तीकरण की कारवाई के बाद अवैध प्लाटिंग करने वाले माफिया भोले भाले लोगों को चूना लगाते हुए दोबारा प्लाटिंग करना शुरू कर जमीन बेच देते हैं। नगर में अवैध प्लाटिंग मोदीनगर रोड स्थित दस्तोई रोड़ पर कई इलाकों में यह अवैध प्लाटिंग धड़ल्ले से चल रही है। हापुड़-पिलखुवा विकास प्राधिकरण द्वारा नाममात्र की कार्रवाई से अवैध रूप से प्लाटिंग करने वालों के हौसले बुलंद हैं। शिकायतों के बाद जब प्रशासन पर दबाव पड़ता है, तो कुछ प्लाटों को नोटिस देकर खानापूर्ति कर ली जाती है। हाल ही में विकास प्राधिकरण ने मोदीनगर रोड व दस्तोई रोड़ पर के पास अवैध प्लाटिंग पर नाम मात्र बुलडोजर चलाकर करवाई, लेकिन हैरान करने वाली बात यह है कि वहाँ दोबारा काम शुरू हो गया है। बता दें कि इन अवैध प्लाटिंग का सबसे बड़ा खामियाजा भूखंड खरीदने वाले लोगों को भुगतना पड़ेगा, क्योंकि ये प्लाट न तो नियमानुसार आवासीय दर्ज हैं और न ही इनके पास कोई वैध नक्शा है। भविष्य में इन संपत्तियों को लेकर कानूनी दिक्कतें आ सकती हैं। यह स्थिति हापुड़ में भ्रष्टाचार और अवैध गतिविधियों के बेखौफ होने की ओर इशारा करती है, जहाँ आम जनता को इसका खामियाजा भुगतना पड़ सकता है।

## एक नजर

### लापता हुई पत्नी को खोजने की आड़ में युवक से की हजारों की ठगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** लापता पत्नी की बरामदगी कराने की आड़ लेकर सिंभावली क्षेत्र के युवक से 17 हजार की रकम ठगते हुए उसे गाजियाबाद ले जाकर जबरन तलाकनामे पर हस्ताक्षर भी करा लिए।

सिंभावली क्षेत्र के गांव निवासी युवक ने थाने में तहरीर दी है, जिसमें उल्लेख किया है कि उसकी पत्नी पांच अगस्त को संदिग्धा दशा में घर से लापता हो गई थी। रिश्तेदारी और ससुराल समेत अन्य परिचित स्थानों पर तलाश करने के बाद भी उसका कोई सुराग लग पाना संभव नहीं हो पाया। पीड़ित का कहना है कि इसी दौरान उसे क्षेत्र का एक व्यक्ति मिल गया, जिसने लापता पत्नी का मोबाइल नंबर ट्रैस कराने के नाम पर डेढ़ हजार की रकम ऐंठ ली। पीड़ित का कहना है कि संबंधित व्यक्ति ने पत्नी के मोबाइल की लोकेशन राजस्थान में मिलने की बात कहते हुए गाजियाबाद से पुलिस भेजने के लिए कार के किराए के नाम पर 10 हजार रुपये वसूल लिए। पीड़ित का कहना है कि गाजियाबाद पहुंचने पर 29 अगस्त को संबंधित व्यक्ति अपने तीन साथी और उसकी लापता पत्नी के साथ मिले। जिनमें एक ने खुद को दरोगा बताते हुए जबरन तला. कनामे पर हस्ताक्षर कराकर पांच हजार की रकम ऐंठ ली। संबंधित घटनाक्रम के विषय में जुबान बंद न रखने पर जान से मारने की धमकी भी दे डाली। सीओ वरुण मिश्रा का कहना है कि तहरीर पर मामले की जांच कराई जा रही है, जिसके आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

### हाईवे पर लूट करने के मामले में हुई रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** सिंभावली क्षेत्र अंतर्गत दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर कार सवार व्यापारियों से लाखों रुपये कीमत के कपड़े का सामान लूटने के मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। हालांकि अभी तक बदमाशों का कोई सुराग नहीं लग पाया है। पुलिस का दावा है कि शीघ्र ही घटना का पर्दाफाश कर लिया जाएगा।

जनपद बरेली के के थाना बारादरी क्षेत्र अंतर्गत नवादा शेखवान निकट इमामबाड़ा निवासी वसीम ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए उल्लेख किया है वह शाल, चादर समेत अन्य कपड़ों का कारोबार करता है। 25 अगस्त को वह व्यापारी वाहिद अली, महबूब अली के साथ अपनी कार में लगभग 25 लाख से अधिक का माल लादकर बरेली से दिल्ली बिक्री करने के लिए गए थे। वहां पर बाजार के व्यापारियों से माल के उचित दाम नहीं मिलने पर वह कार से सामान लादकर घर लौट रहे थे। जैसे ही वह सिंभावली क्षेत्र अंतर्गत हाईवे पर पहुंचे तो पीछे से आए कार सवार बदमाशों ने उनकी गाड़ी को ओवरटेक कर गाड़ी को रोक लिया। इसी दौरान आरोपियों ने उनकी गाड़ी का सीशा तोड़कर उसमें रखा संपूर्ण माल को अपनी गाड़ी में लादकर लूट लिया। पीड़ित ने बताया कि आरो. पियों ने उनके साथ अभद्रता करते हुए मारपीट शुरू कर दी। सीओ वरुण मिश्रा ने बताया कि तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है, शीघ्र ही बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### ब्रजघाट गंगा में सैकड़ों नावों का हो रहा संचालन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** ब्रजघाट गंगा में नाव पलटने की घटना होने पर हरकत में आए तहसील प्रशासन ने नावों के संचालन पर पूरी तरह रोक लगाते हुए किसी भी रूप में उल्लंघन होने पर नाव जब्त करने के साथ ही नाविकों पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी।

बाढ़ की स्थिति थमने के बाद भी तीर्थनगरी ब्रजघाट में इन दिनों गंगा का जलस्तर खतरे के निशान की तरफ बढ़ता जा रहा है। जिससे नौकायन का आनंद लेने वालों के साथ ही दिवंगतों की अस्थि विसर्जन करने के दौरान अनहोनी घटना होने का खतरा काफी अधिक बढ़ा हुआ है। शुक्रवार को हरियाणा के झज्जर जिले के गांव झाड़ली से अपनी दिवंगत मां की अस्थि विसर्जन करने आए पांच लोगों से भरी नाव तेज बहाव के साथ पुल के पिलर से टकराकर गंगा में पलटने की घटना होने पर तहसील प्रशासन पूरी तरह चौकन्ना हो गया है। वैसे तो नाव चलाने वाले मल्लाहों ने नाव पलटने से गंगा में डूब रहे पांचों लोगों को सुरक्षित ढंग में बचा लिया था, परंतु इस घटना को लेकर तहसील प्रशासन अब कोई भी ढिलाई बरतने को तैयार नहीं है। एसडीएम श्रीराम यादव ने बताया कि पालिका प्रशासन को कड़ी हिदायत दी गई है कि उफान थमने तक गंगा में किसी भी स्तर पर नावों का संचालन न हो पाए। अगर कोई नाविक मनमानी करता है तो उसकी नाव जब्त करने के साथ ही उसके विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई भी कराई जाए।

# बागड़पुर गावड़ी में कराया तालाब की भूमि को कब्जा मुक्त

**गढ़मुक्तेश्वर।** ब्रजघाट क्षेत्र के गांव बागड़पुर गावड़ी में शनिवार को राजस्व टीम ने गांव में पहुंचकर तालाब की तीन बीघा जमीन पर किए गए अस्थायी अवैध कब्जा को मुक्त कराया है। कब्जाधारकों को चेतावनी दी है कि यदि पुन: कब्जा किया तो प्राथमिकी दर्ज कराई गई। तहसीलदार राहुल कुमार ने बताया कि गांव बागड़पुर गावड़ी में स्थित तालाब की तीन बीघा जमीन पर कुछ लोगों द्वारा अस्थायी रुप अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया था। तालाब पर कब्जा करने की शिकायत उच्च अधिकारियों को आनलाइन मिली। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए उच्च अधिका. रियों के निर्देशन पर राजस्व टीम गठित कर कार्रवाई करने का निर्देश दिए गए। शनिवार को नायाब तहस. ीलदार वेदप्रकाश सोनी के नेतृत्व में राजस्व टीम पुलिस बल के साथ गांव पहुंचे। जेसीबी के माध्यम से अवैध कब्जा को हटवाया गया। कार्रवाई होते देख कुछ लोगों ने अपना कब्जा खुद हटा लिया।

# टूटी सड़क व नाले की समस्या को लेकर पालिका अध्यक्ष से मिले पूर्व सभासद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** बुलंदशहर रोड स्थित मोहल्ला माजिदपुरा में जगह-जगह टूटी हुई सड़क और जर्जर नाले वर्षों से क्षेत्रवासियों के लिए परेशानी बने हुए हैं। इसी समस्या को लेकर वार्ड नंबर 39 के पूर्व सभासद प्रत्याशी इरफान सैफी ने हापुड़ नगर पालिका अध्यक्ष पुष्पा देवी से मुलाकात की और सड़क व नाले के निर्माण की मांग रखी।

पूर्व सभासद प्रत्याशी इरफान सैफी ने बताया कि माजिदपुरा की यह मुख्य सड़क दो वार्डों के बीच आती है, लेकिन आज तक किसी भी सभासद ने इस सड़क के कार्य को लेकर आवाज नहीं उठाई। जबकि इस मार्ग से प्रतिदिन हजारों लोगों का आना-जाना होता है। उन्होंने कहा कि अतीत में भी इस सड़क पर बड़े-बड़े गड्डों के कारण एक मयूरी वाहन पलट गया था, जिसमें कई लोग घायल हो गए थे। वहीं भारी बरसात के दिनों में गली नंबर 9 माजिदपुरा में पानी भरकर तालाब जैसी स्थिति बन जाती है, जिससे स्कूल जाने वाले बच्चों और आमजन को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। आज भी सड़क टूटी हुई है और नाला क्षतिग्रस्त पड़ा है। इसी समस्या को लेकर उन्होंने नगर पालिका अध्यक्ष से मुलाकात कर त्वरित कार्यवाही की मांग की। नगर पालिका अध्यक्ष ने आश्वासन दिया कि जल्द ही बोर्ड मीटिंग में इस सड़क व नाले के कार्य के लिए प्रस्ताव पास कर दिया जाएगा, जिससे माजिदपुरा के लोगों को राहत मिल सके। इस अवसर पर निजाम सैफी मोहम्मद फैसल ताहिर सैफी सोहन चौधरी आदि लोग उपस्थित रहे।



# बाढ़ से प्रभावित ग्रामीणों को राहत सामग्री की गई वितरित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** गंगा में उफान बढ़ने के बीच केंद्रीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष द्वारा हरिद्वार से बड़ी मात्रा में पानी छोड़े जाने की सूचना जारी कर दी गई है, जिससे गंगा नदी में एक बार फिर से बाढ़ आने की आशंका को लेकर गढ़ समेत पडोसी जनपद अमरोहा के तटवर्ती गांवों में रहने वाले ग्रामीणों में बेचौनी बढ़ती जा रही है।

बरसात का सीजन अब अपने अंतिम दौर में चल रहा है, परंतु इसके बाद भी उत्तराखंड के पहाड़ों में झमाझम बारिश और बादल फटने की घटना होने से गंगा मैया का उफान थमने का नाम नहीं ले रहा है। समुद्रतल से 199 मीटर वाले खतरे के निशान से नीचे बह रही गंगा के जलस्तर में फिर से बढ़ोतरी का क्रम चल रहा है। केंद्रीय जल आयोग के गेज अधिकारी आबाद आलम ने बताया कि गढ़ ब्रजघाट गंगा का जलस्तर शुक्रवार के बाद शनिवार को दूसरे दिन भी समुद्रतल से 198. 80 मीटर वाले निशान पर स्थिर बना हुआ है। परंतु केंद्रीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष द्वारा हरिद्वार से बड़ी मात्रा में पानी छोड़े जाने की जो चेतावनी जारी की है, उससे गंगा में एक बार फिर से बाढ़ आने की आशंका को लेकर खादर क्षेत्र में रहने वाले परिवारों में काफी बेचौनी बढ़ गई है। करीब तीन सप्ताह पहले बाढ़ आने के दौरान गढ़ के खादर क्षेत्र से जुड़े हजारों हेक्टेयर जंगल के साथ ही करीब 20 गांवों को पानी ने अपनी चपेट में ले लिया था। जिससे आम जनजीवन पूरी तरह पटरी से उतरने के साथ ही संबंधित गांवों का संपर्क अन्य स्थानों से पूरी तरह कट गया था।



# श्रीमद्भागवत कथा में भक्ति का अद्भुत उत्सव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** शैलेश फार्म कॉलोनी में चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का छठा दिन भक्तिमय माहौल और कृष्ण प्रेम से सराबोर रहा। कथा व्यास आचार्य जयप्रकाश शास्त्री के ओजस्वी वाणी से भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं और दिव्य प्रसंगों का ऐसा वर्णन हुआ कि पूरा कथा पंडाल हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की के जयकारों से गूंज उठा।

कथा के आरंभ में आचार्य ने नंदबाबा के भावपूर्ण प्रेम का वर्णन किया, जब वे नंद भवन लौटकर भगवान श्रीकृष्ण के जन्म का आनंद मनाने के लिए अनेक प्रकार के वस्त्र, आभूषण और दान सामग्री का वितरण करते हैं। उन्होंने समझाया कि भगवान अपने भक्तों का हमेशा सम्मान और संरक्षण करते हैं। उन्होंने भक्तों को यह भी आश्वासन दिलाया कि जब कोई भक्त पूर्ण श्रद्धा से भगवान की शरण में आता है, तो उसे किसी भी प्रकार का भय नहीं रहता।



# रक्षा उत्पादन में अग्रणी भूमिका निभा रहा यूपीः योगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** भारत सरकार के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह एवं उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने नोएडा सेक्टर-81 में स्थित रेफी एम फाईबर प्रा0लि0 कम्पनी की रक्षा उपकरण एवं इंजन टेस्ट फैसिलिटी का लोकार्पण किया। भारत के माननीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह जी ने इस दौरान अपने संबोधन में कहा कि कंपनी द्वारा स्थापित की गई यह इकाई देश की सबसे बड़ी रक्षा उपकरण एवं ड्रोन निर्माण इकाई है। उन्होंने कंपनी के सीईओ एवं चेयरमैन के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि "आत्मनिर्भर भारत का मजबूत स्वरूप अब नोएडा में भी दिखाई दे रहा है। आने वाले समय में नोएडा देश की प्रगति में और अधिक सशक्त भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि यह कंपनी 2017 में मात्र 10 सदस्यों से शुरू हुई थी और आज 600 से अधिक युवा इंजीनियर इसमें कार्यरत हैं। आने वाले समय में यह इकाई 5000 से अधिक युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराएगी। प्रदेश की प्रगति का उल्लेख करते हुए मा0 रक्षा मंत्री ने कहा कि एक समय था जब उत्तर प्रदेश में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस की स्थिति कमजोर थी तथा कानून व्यवस्था भी संतोषजनक नहीं थी। उद्यमियों को अपने उद्योग स्थापित करने में अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। परंतु मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में प्रदेश ने नए युग की ओर कदम बढ़ाया है और आज कानून व्यवस्था की नई पहचान के साथ निवेशकों के लिए सबसे पसंदीदा प्रदेश बन गया है।




रक्षा मंत्री ने वर्तमान समय में ड्रोन की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज की परिस्थितियों में ड्रोन को युद्ध नीति में शामिल करना अनिवार्य हो गया है। उन्होंने कहा कि "देश का भविष्य नवाचार के हाथों में है। भारत ने मेडिकल, कृषि और आईटी क्षेत्र में उल्लेखनीय पहचान बनाई है। उन्होंने बताया कि हाल ही में संपन्न ऑपरेशन सिंदूर में रेफी एम फाईबर और डीआरडीए द्वारा निर्मित तीन उपकरणों का सफलतापूर्वक उपयोग किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि संकल्प, साहस और विज्ञान के मेल से असंभव भी संभव हो सकता है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि 21वीं सदी में वही देश विश्व शक्ति बनेंगे जो नवाचार, तकनीक और संस्कृति का समन्वय करेंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने इस अवसर पर अपने उद्बोधन में कहा कि शस्त्र और शास्त्र के समन्वय से ही राष्ट्र मजबूत होता है और यूपी रक्षा उत्पादन में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि यह नोएडा को डिफेंस हब के रूप में स्थापित करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा, जो राष्ट्रीय सुरक्षा को नई ऊंचाई देगा। आज की बढ़ती हुई चुनौतियों को देखते हुए रक्षा क्षेत्र में इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर का सामना करने के लिए अत्याधुनिक ड्रोन निर्माण के साथ एयरक्राफ्ट इंजन एंड डिफेंस एयरोस्पेस टेस्ट फेसिलिटी विकसित की गई है। पहले हमें दुनिया पर निर्भर रहना पड़ता था, डाटा कैप्चर कर दुश्मन हमें पंगु बनाने की कोशिश करता था, अब ऐसा नहीं होगा।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि 1947 से भारत विभिन्न युद्धों का सामना करता रहा है। प्रत्येक युद्ध का पैटर्न बदलता रहा है। ऑपरेशन सिंदूर ने युद्ध के एक नए दौर में प्रवेश किया, जिसने भारत के सामर्थ्य का एहसास दुनिया को कराया। लेकिन इसने हमें भविष्य की चुनौतियों से जूझने की प्रेरणा भी दी। हम सभी जानते हैं कि ताकत हो तो दुनिया नतमस्तक होती है। उन्होंने गुरु द्रोणाचार्य का जिक्र करते हुए कहा कि जब उनसे पूछा गया कि आप शस्त्र क्यों धारण कर रहे हैं, तो उन्होंने कहा- अग्रतरू चतुरो वेदाः पृष्ठतः सशरं धनुः। शस्त्रेण रक्षिते राष्ट्रे शास्त्र चिंता प्रवर्तते। शस्त्र और शास्त्र के बेहतर समन्वय से राष्ट्र शक्तिशाली होता है। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप ने भी कहा था- वीर भोग्या वसुंधरा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि रक्षा के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश पहले से समृद्ध रहा है। यहां 9 ऑर्डिनेंस फैक्ट्री पहले से कार्यरत हैं, जो रक्षा उत्पादन में योगदान दे रही हैं। 04 डिफेंस पीएसयू उत्तर प्रदेश में पहले से मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और मा0 रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह जी ने देश की चुनौतियों को देखते हुए दो नए डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग केंद्र दिए, जिसमें एक यूपी को मिला। हम 6 नोड्स- अलीगढ़, आगरा, कानपुर, लखनऊ, झांसी और चित्रकूट में विकास कर रहे हैं। अब तक 12.5 हजार एकड़ लैंड उपलब्ध कराई गई है। जितनी भी सुविधा चाहिए, यूपी सरकार उपलब्ध कराएगी। उन्होंने कहा कि मा0 रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ब्रह्मोस मिसाइल का केंद्र लखनऊ में बनाया है। अब लखनऊ ब्रह्मोस मिसाइल के रूप में भी जाना जाता है। लखनऊ की मुस्कुराहट तब तक अधूरी थी, जब तक मिसाइल की गूंज दुश्मन के कानों तक न पहुंचे। ऑपरेशन सिंदूर में ब्रह्मोस ने अपनी क्षमता दिखाई। उत्तर प्रदेश में इसी तरह डीडीएल का केंद्र का झांसी में केन्द्र बनाने के साथ ही मैन्यूफैक्विरिंग का कार्य भी प्रारम्भ हो गया है, ए0के0 203 अमेठी में इसका निर्माण का कार्य चल रहा है और वेब्ले स्कॉट का हरदोई में कार्य प्रगति पर है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने ड्रोन प्रदर्शनी का दौरा किया, जहां विभिन्न प्रकार के ड्रोन के मॉडल और उनकी क्षमताओं का प्रदर्शन किया गया।

इस अवसर पर रेफी एम फाईबर के चौयरमेन विकास मिश्रा ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि भारत तेजी से रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन रहा है और अत्याधुनिक तकनीक आधारित निर्माण से मेक इन इंडिया अभियान को नई गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि कंपनी का लक्ष्य है कि वर्ष 2030 तक ऐसे अत्याधुनिक उपकरण और तकनीक विकसित कर ली जाएगी, जिससे हमारे देश की यशस्वी प्रधानमंत्री जी एवं उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री जी को किसी दूसरे देश से फाइटर प्लेन लेने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि इस नई यूनिट और टेस्ट फैसिलिटी से देश की सामरिक शक्ति और अनुसंधान क्षमताओं में वृद्धि होगी, साथ ही युवाओं के लिए रोजगार और नवाचार के अवसर भी उपलब्ध होंगे। उन्होंने कहा कि सन 2017 में 10 सदस्यों के साथ इस कंपनी का शुभारंभ किया गया था और आज 600 से ज्यादा वैज्ञानिक, शोधकर्ता, इंजीनियर और क्षेत्र विशेषज्ञ इसमें कम कर रहे हैं। अब हम प्रत्येक महीने 150 से ज्यादा अधिक ऊंचाई वाले लॉजिस्टिक्स ड्रोन और 300 छोटे यूएवी तक बना रहे हैं।

इस दौरान सांसद डॉक्टर महेश शर्मा, मा0 राज्यसभा सांसद सुरेंद्र नागर, मा0 जिला पंचायत अध्यक्ष अमित चौधरी, विधायक नोएडा पंकज सिंह, विधायक दादरी तेजपाल नागर, माननीय विधान परिषद सदस्य नरेंद्र भाटी, अन्य जनप्रतिनिधि गण, सीडीएस जनरल अनिल चौहान, रक्षा सचिव राजेश कुमार, रक्षा उत्पादन सचिव संजीव कुमार, पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह, मुख्य कार्यपालक अधिकारी नोएडा प्राधिकरण लोकेश एम, मुख्य कार्यपालक अधिकारी ग्रेटर नोएडा रवि एनजी, मुख्य कार्यपालक अधिकारी यमुना विकास प्राधिकरण राकेश कुमार सिंह, जिलाधिकारी मेधा रूपम, प्रशासन एवं पुलिस विभाग के तथा रक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद रहे।

# निक्की-विपिन की फैमिली के बीच इंस्टाग्राम वॉर

## रील पोस्ट कर कह रहे- मैं बेकसूर, न्याय का इंतजार; नोएडा में जलकर हुई थी मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा की निक्की को 21 अगस्त को जलाकर मारा गया या फिर उसने खुद आग लगाई। पुलिस इस सवाल का जवाब तलाश कर रही है। गवाहों और सबूतों के आधार पर जांच चल रही है।

इस बीच निक्की की बहन कंचन और विपिन के परिवार की ओर से सोशल मीडिया पर एक वॉर शुरू हो चुका है। 22 अगस्त के बाद से दोनों ही पक्ष एक-दूसरे पर आरोप लगा रहे है। जबकि अपने आपको बेगुनाह बता रहे है। विपिन के इंस्टाग्राम से परिवार और दोस्त, निक्की के पुराने रील लगाकर खुद को बेगुनाह होने की बात कह रहे हैं। जबकि कंचन भी इसी तरह की रील बनाकर और कमेंट लिखकर लोगों की सहानुभूति जुटाने की कोशिश कर रही है। हालांकि कंचन अब मीडिया के सामने नहीं आ रही है।

**आठ दिन में कंचन के फालोअर्स 90 हजार हुए:** 21अगस्त को निक्की की मौत के बाद से आठ दिन में ही कंचन के फालोअर्स 34 हजार से बढ़कर 90 हजार पहुंच गए है। कंचन निक्की की मौत के बाद से दस दिन में अब तक 66 से ज्यादा पोस्ट कर चुकी है। इंस्ष्टाग्राम पर डाले गए पोस्टों में निक्की को इंसाफ दिलाने और ससुरालवालों को सजा दिलाने की बातों का जिक्र है।

जब निक्ष्की की मौत हुई थी तब से कंचन का इंस्ष्टाग्राम अकाउंट एक्टिव है और वह लगातार पोस्ट कर रही है। एक और इंस्टाग्राम NIKKI-BHATI-VIPIN है। जिसमें भी निक्की को इंसाफ दिलाने की गुहार लगाई जा रही है।

**कंचन के इंस्टाग्राम से न्याय की मांग करते पोस्टः** हम अपनी बहन निक्की के लिए न्याय चाहते है। अब और क्या सबूत चाहिए कानून को अब तक कुछ नहीं हुआ है। जस्टिस निक्की बहन, विपिन की चौट का पोस्ट किया गया जिस पर लिखा अब आगे मत बोलना बुरा। विपिन भाटी हत्यारा नहीं है कल जब आप की बहन के साथ ऐसा होगा तब आप को पता चलेगा।

**विपिन के इंस्टाग्राम से आठ दिन में 28 पोस्टः** वहीं विपिन के परिवार और मित्रों की ओर से VIPIN-BHATI-GUJJAR नाम से एक इंस्टाग्राम बनाया गया। इस इंस्टा में निक्की की मौत के बाद से 28 पोस्ट किए गए है। इस इंस्टा पर कहा गया है कि विपिन निक्की से कितना प्यार करता था। इस बारे में ज्यादातर पोस्ट किए जा रहे है। इसके अलावा विपिन को बेगुनाह साबित करने वाले वीडियो पोस्ट किए जा रहे है। ताकि लोग देखें और असलियत सामने आ सके। विपिन का इंस्टाग्राम अकाउंट उसके दोस्त और परिवार वाले चला रहे हैं। क्योंकि घटना के दूसरे दिन से विपिन जेल में है।

विपिन के इंस्टाग्राम से किए गए पोस्ट ( पिछले 12 घंटे में ) 1.5 लाख का आईफोन, लग्जरी लाइफ और ड्रेसअप देखकर आपको लगता है निक्की 9 साल से परेशान थी! निक्की के पापा का अब गला क्यो सूखने लगा है! ऐसा षडयंत्र रचा कि बाप से बच्चों को अलग कर दिया! कंचन कहां छिपकर बैठ गई! पहले की तरह उसके बयान क्यों नहीं आ रहे

**जानिए पूरा मामलाः** ग्रेटर नोएडा में निक्की नाम की युवती की शादी के 9 साल बाद जिंदा जलकर मौत हो गई। उसको जलाने के आरोप में पति विपिन समेत 4 ससुराल वाले जेल में हैं। आरोप है कि पति निक्की पर अपने मायकेवालों से 35 लाख रुपए लाने का दबाव बना रहा था, लेकिन उसने मना कर दिया था। इसके बाद निक्की के पति और सास ने उसे लात-घूसों से पीटा था। आरोप है कि इसके बाद पति ने निक्की पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी। निक्की की बहन कंचन ने उसे बचाने और वीडियो बनाने की कोशिश की तो उसे भी पीटा गया। वीडियो में निक्की छटपटाते हुए सीढ़ियों से नीचे की ओर भागती दिख रही है। उसकी चीख सुनकर पड़ोसी पहुंचे। कंबल डालकर आग बुझाई और उसे फोर्टिस अस्पताल लेकर गए। डॉक्टरों ने महिला की हालत देखते हुए दिल्ली के अस्पताल रेफर कर दिया। 22 अगस्त को निक्की की मौत हो गई।

# जेल में बंद हत्यारोपी विपिन

**■ उसके परिजन अन्य कैदियों से बना रहे दूरी मां बेवक्त खा रही खाना**

**नोएडा।** सिरसा गांव के निक्की हत्याकांड मामले में परिजनों ने शुक्रवार को पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह से केस को फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलाने की मांग की। पुलिस आयुक्त ने आश्वासन दिया कि मामले में सख्त कार्रवाई की जाएगी। किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस आयुक्त ने कहा कि मामले की विवेचना अंतिम चरण में है। जल्द ही कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की जाएगी।

इसके बाद सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में कराई जाएगी। वहीं जेल में बंद विपिन, उसके माता-पिता और भाई अन्य कैदियों से दूरी बनाकर रह रहे हैं। पिछले दिनों जेल में आरोपियों से मिलने के लिए उनके रिश्तेदार भी पहुंचे थे। जेल प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार, विपिन की मां की दया खाना भी समय पर नहीं खा रही है। मुख्य आरोपी उसके माता-पिता और भाई दूसरे कैदियों से ज्यादा बात नहीं करते हैं।

निक्की के पिता भिखारी सिंह ने पुलिस आयुक्त से बच्चों का दाखिला एनटीपीसी स्थित डीपीएस में कराने की मांग की। अभी निक्की और कंचन के बच्चे सिरसा स्थित स्कूल में पढ़ते हैं। पुलिस आयुक्त ने परिजनों को भरोसा दिलाया कि न्याय की प्रक्रिया में किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होगी। निक्की के परिजनों ने कहा कि उनकी बेटी की हत्या ने पूरे परिवार को तोड़कर रख दिया है। उन्हें भरोसा है कि पुलिस और अदालत से उन्हें न्याय मिलेगा।

**पुलिस समय से पहले जमा करेगी चार्जशीटः** सिरसा गांव में निक्की की हत्या मामले में पुलिस 90 दिन से पहले न्यायालय में चार्जशीट दाखिल करने की तैयारी में जुटी है। आरोप है कि सिरसा गांव में 21 अगस्त की शाम विवाहिता निक्की की जलाकर हत्या की गई थी। निक्की की बहन कंचन की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पति विपिन भाटी, जेठ रोहित, सास दया और ससुर सत्यवीर के खिलाफ केस दर्ज किया था। सभी आरोपियों को जेल भेजा जा चुका है।

**जमानत के लिए कोर्ट जाने की तैयारी में आरोपीः** आरोपियों ओर से सोमवार को जमानत के लिए कोर्ट में अर्जी दाखिल की जा सकती है। आरोपियों के परिजन वकील से संपर्क कर रहे हैं। उधर पुलिस भी केस डायरी के लिए मजबूत साक्ष्य जुटा रही है ताकि आरोपी की जमानत न मिले। विपिन के अधिवक्ता ने बताया कि आगामी सप्ताह जमानत अर्जी दाखिल की जाएगी।

# दो दिनों में डेंगू के 14 नए मरीज मिले

**नोएडा।** मलेरिया विभाग ने दो दिनों में डेंगू के 14 नए मरीजों की पुष्टि की। सभी मरीजों की निगरानी शुरू कर दी गई है। शनिवार को कई स्थानों पर निरीक्षण और दवाओं का छिड़काव भी कराया गया। जिले में अब डेंगू के मरीजों की संख्या बढ़कर 76 हो गई है। अगस्त से मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। मलेरिया विभाग की टीम ने मरीजों से संपर्क कर उनकी सेहत की जानकारी ली। साथ ही, उनके घरों और आसपास दवाओं का छिड़काव कराया। इन मरीजों में से एक 14 वर्षीय किशोरी भी डेंगू पॉजिटिव थी, जो चार दिनों में स्वस्थ हो चुकी है। इस किशोरी को मामूली बुखार आया था, लेकिन डेंगू जांच पॉजिटिव आई थी। प्लेटलेट्स काउंटर एक लाख से नीचे नहीं आया। बावजूद मलेरिया विभाग की टीम ने अभिभावक से किशोरी को आराम करने की सलाह दी है, क्योंकि वह स्कूल भी जा रही है।

# केंद्रीय मंत्री अश्वनी वैष्णव ने किया टैम्परेड ग्लास मैन्युफैक्चरिंग यूनिट का उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा में ऑप्टिमस इंफ्राकॉम लिमिटेड के टैम्परेड ग्लास मैन्युफैक्चरिंग यूनिट का उद्घाटन शनिवार को इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी केंद्रीय मंत्री अश्वनी वैष्णव ने किया। भारत की "मेक इन इंडिया" पहल में योगदान करने की दिशा में कॉर्निंग द्वारा निर्मित टेम्पर्ड ग्लास बनाने वाला यह भारत का पहला संयंत्र है। अब तक टैम्परेड ग्लास इंपोर्ट होते थे। मेक इन इंडिया प्रोग्राम के तहत इनका निर्माण अब भारत के नोएडा में किया जाएगा।

इस विनिर्माण संयंत्र का उद्घाटन करते हुए अश्विनी वैष्णव ने कहा कि "हमें ऑप्टिमस और कॉर्निंग के बीच यह साझीदारी और आज उत्पादन शुरू होता देख प्रसन्नता हो रही है। भारत में कंपोनेंट्स के लिए संपूर्ण पारितंत्र तेजी से विकसित हो रहा है। पिछले 11 वर्षों में इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण छह गुना बढ़ा है और करीब 3.5 लाख करोड़ रुपये के निर्यात के साथ आज यह 11.5 लाख करोड़ रुपये का उद्योग है। यह एक शानदार उपलब्धि है और प्रधानमंत्री के विजन का एक प्रमाण है। कदम दर कदम हमारी योजना निकट भविष्य में भारत में मोबाइल उपकरणों में इस्तेमाल होने वाले प्रत्येक कंपोनेंट का यहां विनिर्माण करने की है। हम भारत में अनुसंधान और विकास को भी प्रोत्साहन देते हैं और एक वैश्विक ताकत बनने की दिशा में काम कर रहे हैं। आज टेंपर्ड ग्लास विनिर्माण संयंत्र में परिचालन शुरू होने के साथ हम जल्द ही "मेड इन इंडिया" चिप्स भी देखेंगे। इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण उद्योग बढ़िया आकार ले रहा है और वर्तमान में यह करीब 25 लाख नौकरियों का सृजन करता है।



इस अवसर पर, ऑप्टिमस इंफ्राकॉम लिमिटेड के चेयरमैन अशोक कुमार गुप्ता ने कहा कि यह भारतीय इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण उद्योग और मेक इन इंडिया विजन के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है। विश्व के सबसे बड़े मोबाइल फोन बाजारों में से एक होने के बावजूद भारत टेंपर्ड ग्लास के लिए आयात पर निर्भर है। इस पहल के साथ हम सर्वोत्तम गुणवत्ता के उत्पादों के साथ भारतीय एवं अंतरराष्ट्रीय बाजारों को सपोर्ट करने के लिए वैश्विक स्तर की क्षमताएं विकसित करने की संभावना तलाश रहे हैं। हमारी आकांक्षा है कि प्रत्येक भारतीय मोबाइल फोन यूजर अपने स्क्रीन की सुरक्षा के लिए बीआईएस प्रमाणन और फॉग मार्किंग के साथ मेड इन इंडिया टेंपर्ड ग्लास का उपयोग करे।

उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान इंडिया सेलुलर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स एसोसिएशन (आईसीईए) के चेयरमैन पंकज मोहिंद्रू सहित अन्य मौजूद रहें।

# सपा-भाकियू समेत कई विपक्षी नेता किए गए नजरबंद

**नोएडा।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और सीएम योगी आदित्यनाथ एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए नोएडा पहुंचे। ऐसे में नोएडा पुलिस ने कई विपक्षी नेताओं को नजरबंद कर लिया है। पुलिस के अनुसार, सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है।

समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष आश्रय गुप्ता अपने कार्यकर्ताओं के साथ कार्यक्रम स्थल की ओर जा रहे थे। तभी नोएडा पुलिस ने उन्हें सेक्टर-51 के पास रोक लिया और करीब 30 से अधिक कार्यकर्ताओं को नजरबंद कर दिया गया। इसी तरह कार्यक्रम स्थल से करीब डेढ़ किलोमीटर दूर भारतीय किसान यूनियन क्रांति के प्रदेश अध्यक्ष परविंदर यादव को उनके घर में नजरबंद कर दिया गया। इसी तरह सेक्टर-142 में सपा नेता सुभाष भाटी को रात से ही पुलिस ने नजरबंद कर दिया था।

**25 हजार से अधिक पुलिसकर्मी हैं तैनातः** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और सीएम योगी आदित्यनाथ के आगमन को लेकर उनकी सुरक्षा व्यवस्था में नोएडा पुलिस के ढाई हजार से अधिक कर्मचारी तैनात हैं। इसके अलावा पीएसी समेत पुलिस व सेना की अन्य कंपनियों को भी शहर में तैनात किया गया है।

## एक नजर

### इस्कॉन मंदिर में राधा अष्टमी का पर्व मनाया जाएगा

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** राधा अष्टमी का पावन पर्व आज (रविवार) को मनाया जायेगा। श्रीमती राधारानी भगवान श्रीकृष्ण की नित्य संगिनी है। वे भगवान श्रीकृष्ण की आह्लादिनी शक्ति हैं। उनकी कृपा से ही व्यक्ति भगवान श्री कृष्ण का प्रेम प्राप्त कर सकता है। इस्कॉन नोएडा मन्दिर में प्रेम और भक्ति के इस महोत्सव के लिए भव्य तैयारियां चल रही हैं। पूरे मन्दिर को रंग बिरंगे फूलों एवं लाइटों से सजाया जा रहा है। मुख्य उत्सव प्रातः 10 बजे प्रारम्भ होगा जिसमें भजन, कीर्तन, भगवान का अभिषेक तथा सभी के लिए प्रसादम की व्यवस्था होगी। इसके लिए युगल जोड़ी की नई पोशाक तैयार की जा रही है। भगवान का पञ्च गव्य (दूध, दही, घी शहद, फलों के रस एवं पुष्प) से सुन्दर अभिषेक किया जाएगा। श्रीमती राधारानी की दिव्य लीलाओं पर कथा होगी। तत्पश्चात सभी को प्रसादम वितरित किया जाएगा। इस उत्सव में लगभग 3000 लोगों के सम्मिलित होने की आशा है।

### बुनियादी सुविधाओं की मांग को लेकर सैकड़ों लोगों ने किया प्रदर्शन

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा के यमुना प्राधिकरण क्षेत्र स्थित गौर यमुना सिटी सोसायटी में शनिवार को सैकड़ों निवासियों ने धरना प्रदर्शन किया। रहवासियों ने बुनियादी सुविधाओं की कमी के खिलाफ आवाज उठाई। सोसायटी में कई गंभीर समस्याएं हैं। पानी की टंकी के खुले ढक्कन में जानवर गिर जाते हैं। पार्किंग स्थल पर अवैध निर्माण हो रहा है। सड़कें टूटी हुई हैं। गटर का पानी ओवरफ्लो होता है। सोसायटी में जगह-जगह कूड़ा बिखरा रहता है। श्मशान घाट के पास होने से प्रदूषण की समस्या भी है। निवासियों का कहना है कि वे लंबे समय से इन समस्याओं को प्रशासन के सामने उठाते आ रहे हैं। प्रशासन सिर्फ आश्वासन देता है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं करता। इसी कारण लोगों ने धरना प्रदर्शन का रास्ता चुना। प्रदर्शन में श्रवण अवाना, संदीप पुंडीर, विशाल चौहान, लक्ष्मण एचपी सिंह, संदीप राठी, अंकित भूपेंद्र सिंह, धर्मेन्द्र राय, शिवा और नेत्रपाल समेत कई लोग शामिल हुए। सभी ने प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की मांग की है।

# 12 दिन बाद फिर सोशल मीडिया पर वापस लौटीं डीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर की जिलाधिकारी मेधा रूपम 12 दिन बाद फिर से सोशल मीडिया पर सक्रिय हो गई हैं। विपक्ष द्वारा चुनाव आयोग पर वोट चोरी का आरोप लगाने के बाद विपक्ष के नेताओं और उनका समर्थन करने वाले लोगों ने मुख्य चुनाव आयुक्त और उनके परिवारवालों को ट्रोल करने शुरू कर दिया था। ट्रोलिंग से परेशान होकर डीएम ने एक्स और फेसबुक अकाउंट को निष्क्रिय कर दिया था। जो काफी चर्चा का विषय रहा था। अब 12 दिन बाद एक्स पर पोस्ट किया है। जबकि 11 दिन बाद फेसबुक पर फोटो पोस्ट की हैं।

दिल्ली में विपक्ष ने भारत सरकार और निर्वाचन आयोग के खिलाफ वोट चोरी का आंदोलन चलाया हुआ है। जिस कारण आयोग के सीईसी के परिवार और रिश्तेदारों को भी सोशल मीडिया पर ट्रोल किया जा रहा था। उनकी बेटी और गौतमबुद्ध नगर की डीएम मेधा रूपम को भी काफी ट्रोल किया जा रहा है। हर पोस्ट में उनके अकाउंट को टैग किया जा रहा है। परिवार के सदस्यों के फोटो भी पोस्ट किए जा रहे है।

इससे परेशान होकर डीएम ने अपने सोशल मीडिया के अपने सभी अकाउंट को निष्क्रिय कर दिया था। उन्होंने सोशल मीडिया से दूरी बना ली थी, लेकिन अब 12 दिन बाद वो फिर से सोशल मीडिया पर सक्रिय हो गई है। एक्स पर उनकी पिछली पोस्ट 18 अगस्त की थी। अब 30 अगस्त को डीएम ने सीएम के कार्यक्रम की तैयारी को लेकर फोटो व जानकारी पोस्ट की है। साथ ही फेसबुक पर शुक्रवार शाम फोटो पोस्ट की है।

# यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में कला और संस्कृति का भी संगम दिखेगा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में आयोजित होने वाले इंटरनेशनल ट्रेड शो के तीसरे संस्करण में कला और संस्कृति का भी संगम होगा। ट्रेड शो के दौरान हर शाम रंगारंग प्रस्तुतियां भी होंगी। जिसमें भोजपुरी, अवधी, बुंदेली और थारू जैसी लोक परंपराओं से लेकर सूफी गायन, कथक नृत्य और सुगम संगीत तक का संगम देखने को मिलेगा। शो में देश और प्रदेश के बड़े कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे। नोएडा विधायक पंकज सिंह ने बताया कि यह ट्रेड शो उत्तर प्रदेश की पहचान बन गया है। जिसने प्रदेश के हस्तशिल्पियों की कला को दुनिया के बाजार तक पहुंचाया है।

यहां पर अब प्रदेश की संस्कृति और कला से भी विदेशी मेहमानों को रू-ब-रू कराया जाएगा। जिसमें भोजपुरी सुपरस्टार दिनेश लाल यादव शनिरहुआश, पद्मश्री मालिनी अवस्थी, सूफी गायिका प्रतिभा सिंह बघेल, कथक नृत्यांगना अनुराधा शर्मा, तथा बैंड प्रस्तुति देने वाले संस्कृति गाथा ग्रुप के प्रदर्शन इस आयोजन को यादगार बना देंगे। 25 सितंबर की शाम का आरंभ भोजपुरी सुपरस्टार दिनेश लाल यादव शनिरहुआश की गायकी से होगा, जो अपने लोकगीतों से दर्शकों का दिल जीतेंगे। इसी दिन वाराणसी की सोनी सेठ राम रामेति रामायाः शीर्षक कथक नृत्य नाटिका प्रस्तुत करेंगी। इसके साथ ही संस्कृति गाथा गर्ल्स बैण्ड की मोहिनी, सोनल और अनन्या लोकधुनों की मधुरता बिखेरेंगी, जबकि मेरठ के पवन धानक अपनी शहनाई की धुन से वातावरण को मंत्रमुग्ध कर देंगे। 26 सितंबर को मंच होगा सूफी और ब्रज संस्कृति के नाम। रीवा की गायिका प्रतिभा सिंह बघेल अपने सूफी गायन से समां बांधेंगी, वहीं मथुरा के मुरारी लाल शर्मा चरकुला नृत्य के जरिए ब्रज की अनूठी परंपरा दिखाएंगे। गजेन्द्र सिंह रसिया गायन से श्रोताओं को बांधेंगे और नोएडा की नीलाक्षी राय सूफी नृत्य नाटिका प्रस्तुत करेंगी। 27 सितंबर की शाम लखनऊ की पद्मश्री मालिनी अवस्थी के अवधी लोकगायन से सराबोर होगी। साथ ही महाराजगंज के अमित अंजन लोकगायन प्रस्तुत करेंगे। अयोध्या की संगम लता बधावा नृत्य से दर्शकों को लुभाएंगी।

# मुख्यमंत्री योगी के नोएडा आने से पहले पांच एनकाउंटर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सीएम योगी के नोएडा आने से पहले 12 घंटों के भीतर पुलिस और बदमाशों के बीच अलग-अलग थाना क्षेत्रों में पांच मुठभेड़ हुई है। थाना सेक्टर-24 सहित 126, फेज 1 व सेक्टर 58 थाना क्षेत्र में पुलिस मुठभेड़ हुई है। फेज 1 पुलिस ने मुठभेड़ में 25 हजार के ईनामी बदमाश दानिश को गिरफ्तार किया है। वहीं तीन बदमाशों के पैर में गोली लगी है। पकड़े गए बदमाश छिनैती करते है।

**मुठभेड़-1**

**मुठभेड़ में 25 हजार का इनामी पकड़ाः** थाना फेस-1 पुलिस सेक्टर-14 के नाले की पटरी, गोलचक्कर कट की तरफ चेकिंग कर रही थी। पुलिस टीम को दिल्ली की तरफ से दो युवक मोटरसाइकिल पर आते हुए दिखाई दिये। दोनों को रुकने का इशारा किया गया। पुलिस टीम ने करीब 300 मीटर तक पीछा किया। बदमाश ने पुलिस पर फायर कर दिया। पुलिस ने फायर किया जिसमें एक बदमाश के पैर में गोली लगी। घायल बदमाश की पहचान दानिश निवासी दिल्ली है। बदमाश थाना फेस-1 से हिस्ट्रीशीटर और 25 हजार का इनामी है। दूसरा साथी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया।

**मुठभेड़-2**

**सेक्टर-58 पुलिस की गिरफ्त में शातिर बदमाशः** थाना सेक्टर-58 नोएडा पुलिस एनआईबी के पास चेकिंग कर रही थी। संदिग्ध स्कूटी सवार एक व्यक्ति सामने से आता हुआ दिखाई दिया।पुलिस को देखकर गोल चक्कर सेक्टर-62 की तरफ भागने का प्रयास करने लगा। पुलिस ने वॉर्निंग दी। स्कूटी डिवाइडर से टकराकर गिर गई। खुद को घिरा हुआ देखकर पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर किया गया। पुलिस टीम ने फायर किया बदमाश के पैर में गोली लगी। घायल बदमाश की पहचान अजय ईश्वर निवासी दिल्ली हुई।



पूछताछ के दौरान अजय ईश्वर ने बताया कि वह अपने साथी अमन और विजय के साथ मिलकर चोरी की स्कूटी से राहगीरों को तमंचा दिखाकर चौन व मोबाइल फोन छीन लेते है। इनके द्वारा बरामद स्कूटी को हेडगेवा अस्पताल दिल्ली के पास से करीब चार साल पहले चोरी किया गया था। जिसके संबंध में दिल्ली में मुकदमा दर्ज है। अमन व विजय ने मिलकर बी ब्लाक मार्केट सेक्टर-62 से 25 अगस्त को एक व्यक्ति से उसकी चौन छीनी थी। दोनों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे है।

**मुठभेड़-3**

थाना सेक्टर-24 नोएडा पुलिस आरटीओ के पीछे गंदा नाले के पास चेकिंग कर रही थी। एक बाइक सवार व्यक्ति सुमित्रा अस्पताल की तरफ आता दिखा। पुलिस ने रूकने का इशारा किया। पुलिस टीम ने पीछा किया । अपने को घिरता देख उसने फायर किया। पुलिस टीम ने जवाबी एक्शन लेते हुए फायर किया। जिसमें बदमाश के पैर में गोली लगी। इसकी पहचान निखिल उर्फ वीराना उर्फ नितिन हुई। इस पर 10 से ज्यादा मुकदमे दर्ज है।

**मुठभेड़-4**

नोएडा के सेक्टर-54 में एलिवेटिड रोड के नीचे पुलिस चेकिंग के दौरान एक मुठभेड़ हुई। थाना सेक्टर-24 की पुलिस टीम ने मोटरसाइकिल सवार को रुकने का इशारा किया। संदिग्ध व्यक्ति ने गाड़ी मोड़कर शमशान घाट की तरफ भागने की कोशिश की।

पुलिस के पीछा करने पर मोटरसाइकिल बेकाबू होकर गिर गई। बदमाश जंगल की तरफ भागने लगा। खुद को घिरता देख उसने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में बदमाश के पैर में गोली लग गई। नोएडा के डीसीपी यमुना प्रसाद ने बताया कि घायल बदमाश की पहचान न्यू सीलमपुर, दिल्ली के जे-ब्लॉक निवासी बादल के रूप में हुई। वह 25 वर्ष का है। उसके पास से एक तमंचा, एक खोखा कारतूस और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। साथ ही चोरी की स्प्लेंडर मोटरसाइकिल भी मिली।

# ग्रेटर नोएडा यूनिवर्सिटी में भूजल संरक्षण होगा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर में निर्माणाधीन यूनिवर्सिटी प्रशासन और किसान एकता महासंघ के बीच महत्वपूर्ण समझौता हुआ है। किसान एकता महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश कसाना के नेतृत्व में शनिवार को हुई बैठक में कई अहम फैसले लिए गए। यूनिवर्सिटी के वाइस प्रेसिडेंट ब्रिगेडियर सुधीर लांबा ने भूजल संरक्षण की योजना पर सहमति जताई। यूनिवर्सिटी परिसर में बोरिंग के जरिए निकाले गए भूजल को वापस जमीन में डाला जाएगा। यह प्रक्रिया जल्द ही शुरू होगी। यूनिवर्सिटी प्रशासन ने किसानों के बच्चों को रोजगार देने का भी वादा किया है। प्रोजेक्ट में 50 प्रतिशत नौकरियां योग्यता के आधार पर किसानों के बच्चों को दी जाएंगी। जेपी ग्रुप ने 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त मुआवजे की राशि यमुना विकास प्राधिकरण में जमा कर दी है।

बैठक में मास्टर इंद्रपाल सिंह, राजवीर ठेकेदार, रवि नागर, अमित नागर, रज्जाक ठेकेदार, बलजीत हवलदार, ब्रह्म सिंह कसाना, प्रदीप कसाना, राजीव कसाना और सोनू कसाना समेत कई प्रतिनिधि मौजूद थे।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा


ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email : parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस वे पर सड़क दुर्घटना में आधा दर्जन लोग घायल









**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बागपत कोतवाली क्षेत्र के ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस वे पर मविकला टोल के पास शुक्रवार देर रात एक सड़क हादसा हुआ। हरियाणा से गाजियाबाद जा रही बस और विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक की टक्कर हो गई।

घटना में ट्रक डिवाइडर तोड़कर दूसरी लेन में आ गया। इस दौरान पीछे से आ रही एक कार भी बस से टकरा गई। हादसे में ट्रक चालक, बस चालक, परिचालक और बस में सवार दो यात्री तथा कार में सवार दो यात्री घायल हुए। सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रत्यक्षदर्शी अमित सिंह के अनुसार, ट्रक चालक नशे की हालत में था। ट्रक अनियंत्रित होकर डिवाइडर पार कर गया और सामने से आ रही बस से टकरा गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। बस में करीब 35 यात्री सवार थे, जिन्हें कोई गंभीर चोट नहीं आई। राहगीरों ने तुरंत पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी। एनएचआई की टीम ने मौके पर पहुंचकर क्षतिग्रस्त वाहनों को हटाया और यातायात सुचारू कराया। पुलिस ने वाहन चालकों के खिलाफ जांच शुरू कर दी है और प्रत्यक्षदर्शियों से पूछताछ कर रही है।

## ट्रैक्टर से बेट्री चोरी करते पकड़ा युवक, पुलिस को सौंपा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** खासपुर गांव में खेत मे खड़े एक ट्रेक्टर से बेंट्री चोरी करते एक युवक को रंगे हाथो पकड़ लिया गया और पुलिस को बुलाकर सौप दिया गया है जहां युवक के खिलाफ मुकदमा कायम किया गया है।

खासपुर निवासी सतपाल का गांव के समीप ही कलेशर है जंहा समीप ही खेत हो सतपाल ने बताया की वह सुबह ट्रेक्टर लेकर खेत पर पहुंचा और ट्रेक्टर खड़ा कर कलेशर पर चला गया तभी एक युवक ट्रेक्टर के पास पहुंचा उसने दूर से देखा तो शक हुआ है उसके समीप पहुंचा तो देखा युवक ट्रेक्टर से बेंट्री चोरी कर रहा है जिससे सतपाल ने उसे पकड़ लिया और 112 पर काल कर पुलिस को सौप दिया। जहा मौकें पर पहुंची थाना पुलिस आरोपी युवक को अपने साथ ले गयी। थाना प्रभारी अतर सिंह ने बताया की आरोपी युवक के खिलाफ मुक. दमा कायम कर कारवाही की जा रही है।

## बी आर सी बड़ौत पर पांच दिवसीय एफआरएल प्रशिक्षण प्रारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** ब्लॉक संसाधन केंद्र बड़ौत शाहपुर बडोली में 30 अगस्त से 4 सितंबर तक FLN के तीसरे और चौथे बैच का प्रशिक्षण शुरू किया गया जिसमें प्रत्येक मैच में 50 -50 शिक्षकों ने प्रतिभाग किया जिसमें भाषा व गणित शिक्षण पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। जिसका समय प्रात: 9:30 बजे से शाम 5:00 बजे तक किया जा रहा है इसमें संदर्भ दाता मनोज कौशिक, सचिन गुप्ता, संदीप पवार व दिनेश कुमार रहे। उक्त प्रशिक्षण में राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर विस्तृत चर्चा की गई व सरकार ने नई शिक्षा नीति 2020 व उसके बाद एनसीएफएसई 2023 पर भी चर्चा की गई जिसमें इस बार कक्षा तीन में एनसीईआरटी की पुस्तकों में भी कुछ बदलाव किया गया। इस विषय में भी प्रशिक्षण में यह चर्चा विस्तृत रूप से की गई। प्रशिक्षण के दौरान एसआरजी अमित कुमार मौर्य व खंड शिक्षा अधिकारी बड़ोद अनिल कुमार चौहान का विशेष योगदान रहा।

## पांची गांव में मकान से लाखों के जेवरात व नकदी चोरी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** पांची गांव में अज्ञात चोरो ने एक मकान पर धावा बोल घर के कमरे की अलमारी का ताला तोड़ उसमे रखे लाखो के जेवरात और नगदी चोरी कर ले गये पीड़ित ने अज्ञात चोरो के खिलाफ थानें में तहरीर दी है।

पांची निवासी सलमान पुत्र यूनुस दिल्ली में मेट्रो एयरपोर्ट पर नौकरी करता है सलमान की पत्नी फरहीन आठ दिन पहले अपने मायके बुढाना गयी हुई थी। सलमान दिन बाद ड्यूटी के बाद रात आठ बजे घर पहुंचा तो सलमान ने बताया की जब वह अपने घर आया तो घर के बाहर का ताला लगा हुआ था। जबकि घर के अन्दर दो कमरो के ताले टूटे पड़े थे कमरे के अन्दर जाकर देखा तो दो सेफ अलमारी के ताले टूटे पड़े थे जब उन्होंने देखा तो अलमारी से 20 हजार की नगदी और चार तोला सोना, दो किलो चांदी चोरी हुई मिली जिसमे उसकी बहन महफूजा की दो जोड़ी कुड़ल, सोने की लोग, सोने की अगूठी, दो जोड़ी पाजेब, हाथ के हथफूल, एक गले का सेट, दो पेडिल, कानों के बुन्दे, चोरी हुयी मिली। पीड़ित ने तुरंत पडौस के लोगो को बताया रात मे ही पीड़ित के घर भीड़ इखट्टा हो गयी। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौकें पर पहुंच गयी। पीडित ने बताया की लगभग 6 लाख की चोरी हुई है। पीड़ित ने अज्ञात चोरो के खिलाफ थानें मे तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी गयी है।

## एक नजर



## अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन जिला सलाहकार समिति की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जनपद में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) पंकज वर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक का संचालन सहायक आयुक्त खाद्य) डी.पी. सिंह ने किया।

अपर जिलाधिकारी ने बैठक में स्पष्ट निर्देश दिए कि आबकारी विभाग की सभी दुकानों को एक माह के भीतर खाद्य लाइसेंस से आच्छादित किया जाए। इसके बाद यदि कोई दुकान बिना खाद्य लाइसेंस के कारोबार करती पाई जाती है तो उसका आबकारी लाइसेंस निरस्त कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग को निर्देशित किया कि आंगनवाड़ी केंद्रों को नि:शुल्क खाद्य पंजीकरण प्रदान करने की योजना के अंतर्गत जनपद के सभी आंगनवाड़ी केंद्रों को शीघ्र खाद्य लाइसेंस से आच्छादित किया जाए। बैठक में खाद्य एवं रसद विभाग की दुकानों को नवीन खाद्य पंजीकरण/लाइसेंस और समय पर नवीनीकरण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। साथ ही, खाद्य सुरक्षा विभाग को माननीय न्यायालय में लंबित वादों की प्रभावी पैरवी कर शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा गया। बैठक में अपर जिला. धिकारी पंकज वर्मा के साथ जिला विद्यालय निरीक्षक राघवेंद्र सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी गीता चौधरी, जिला आबकारी अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, बाट माप निरीक्षक, दुग्धशाला विकास विभाग के प्रतिनिधि सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि खाद्य सुरक्षा सीधे उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य और जीवन की सुरक्षा से जुड़ा हुआ विषय है। सभी विभाग समन्वय स्थापित कर कार्य करें ताकि जनपद में खाद्य सुरक्षा व्यवस्था मजबूत हो सके और प्रत्येक नागरिक को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध हो सके।

## नि:शुल्क सिलाई कढ़ाई एवं पार्लर केंद्र का हुआ शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** शनिवार को गौसपुर जनपद बागपत में चौधरी हरलाल मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा नि:शुल्क सिलाई कढ़ाई एवं पार्लर केंद्र का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का उदघाटन मुख्य अतिथि नवाब अहमद हमीद ने फीता काट कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मास्टर सत्तार अहमद बसौद व संच. ालन टीना चौधरी ने किया। शिविर प्रारंभ होते ही गांव की 35 प्रशिक्षुओं ने रजिस्ट्रेशन कराया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि नबाब अहमद हमीद ने कहा कि सिलाई सीखकर बालिका एवं महिलाएं आत्मनिर्भर बनेगी और केंद्र पर आकर अनुशासन में रहकर सीखेंगे तो उनको भविष्य में सफलता जरूर मिलेगी, उन्होंने ट्रस्ट के पदाधिकारियों और प्रशिक्षू बेटियों को बधाई और शुभकामनाएं दी। अध्यक्षता कर रहे मास्टर सत्तार अहमद ने कहा कि बेटियां घर की शान होती है बेटियां सिलाई सीखकर अपना रोजगार कर सकती हैं और भविष्य में दूसरों को सीखा भी सकती हैं, सिलाई का क्षेत्र आज ईतना बड़ा हो चुका है जिसे सीखकर बड़े से बड़ा डिजाइनर बन सकती हैं। ट्रस्ट चेयरमैन एडवोकेट रणवीर चौधरी ने बालिकाओं को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बेटी आज किसी भी क्षेत्र में लड़कों से कम नहीं है आज लड़कियां आगे बढ़कर सभी क्षेत्र में अपना नाम रोशन कर रही है। कार्यक्रम संचालिका टीना चौधरी ने भी प्रशिक्षुओं को बधाई व शुभकामनाएं दी और सभी बालिक. ाओं और महिलाओं को अनुशासन में रहकर सीखने की हिदायत भी दी और सभी अतिथियों का फूल माला पहनाकर स्वागत किया और धन्यवाद दिया। इस अवसर पर अजय कुमार अग्रवाल, रूपल चौहान, एडवोकेट इमरान खान, परवेज एडवोकेट, अजेंद्र बली, फिरोज खान, आमिल खान, मुजा. हिद, उस्मान, इरफान, समीर, ताजीम, आजम, राहुल कुमार, शहरीन, शायमा, काजल, जायदा, टीना चौधरी, इति चौधरी, सानिया, सायमा, सबा, मनतशा, साजिया, मुस्कान, इकरा और सीमा आदि उपस्थित रहें।

## वेद ज्ञान का एकमात्र स्रोत: रवि शास्त्री



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** चौधरी केहर सिंह एजुकेशनल ट्रस्ट के द्वारा एक भव्य यज्ञशाला की स्थापना आरिफ मोहम्मद खान राज्यपाल बिहार के द्वारा 5 सितंबर बड़ौत के कार्यक्रम हेतु श्री नेहरू स्मारक इंटर कॉलेज बुढेडा में की जाएगी। जिला आर्य प्रतिनिधि सभा बागपत के मंत्री रवि शास्त्री ने आहवान करते हुए कहा संसार में ज्ञान का एकमात्र स्रोत वेद है। आर्य समाज की विचारधारा को जिस व्यक्ति ने निष्पक्ष भाव से सुना और पढ़ा वह महर्षि दयानंद के विचारों से प्रभावित हुआ। मानवता का कल्याण करना ही सबसे बड़ा धर्म है। वेद के मार्ग पर चलने से ही दुनिया में शांति स्थापित हो सकती है। बेटियों को संस्कारित करने से ही राष्ट्र उत्थान हो सकता है। बच्चों को संस्कारित करने की आर्य समाज ही एकमात्र कार्यशाला है। भारतीय संस्कृति बहुत विशाल है।आर्य समाज के विचारों से ही विश्व में शांति संभव है। आज आर्य समाज की पूरे विश्व को आवश्यकता है। यज्ञ में बैठने से शांति मिलती है। गुरुकुल बरनावा, बिनौली, तेडा, फजलपुर, बिजवाड़ा, रन्छाड, बली, ग्वाली खेड़ा, मवीकलां हजूराबाद गढी, खैला आदि 21 गांव में जनसंपर्क किया गया। इस अवसर पर डा. मनीष तोमर, कृष्णपाल सिंह, नरेश वर्मा, अरविंद , सपना शर्मा, सुरेंद्र पाल आर्य, कपिल आर्यआदि उपस्थित रहे।

## संगठन को मजबूत करने को लेकर भाकियू की बैठक आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** दोघट कस्बे में भाकियू अराजनैतिक की संगठन को मजबूत करने एवं विस्तार को लेकर एक बैठक हुई। बैठक में जिलाध्यक्ष राकेश कुमार ने कहा कि सरकार किसानों को गन्ने का भाव 450 रुपए से कम मंजूर नहीं होगा।

दोघट कस्बे में भाकियू अराजनैतिक की बैठक में जिलाध्यक्ष राकेश कुमार ने कहा कि गन्ना फसल तैयार करने में किसानों की लागत अधिक आ रही है इसलिए गन्ना भाव 450 रुपए कुंतल से कम किसान स्वीकार नहीं करेंगे। किसान के गन्ने का बकाया भुगतान अभी तक कुछ मिलों द्वारा नहीं दिया गया है। कहा कि किसी भी कीमत पर स्मार्ट मीटर नहीं लगने दिए जाएंगे। सरकार अन्य प्रांतों की तरह घरेलू बिजली बिल फ्री करें। बैठक में अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार रखते हुए संगठन की मजबूती एवं विस्तार किए जाने पर बल दिया। गांव गांव जाकर संगठन की नीतियों को बताया जाएगा तथा गांव स्तर पर शीघ्र ही कमेटी भी गठित कराई जाएगी।

## अहैड़ा राजकीय हाईस्कूल में बच्चों ने जाना ध्यान का महत्व



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** शनिवार को प्रतिस्पर्धी दौर में मानसिक संतुलन और आंतरिक शांति उतनी ही आवश्यक है जितनी कि शैक्षणिक उपलब्धि। इसी उद्देश्य से शनिवार को राजकीय हाईस्कूल अहैड़ा में हार्टफुलनेस संस्था की ओर से हेल्प कार्यक्रम के अंतर्गत ध्यान सत्र का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर प्रशिक्षक योगेंद्र कुशवाहा ने छात्र-छात्राओं को ध्यान अभ्यास कराया और जीवन में ध्यान के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि ध्यान केवल साधना भर नहीं, बल्कि यह जीवन की दिशा और दशा को सकारात्मक बनाने का सशक्त साधन है। विशेषकर परीक्षा के तनाव, प्रतिस्पर्धा की चुनौतियों और आधुनिक जीवन के दबावों से जूझ रहे किशोरों के लिए यह अभ्यास आत्मविश्वास और धैर्य का आधार बन सकता है। सत्र के दौरान लक्ष्य एवं आकांक्षाएं विषय पर सार्थक चर्चा हुई, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों को हार्टफुलनेस संस्था द्वारा आयोजित वार्षिक निबंध प्रतियोगिता की जानकारी दी गई और इसमें सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य राम निवास ने इस पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास और सकारात्मक जीवन दृष्टिकोण के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## सरकारी नल ख़राब होने से पानी को तरसे ग्रामीण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपरौली।** छपरौली क्षेत्र के लूंम गांव की पट्टी नाडू के लोग इन दिनों पानी की समस्या से बुरी तरह जूझ रहे हैं। पट्टी नाडू मस्जिद के समीप लगा सरकारी नल कई दिनों से खराब व्यवसता मे पड़ा है। नल से पानी न आने के कारण दूर-दराज़ से पानी ढोकर लाना पड़ रहा है। महिलाएं और बच्चे घंटों पानी भरने में लगे रहते हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि गांव की सरकारी पानी की टंकी भी लंबे समय से खराब पड़ी है। जब टंकी से सप्लाई बंद है और नल भी खराब हो जाते हैं तो लोगों की मुश्किलें और बढ़ जाती हैं। बस्ती निवासी युनूस ने बताया, हमारी गली में सरकारी नल कई दिनों से खराब पड़ा है। हमने कई बार शिकायत की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही। अब हमें मजबूरन दूर से पानी लाना पड़ रहा है। वहीं, ग्रामीण नसीम ने कहा कि गांव की सरकारी टंकी भी काफी दिनो से खराब है। अगर जिम्मेदार लोग ध्यान नहीं देंगे तो हमें पीने के पानी के लिए और भी भटकना पड़ेगा। ग्रामीण चाँदू ने नाराजगी जताते हुए कहा, हर बार नल खराब हो जाता है और हम शिकायत करते हैं, लेकिन सिर्फ आश्वासन मिलता है। समाधान कब होगा, यह कोई नहीं बताता। इस संबंध में क्षेत्र पंचायत सदस्य सालिम खान ने बताया कि उन्होंने ग्राम सचिव को नल की समस्या के बारे में अवगत करा दिया है। ग्राम सचिव ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही खराब नल की मरम्मत कराई जाएगी, उन्होंने कहा फिलहाल बस्ती के लोग पानी की किल्लत से जूझ रहे हैं। अब देखना यह है कि विभाग कब तक इस समस्या का स्थायी समाधान करता है या फिर ग्रामीणों को यूं ही पानी के लिए परेशान होना पड़ेगा।

**सूचना**

हमार पुत्री का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते हम अपनी पुत्री स्नेहा तोमर से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करते है।

इन्द्रपाल पुत्र सूरजसिंह व मुनेश देवी पत्नी इन्द्रपाल निवासी म.नं. 12/103 पट्टी चौधरान शान्ति नगर पीर के पास थाना बड़ौत जनपद बागपत।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र नाजिम व पुत्रवधू हसीना से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।

वाहिद पुत्र हकिमू निवासी ग्राम बडका थाना व तहसील बड़ौत जनपद बागपत।

**सूचना**

मैं अपनी पुत्रवधू शिवानी पत्नी श्री प्रकाश माथुर से संबंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल कर रहा हूं भविष्य में किसी प्रकार का कोई संबंध इनसे नहीं रहेगा।

पवन पुत्र श्री अतर सिंह निवासी गांव टयोडी बावद तहसील बड़ौत जनपद बागपत।

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज जूनियर डिवीजन द्वितीय बागपत।**

वाद सं.-161 सन-2023 ई.

1. श्रीपाल आयु करीब 70 वर्ष टीकाराम निवासी किरठल हाल निवासी अम्बेडकर नगर दिल्ली सहारनपुर रोड सहारनपुर उ. प्र. 2. ओमपाल आयु करीब 68 वर्ष पुत्र टीकाराम निवासी किरठल हाल निवासी डी-17/582 ईस्ट गोकुलपुर शहादरा दिल्ली। 3. सन्नी आयु करीब 70 वर्ष पुत्र जगदीश निवासी किरठल हाल निवासी डी-17/582 इंस्ट गोकुलपुर शहादरा दिल्ली। **.....वादीगण**

बनाम 1. सुनील कुमार आयु करीब 26 वर्ष 2. सुशील कुमार आयु करीब 24 वर्ष पुत्रगण श्याम सिंह निवासीगण किरठल हाल निवासी ग्राम लोनी जिला गाजियाबाद। 3. संदीप आयु 22 वर्ष पुत्र श्याम सिंह निवासी ग्राम किरठल हाल निवासी डी-17/582 ईस्ट गोकुलपुर शहादरा दिल्ली। **..प्रतिवादीगण,** हरगाह वाद प्रार्थीगण / वादीगण द्वारा दायर किया गया है जो मेरे न्यायालय में विचाराधीन है दिनांक 02.09.2025 वास्ते सुनवाई नियत है। अत: आप प्रतिवादीगण को सूचित किया जाता है कि मेरे न्यायालय में उक्त नियत दिनांक को स्वंय या अपने अधिवक्ता के द्वारा न्यायालय में सुबह 10 बजे उपस्थित होकर अपना प्रतिवाद / पक्ष प्रस्तुत करे यदि आप अनुपस्थित रहे तो आपके विरुद्ध एक पक्षीय सुनवायी व अन्य उपस्थित पक्षों की सुनवायी की जाकर वाद नियम व कानून अनुसार निर्णित किया जोयगा।

**आदेशत:**
**मुंसरिम**
**न्यायालय श्रीमान सिविल जज जूनियर डिवीजन द्वितीय बागपत।**

## जाट कॉलिज में आयोजित हुई 71 माध्यमिक विद्यालयों की प्रबन्ध समितियों की बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** नगर के जनता वैदिक कॉलिज में सम्मेल हॉल में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत जनपद-बागपत के 71 माध्यमिक विद्यालयों की प्रबन्ध समितियों के पदाधिकारियों की एक बैठक आहुत की गयी है। जिसमें बागपत के 50 से भी अधिक इण्टरमीडिएट विद्यालयों की प्रबन्ध समितियों के पदाधिकारियों ने भाग लिया है।

बैठक की अध्यक्षता राजेन्द्र शर्मा पूर्व विधायक एवं अध्यक्ष, यमुना इण्टर कॉलिज, बागपत ने की तथा संचालन वीरेन्द्रपाल सिंह, अध्यक्ष, जनता वैदिक कॉलिज, बडौत ने किया। बैठक को सम्बोधित करते हुए वीरेन्द्रपाल सिंह लोहड्डा ने बैठक में उपस्थित सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि बागपत में हर तीन कि. मी. पर शिक्षण संस्थाए स्थापित हैं, जो केवल किसान मसीहा भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री चौ चरण सिंह की देन है। आज उत्तर प्रदेश में बागपत जिले के माध्यमिक विद्यालयों की सबसे अधिक दुर्दशा हो चुकी है, 71 इण्टरमीडिएट विद्यालयों में से 31 विद्यालयों में प्रबन्ध समितियां नहीं है, उक्त विद्यालयों की दशा आज जर्जर है। इस दौरान बैठक में तीन व्यक्तियों को चुना गया, जिनमें पूर्व विधायक राजेन्द्र शर्मा, सुखबीर सिंह गठीना एवं अनिल यादव शामिल है। बैठक मे उक्त तीनो व्यक्तियों की समिति का गठन करने हेतु सर्वसम्मति से हाथ उठवाकर समर्थन लिया। उक्त तीन व्यक्तियों की समिति ही 11 व्यक्तियों की समिति/संगठन का गठन करेगी, जो विद्यालयों की समस्याओं को बागपत से लखनऊ तक उठायेगी। वहीं दूसरी ओर बैठक को सम्बोधित करते हुए पूर्व विधायक राजेन्द्र शर्मा ने कहा कि जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय से लेकर शिक्षा निदेशालय तक गड़बड़ ही गड़बड है, शिक्षा विभाग में नीचे ऊपर तक भ्रष्टाचार फैला हुआ है। उन्होंने बैठक से विभिन्न प्रश्न किये जैसे सभी यह संगठन बनाना चाहते हैं, भ्रष्ट अधिकारियों की निंदा करेंगे, जिसे बैठक में उपस्थित सभी ने हाथ उठाकर समर्थन किया। बैठक में प्रहलाद सिंह, अनिल यादव, योगेन्द्र सिंह सोलंकी, प्रवीण कुमार जैन, दीपक जैन, धर्मेन्द्र कुमार, राजेन्द्र सिंह तोमर, शरद जैन, राकेश जैन, डा. देवेन्द्र सिंह सोलंकी आदि सहित दर्जनों इण्टरमीडिएट संस्थाओं के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## विधुत कनेक्शन कटने पर छात्रों ने किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** नगर के जनता वैदिक इंटर कॉलेज का विद्युत विभाग द्वारा आरसी जारी करते हुए विद्युत विभाग ने टुवेल एवं कॉलेज का कनेक्शन काट दिया है और आरसी जारी भी कर दी है।

कनेक्शन काटने को लेकर शनिवार को छात्र-छात्राओं का गुस्सा फूट पड़ा छात्र-छात्राओं ने विद्युत विभाग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए सड़क पर जाम लगा दिया सभी छात्र-छात्राएं कॉलेज से बाहर निकाल कर विद्युत विभाग के खिलाफ हंगामा करते हुए नारेबाजी करते रहे और कॉलेज के गेट के पास जाम लगा दिया इसको लेकर काफी देर तक हंगामा प्रदर्शन होता रहा जाम लगाने की सूचना पर पुलिस प्रशासन भी मौके पर पहुंच गया। बड़ी मशक्कत के बाद पुलिस प्रशासन ने छात्र-छात्राओं को समझाते हुए जाम खुलवाया। छात्रों का कहना है कि विद्युत विभाग ने कॉलेज का कनेक्शन काट दिया। छात्राओं के सामने विकट समस्या उत्पन्न हो गई। गर्मी में बेहाल हो रहा है। गर्मी के कारण पढ़ाई में भी बाधा आ रही है। विद्युत विभाग द्वारा कनेक्शन काटने पर छात्र-छात्राओं में आक्रोश बना हुआ है और उन्होंने विद्युत विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। पुलिस प्रशासन के समझाने के बाद चार दिन का समय देकर छात्र-छात्राओं ने जाम खोला तब जाकर सड़क का यातायात चालू किया गया। छात्र-छात्राओं का कहना है कि अगर तीन दिन के अंदर कनेक्शन नहीं जोड़ा गया तो तहसील परिसर में धरना दिया जाएगा। इस मौके पर सैकड़ो की तादाद में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# सिसोला गांव में युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, जांच में जुटी पुलिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** शनिवार की अल सुबह जानी थाना क्षेत्र में सिसोला गांव में युवक की मृत्यु संदिग्ध परिस्थितियों में हो गई सूचना के बाद ग्रामीण व परिजनों में हड़कंप मच गया। युवक अपने घर में बाहर सोया हुआ था। वहीं परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। सूचना पाकर पहुंची थाना पुलिस ने जांच पड़ताल की, युवक के गले में चोट के निशान थे जिसमें पुलिस ने शव पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



सूत्रों के अनुसार सिसोला गांव निवासी गुलफाम पुत्र अब्दुल करीम टाटा मैजिक चलाता है और अपने परिवार का पेट पालता है। गुलफाम की दो शादियां हुई थी एक बीवी पहले ही मर गई थी शनिवार सुबह गुलफाम की चारपाई घर की आंगन के बाहर पड़ी थी जहां गुलफाम का संदिग्ध परिस्थितियों में गले में रस्सी पड़ी थी और वह मृत पड़ा था। घटना की जानकारी परिजनों ने थाना पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे सीओ सरधना आशुतोष कुमार जानी थाना प्रभारी महेश सिंह राठौर और फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंच गई। वहीं उसके गले में रस्सी के निशान थे जिसमें परिवार वालों व ग्रामीणों ने हत्या की आशंका जताई उधर परिजन भी इस मामले में कुछ नहीं बोल पा रहे पुलिस ने फॉरेंसिक टीम के साथ जांच पड़ताल की और शव पंचनामा भर पोस्टमार्टम रिपोर्ट के लिए भेज दिया। उधर गुलफाम की मौत से गांव का ग्रामीणों में कोहराम मच गया। वहीं सीओ सरधना संजय जयसवाल ने बताया की मामले की जांच की जा रही है जल्दी पता लगा लिया जाएगा।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** शनिवार दोपहर को बागपत बाईपास स्थित एक अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत हो गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सूत्रों के मुताबिक हिमांशु पुत्र मिंटू निवासी मोदीपुरम बागपत रोड स्थित एक फैक्ट्री में काम करता था। शनिवार दोपहर को फैक्ट्री से काम खत्म करने के बाद वापस अपने घर जा रहा था जैसे ही वह बागपत बाईपास पहुंचा तो एक अज्ञात वाहन में उसको टक्कर मार दी जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौके पर परिजन भी आ गए और हिमांशु की मौत का विलाप करने लगे।

# बाइक सवार युवक को मारी गोली

## हालत गंभीर, गंगानगर के एक कॉलेज में बी फार्मा का छात्र है घायल

- मोटर साइकिल पर सवार था पीड़ित
- घायल समीर के पीठ पर लगी है गोली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**इंचौली।** शनिवार को थाना क्षेत्र में एक बाइक सवार युवक के पीठ में गोली मारी गई। जिसके बाद युवक गिर गया और बेहोश हो गया। वहीं परिजनों ने राहगीरों की मदद से युवक को घायल अवस्था में मेरठ के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उसका उपचार चल रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार समय समीर राजपूत पुत्र फरमान निवासी ग्राम खरदौनी उम्र लगभग 21 वर्ष मोटरसाइकिल पर सवार होकर किसी कार्य से ग्राम कुंनकूरा गया था। शनिवार को शाम को वो अपने गांव खरदौनी के लिए जा रहा था। रास्ते में अचानक किसी व्यक्ति ने समीर की पीठ पर फायर कर दिया जिससे उसकी पीठ पर गोली लग गई। गोली लगते ही समीर मोटर साइकिल का संतुलन खोकर नीचे गिर गया तथा बेहोश हो गया। स्थानीय लोगों द्वारा समीर के परिजनों को सूचित कर घायल को उपचार के लिए रक्षा हॉस्पिटल मेरठ में भर्ती कराया गया। वहीं समीर ने बताया कि वो आई.आई. एम.टी कॉलेज थाना क्षेत्र गंगानगर मेरठ में बी फार्मा तृतीय वर्ष का छात्र है। ग्राम कुंनकूरा से अपने गांव खरदौनी मोटरसाइकिल पर सवार होकर जा रहा था। अचानक पीछे से किसी व्यक्ति द्वारा गोली मार दी गई। उसने बताया कि बेहोश होने से पहले कुछ व्यक्तियों को कहते हुए सुना की रवि कश्यप ग्राम कुंनकूरा नाम के युवक ने इसको गोली मारी है। इसके तुरंत बाद वो बेहोश हो गया। वहीं इस प्रकरण में जब स्थानीय लोगों से बात की गई तो उन्होंने कुंनकूरा मार्ग पर गोली चलाई जाने की घटना से अनभिज्ञता जताई। वहीं समीर ने बताया कि वो किसी रवि कश्यप को नहीं जानता है ओर न ही रवि नाम के किसी व्यक्ति से उसकी कोई दुश्मनी है।

मामला संज्ञान में आया है अभी तहरीर प्राप्त नहीं हुई है घायल का अस्पताल में इलाज चल रहा है। घटना के संबंध में जांच की जा रही है।

**जितेंद्र त्रिपाठी**
**थाना प्रभारी इंचौली।**

## बच्चों की फीस के पैसों से प्लॉट के कागज करा लिए अपने नाम, कोर्ट ने किए वारंट

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**मेरठ।** वेस्ट एंड रोड मंदिर मार्ग स्थित ऋषभ एकाडेमी के बच्चों की फीस के पैसों से स्कूल के बराबर वाले प्लॉट के कागज अपने नाम करा लेने के मामले में मृदुल जैन के खिलाफ कोर्ट ने वारंट जारी कर दिए हैं। यह मामला जितना गंभीर है उतना ही शर्मसार करने वाला है। बताया गया है कि जब से इस मामले का संज्ञान कोर्ट ने लिया है तब से एक दिन भी तारीख पर हाजिर नहीं हुए, इसी के चलते कोर्ट ने वारंटजारी कर दिए हैं। ये वारंट ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट द्वितीय की कोर्ट से जारी किए गए हैं। नियमानुसार वारंट जारी होने के बाद पेश होना पड़ता है। जिन धाराओं में यह मामला चल रहा है उनमें 420 व

## पुलिस ने दो वांछितों को भेजा जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** पुलिस ने मुकदमा वांछित चल रहे दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। अंडर ट्रेनिंग डीएसपी थाना प्रभारी कृष राजपूत ने बताया कि जिला मुजफ्फरनगर के थाना ककरौली निवासी अफजल पुत्र यासीन मुकदमे में वांछित चल रहा था। वहीं दूसरी और बहसूमा थाना क्षेत्र के शाहपुर निवासी किरणपाल उर्फ किन्नू पुत्र सुखबीर को मुकदमे के चलते वांछित चल रहा था। जिसको पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है और जेल भेज दिया।

# संकट में है कांग्रेस कार्यालय ?

## बिल्डिंग पर है मुकदमा विचाराधीन, नहीं होती पैरवी, कई वर्षों से कटी है बिजली

- पार्टी में गुटबाजी चरम पर, 15 अगस्त पर कार्यालय में दो बार दी गई झंडे को सलामी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** बुढ़ाना गेट स्थित कांग्रेस कार्यालय अपनी आपबीती खुद बयां कर रहा है। शनिवार को कांग्रेस जिला अध्यक्ष गौरव भाटी ने एक प्रेस का आयोजन किया वहां गर्मी के कारण कार्यकर्ताओं का बुरा हाल था जिसकी वजह केवल कांग्रेस के जिम्मेदारों की लापरवाही थी। बीते कई सालों से कांग्रेस कार्यालय पर लाइट की व्यवस्था नहीं है। नल लगा है लेकिन उसमें पानी नहीं आता। महानगर और जिले का कार्यक्रम होने पर पानी का एक कैंपर मंगा लिया जाता है, कांग्रेस कार्यालय की बिल्डिंग पर मुकदमा पंजीकृत है जो लचर पैरवी की मार झेल रहा है। नाम न बताने की शर्त पर एक कार्यकर्ता ने बताया की लगभग 6 साल पहले कांग्रेस कार्यालय को एक कंप्यूटर पार्टी हाई कमान ने दिया था जो आज तक शुरू नहीं किया गया है कारण सिर्फ एक है कि इस बिल्डिंग पर मुकदमा पंजीकृत है और इसकी लाइट काटी जा चुकी है। हालांकि कानून यह भी है कि जिस बिल्डिंग पर कोई विवाद चल रहा है उसकी अच्छी पैरवी करने पर कोर्ट द्वारा ही बिजली विभाग को आदेश कर दिया जाता है कि इस बिल्डिंग पर निर्णय होने तक लाइट की व्यवस्था कर दी जाए, लेकिन कार्यालय की दुर्दशा काफी खराब है गुटबाजी हावी है 15 अगस्त पर भी अजीबोगरीब कारनामे पार्टी कार्यालय पर देखे गए हैं यहां पर कांग्रेसियों ने 15 अगस्त के अवसर पर एक साथ झडे को सलामी नहीं दी बल्कि कांग्रेस जिला कमेटी और महानगर कमेटी ने एक दूसरे से दूरी बनाई और दोनों ने एक ही कार्यालय पर दो-दो बार झंडा फहराकर यह दिखा दिया कि वह तिरंगे को सलामी देने के लिए भी वह लोग एक नहीं हो सकते। इस दौरान तिरंगे को सलामी देने में भी गुटबाजी अपने चरम पर दिखाई दी और जहां इतनी गुटबाजी हो वहां पर सफलता पाना और जनता के दिलों में जगह बनाना कितना बड़ा काम हो सकता हैं यह बात भी किसी से छुपी नहीं हो सकती। फिलहाल हम यही कहेंगे कि कांग्रेस का पार्टी कार्यालय संकट में है और सफलता बहुत दूर नजर आ रही है। बतादें कि कांग्रेस कार्यालय का नाम चंदन भवन है और इस कार्यालय में कभी पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी भी आ चुकी हैं। संजय गांधी भी आए हैं कभी यहां से मेरठ की दशा और दिशा तय होती थी। अधिकारियों की गाड़ी खड़ी रहती थी क्या वह गौरव लौट पाएगा?

## किसान नेताओं से वार्ता कर एसडीएम ने किया समस्याओं का समाधान

- भाकियू अराजनैतिक के कार्यकताओं ने दिया था सरधना तहसील में धरना
- आश्वासन के बाद लौटे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** एक सप्ताह पूर्व तहसील में धरना देकर किसानों की समस्याओं को उठाने वाले भाकियू अराजनैतिक के पदाधिकारियों के साथ एसडीएम सरधना ने शनिवार को सभागार में एक बैठक की। जिसमें एसडीएम ने किसानों की समस्याओं का समाधान कर दिया।

बता दें, कि बीते दिनों भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के पदाधिकारियों ने तहसील में धरना दिया था। जिसके चलते एसडीएम उदित नारायाण सेंगर ने संगठन के पदाधिकारियों के साथ शनिवार को तहसील सभागार में बैठक की। इस दौरान संगठन के जिला अध्यक्ष कालू प्रधान के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने किसानों की कई समस्याएं रखी। जिसका एसडीएम ने मौके पर ही निस्तारण कर दिया। साथ ही गंभीर समस्याओं के निवारण हेतु एक विशेष समिति गठित की गई और जल्द ही समाधान का आश्वासन दिया। पदाधिकारियों ने कहा कि किसान एकजुट है। यदि समयबद्ध तरीके से समस्याओं का निस्तारण नहीं हुआ तो किसान आंदोलन करने के लिए मजबूर होगा। जिला संगठन मंत्री अमित चौधरी, मेहराज मालिक, बबलू, वीरपाल दबथुवा, श्रीपाल, जगमलपाल, राकेश राठी, अतुल त्यागी, अभिलाष करनावल, गोलू करनावल, परमजीत करनावल आदि मौजूद थे।

# शोभित विवि में पड़ोसी राज्यों में सुरक्षा परिदृश्य विषय पर अतिथि व्याख्यान आयोजित

## डॉ. शांतनु मुखर्जी बोले भारत की कूटनीतिक और सैन्य रणनीतियां राष्ट्रीय सुरक्षा की मजबूत गारंटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शोभित विश्वविद्यालय, मेरठ के विधि एवं संवैधानिक अध्ययन विद्यालय द्वारा पड़ोसी राज्यों में सुरक्षा परिदृश्य विषय पर एक ज्ञानवर्धक अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया।

इस सत्र के मुख्य वक्ता थे डॉ. शांतनु मुखर्जी, नैटस्ट्रैट सामरिक एवं सुरक्षा मुद्दों पर अनुसंधान केंद्र के सलाहकार, मॉरीशस गणराज्य के पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार तथा पूर्व आईपीएस अधिकारी। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिसके उपरांत प्रो. प्रमोद कुमार गोयल, निदेशक, विधि संकाय ने स्वागत भाषण देकर सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का अभिवादन किया। डॉ. मुखर्जी ने अपने दीर्घ और उत्कृष्ट करियर में विदेश मंत्रालय सुरक्षा ब्यूरो, प्रधानमंत्री की सुरक्षा हेतु विशेष सुरक्षा समूह एसपीजी तथा कैबिनेट सचिवालय जैसे अति महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वहन किया है। उनकी सेवाओं के लिए उन्हें भारतीय पुलिस पदक (1989) तथा राष्ट्रपति पुलिस पदक (1999) से सम्मानित किया गया। सेवानिवृत्ति के उपरांत वे मॉरीशस के प्रधानमंत्री के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (2010-2015) भी रहे। व्याख्यान में डॉ. मुखर्जी ने भारत के पड़ोसी देशों से जुड़े सुरक्षा परिदृश्यों का व्यापक विश्लेषण प्रस्तुत किया। उन्होंने सीमा पार आतंकवाद, बदलती भू-राजनीतिक परिस्थितियां, अंतर्राष्ट्रीय गठबंधनों की भूमिका तथा पाकिस्तान, बांग्लादेश, चीन और नेपाल से जुड़ी चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने छात्रों को परिधीय देशों के हितों, कूटनीतिक




संबंधों और भू-राजनीति की समझ विकसित करने पर बल दिया। अपने समापन संबोधन में उन्होंने आश्वस्त किया कि भारत की कूटनीतिक और सैन्य रणनीतियां इतनी मजबूत हैं कि राष्ट्रीय सुरक्षा को लेकर किसी प्रकार की चिंता की आवश्यकता नहीं है। व्याख्यान के पश्चात एक संवादात्मक चर्चा सत्र हुआ, जिसमें छात्रों ने आतंकवाद, सीमा सुरक्षा और संघर्ष समाधान में कूटनीति की भूमिका से जुड़े महत्वपूर्ण प्रश्न पूछे। डॉ. मुखर्जी ने अपने अनुभवजन्य दृष्टिकोण और व्यावहारिक उदाहरणों से विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. डॉ. वी.के. त्यागी, कुल. पति, शोभित विश्वविद्यालय ने की। इस अवसर पर प्रतिकुलपति डॉ. जयानंद, कुलसचिव डॉ. गणेश भारद्वाज, विधि संकाय के निदेशक प्रो. प्रमोद कुमार गोयल, डॉ. मोहम्मद आमिर, संकाय सदस्य डॉ. परांतप दास, ले. डॉ. कुलदीप कुमार, डॉ. पल्लवी जैन, डॉ. ऋषि यादव, डॉ. अनुज कुमार और डॉ. अनीता राठौर, पवन कुमार, डॉ. मोहित भटनागर, भी उपस्थित रहे। पूरे कार्यक्रम का सफल संयोजन डॉ. मोहम्मद आमिर, समन्वयक, विधि एवं संवैधानिक अध्ययन विद्यालय द्वारा किया गया। सत्र का संचालन डॉ. निहारिका पिलानिया ने किया और अंत में सुश्री इकरा राशिद ने औपचारिक धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के समापन पर डॉ. मोहम्मद आमिर ने कहा कि यह व्याख्यान विद्यार्थियों और संकाय सदस्यों दोनों के लिए अत्यंत प्रेरणादायी और ज्ञानवर्धक रहा तथा इसने उन्हें राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा चिंताओं पर गंभीरता से विचार करने हेतु प्रोत्साहित किया।

## दबंगों ने किशोरी को बेरहमी से पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** महादेव गांव में दबंग लोगों ने बुग्गी में साइड लगने के विरोध पर एक किशोरी को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता ने थाने में घटना की तहरीर दी है। रीना पत्नी मुकेश ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि शुक्रवार शाम उसकी पुत्री मनीषा भैंसा बुग्गी से गोबर डालने जा रही थी। तभी कार लेकर वहां से गुजरे गांव के ही एक युवक ने उसकी बुग्गी में टक्कर मार दी। विरोध करने पर आरोपियों ने गाली गलौच कर दी। आरोप है कि किशोरी की जमकर पिटाई की। किशोरी ने किसी तरह वहां से भागकर अपनी जान बचाई। घर पहुंच कर किशोरी ने परिजनों को मामले से अवगत कराया। इसके बाद पीड़ित पक्ष ने थाने पहुंच कर आरोपी के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया। बताया जा रहा है कि जरा सी बात पर ही मामला बिगड़ा है। जगह कम होने के कारण किशोरी अपनी बुग्गी को एक साइड नहीं कर पाई थी कार को जगह नहीं मिली और बुग्गी में टक्कर लग गई। वहीं किशोंरी के परिजनों ने बताया कि किशोरी पर हाथ उठाना अपराध की श्रेणी में आता है। दबंग लोगों ने किशोरी को गाली दी थी जिसका विरोध उसने किया तो उसके साथ मारपीट की घटना को अंजाम देकर किया गया है। वहीं पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## वेंक्टेश्वरा में दस दिवसीय गणेशोत्सव के तीसरे दिन...

# भजन संध्या, शोभायात्रा एवं नृत्य नाटिका का हुआ मंचन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास स्थित श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय संस्थान में गणेश चतुर्थी के महापर्व पर आयोजित दस दिवसीय गणेशोत्सव-2025 के तीसरे दिन भजन संध्या, शोभायात्रा एवं नृत्य नाटिका का शानदार आयोजन किया गया, जिसमें हजारो की संख्या में छात्र-छात्राओ एवं शिक्षको ने प्रतिभाग करते हुए ढोल नगाड़ो की थापन पर विघ्नहर्ता गणपति जी महाराज की पूजा अर्चना कर उनको उनके प्रिय मोदक का भोग अर्पित किया। इसके साथ ही पं. रामनिवास शास्त्री व उनकी टीम ने शानदार भजन संध्या प्रस्तुत कर उपस्थित जनसमूह को भाव विभोर कर दिया। वेंक्टेश्वरा विवि के खेल परिसर स्थित गणेश पंडाल में गणेशोत्सव 2025 के तीसरे दिन आयोजित भजन संध्या एवं विशेष पूजा का शुभारम्भ संस्थापक अध्यक्ष सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी, डॉ. सुप्रीति भटनागर, डॉ. सचिन टूटू, डॉ. बी.एस. त्यागी आदि ने गणपति जी की वंदना करके किया।





इसके बाद आचार्य पं. राम. निवास शास्त्री एवं टीम ने, घर में पधारो गजानन जी म्हारे घर में पधारो, गणपति बप्पा मोरया, मंगल मूर्ति मोरया एवं सजा दो घर को गुलशन सा, मेरे सरकार आये है, एवं सुन लो विनती दयानिधान समेत एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत कर सभी को झूमने के लिए मजबूर कर दिया। अपने सम्बोधन में संस्थापक अध्यश सुधीर गिरि ने कहा कि गणेश चतुर्थी गणेशोत्सव का सिर्फ आध्यात्मिक धार्मिक महत्व ही नहीं है, बल्कि यह हमें एकता, सदभाव एवं राष्ट्रप्रेम से भी जोड़ता है। गणेश पूजा का छात्र-छात्राओ के जीवन में विशेष महत्व है क्योकि विघ्नहर्ता श्री गणेश जी की अराधना से छात्र जीवन में आने वाली बाधाऐं समाप्त हो जाती है एवं सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। इस अवसर पर डीन मेडिकल संजीव भट्ट, डॉ. अनुभव भटनागर, डॉ. रोहन सुरैना, डॉ. दीक्षान्त, डॉ. प्रणव ठाकरे, डॉ. मानसी, दीक्षांक, कार्यक्रम संयोजक अनिकेत पन्त, अभिषेक कटियार, वेदान्त पाटिल, आईना माथुर, हर्षवर्धन, मिहिर दावले, मेरठ परिसर से डॉ. प्रताप, मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि लोग उपस्थित रहे।

# सुभारती में राष्ट्रीय खेल दिवस का हुआ आयोजन

- शारीरिक शिक्षा विभाग एवं विवि खेल समिति के संयुक्त तत्वाधान में हुआ कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** स्वामी विवेकानंद सुभारती विवि में शारीरिक शिक्षा विभाग एवं विश्वविद्यालय खेल समिति के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन एक घंटा खेल के मैदान में भारत सरकार के कैंपेन के तहत किया गया। इसके साथ ही विवि में 2025 खेल प्रतियोगिताओं के आयोजनों की भी शुरुआत हुई।

साल 2012 से हर साल 29 अगस्त का दिन राष्ट्रीय खेल दिवस के तौर पर मनाया जा रहा है। विश्व में हॉकी के जादूगर के रूप में प्रसिद्ध मेजर ध्यानचंद की जयंती पर सुभारती विश्वविद्यालय के जनरल मोहन सिंह प्लेग्राउंड विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में फिट इंडिया रन के तहत दो किलोमीटर की मैराथन एवं हॉकी मैच का शुभारंभ मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. शल्या राज एवं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर प्रमोद कुमार शर्मा जी के द्वारा किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथियों ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी एवं सभी खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलने के लिए प्रेरित किया। फिट इंडिया रन एवं हॉकी मैच के दौरान विश्वविद्यालय कुलपति प्रोफेसर डॉ. प्रमोद कुमार शर्मा एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. शल्या राज एवं विश्वविद्यालय खेल समिति के अध्यक्ष लेफ्टि. प्रोफे. डॉ. संदीप कुमार, विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों के संकायाध्यक्ष, विवि खेल समिति के सभी सदस्य एवं शारीरिक शिक्षा विभाग के सभी शिक्षक व विद्यार्थी मौजूद रहे। कुलपति प्रोफे. शर्मा ने राष्ट्रीय खेल दिवस और मेजर ध्यानचंद की विचारधारा एवं उनकी प्रतिभाओं से उपस्थित विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को अवगत कराया। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों की विभिन्न टीमों जिसमें लॉ कॉलेज, पॉलिटेक्निक कॉलेज, फिजिकल एजुकेशन कॉलेज की टीम तथा फैकल्टी मेंबर्स की टीमों जिसमें फिजिकल एजुकेशन विभाग की टीम, फाइन आर्ट्स कॉलेज के शिक्षकों की टीमों के बीच हॉकी मैच का आयोजन किया गया। इन दोनों ही मैचों में टीमों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। खेल दिवस पर आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों और शिक्षकों में काफी उत्साह रहा।

## गोकशी के फरार आरोपियों पर 25 हजार का इनाम घोषित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** एसएसपी ने सरधना थाने में दर्ज गौकशी व एक अन्य मुकदमें में फरार चल रहे आरोपियों पर 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है।

चार आरोपी हैं, जोकि लम्बे समय से फरार चल रहे हैं। पुलिस उनकी गिरफ्तारी के प्रयास में जुट गई थी। बता दें, कि कुछ माह पूर्व रार्धना के निकट हुए शिवम हत्याकांड में नामजद आरोपी तेजपाल सिंह पुत्र सुदामा निवासी ग्राम बड़ौदा हिंदूवान पिलखुवा अभी तक फरार चल रहा है। आरोपी पर शिकंजा कसते हुए एसएसपी डॉ. विपिन ताडा ने 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। इसके अलावा गौकशी के मामले में नामजद इलियास पुत्र शाहिद निवासी घोसियान, सलमान उर्फ शर्मा पुत्र सगीर निवासी घोसियान व शाहरुख पुत्र सगीर निवासी घोसियान पर भी एसएसपी ने 25 हजार रुपये का ईनाम घोषित किया है। इंस्पेक्टर प्रताप सिंह ने बताया कि चार अपराधियों पर 25 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया है। पुलिस लगातार आरोपियों की तलाश में लगी हुई है। जल्द आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

## विश्व उपभोक्ता संगठन के जिला अध्यक्ष बने दीन मोहम्मद

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**जानी खुर्द।** कस्बा सिवाल खास के समाज सेवी दीन मोहम्मद विश्व उपभोक्ता संगठन के जिला अध्यक्ष बने। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष असगर अली आलम ने उनको नियुक्ति पत्र देकर यह जिम्मेदारी दी। वहीं जब दीन मोहम्मद से बात हुई तो उन्होंने कहा कि विश्व उपभोक्ता संगठन में जिला अध्यक्ष बनने पर उन्हें बहुत खुशी हो रही है इस संगठन में गरीबों को न्याय मिलेगा और अगर किसी के साथ समाज में व्यापार द्वारा किसी को परेशान किया जा रहा है तो उस पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी और जागो ग्राहक जागो द्वारा सभी ग्रामीणों को संगठन से लाभ मिलेगा। उपभोक्ताओ के अधिकारों की रक्षा करना, उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए जल्द जनता के बीच पहुंच कर काम किया जायगा।

# नकली इलेक्ट्रॉनिक सामान का बड़ा खेल बेनकाब, परतापुर पुलिस ने किया पर्दाफाश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** परतापुर पुलिस ने नकली इलेक्ट्रॉनिक सामान बेचने वाले गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार कर बड़ा खुलासा किया है। आरोपी लंबे समय से नकली ब्रांडेड मिक्सी और पंखे बाजार में खपाने का काम कर रहा था। पुलिस ने छापेमारी कर आरोपी के पास से भारी मात्रा में नकली सामान और ब्रांडेड कंपनियों के फर्जी स्टिकर बरामद किए। जानकारी के अनुसार, वादी संदीप शर्मा निवासी पटियाला (पंजाब) की तहरीर पर थाना परतापुर में मुकदमा दर्ज किया गया था। इसके बाद पुलिस ने दबिश देकर आरोपी संजीव कुमार (50) पुत्र जोगराज निवासी महरोली थाना परतापुर को हर्ष इलेक्ट्रिकल एंड सेनेटरी, गगोल मोड़ से गिरफ्तार किया। पुलिस की कार्रवाई में USHA कम्पनी की 21 मिक्सी, Prestige कम्पनी की 25 मिक्सी, Bajaj कम्पनी के 30 पंखे और नकली स्टिकर Bajaj के 19, Prestige के 15 व USHA के 26 बरामद हुए हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश पर तथा पुलिस अधीक्षक नगर और क्षेत्रधिकारी ब्रह्मपुरी के निर्देशन में की गई इस कार्रवाई ने नकली सामान के धंधो की जड़ें हिला दीं। आरा. पी के खिलाफ कॉपीराइट एक्ट की धारा 63/65 के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश कर दिया गया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि नकली सामान बेचने वाले इस नेटवर्क की गहन जांच की जा रही है।

## किसानों के मुद्दे लेकर भाजपा सांसद अनिल बलूनी से मिला भाकियू का प्रतिनिधिमंडल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**दौराला।** भारतीय किसान यूनियन (प्रधान) का एक प्रति निधिमंडल दिल्ली में बीजेपी के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी और पौड़ी के सांसद अनिल बलूनी से मिला। इस मुलाकात में प्रतिनिधिमंडल ने सांसद के सामने किसानों से जुड़ी कई अहम समस्याएं रखीं। भारतीय किसान यूनियन की मेरठ इकाई के जिलाध्यक्ष प्रदीप फौजी ने बताया कि उन्होंने सांसद बलूनी को एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें गन्ने के दाम बढ़ाने की मांग प्रमुखता से उठाई गई। इसके अलावा, किसानों को उनकी फसलों का उचित मुआवजा दिलाने और हस्तिनापुर के खादर क्षेत्र में बाढ़ से हुए नुकसान के लिए मुआवजा जारी करने की मांग की गई।

खेल विशेष

## आईपीएल-2026 से पहले आरआर से अलग हुए द्रविड़



**जयपुर, वार्ता।** आईपीएल 2026 से पहले राहुल द्रविड़ ने राजस्थान रॉयल्स (आरआर) का साथ छोड़ दिया है।फ्रेंचाइजी ने अपने बयान में टीम के पूर्व मुख्य कोच द्रविड़ का उनके योगदान के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि फ्रेंचाइजी ने उन्हें एक बड़ी भूमिका की पेशकश की थी जिसे द्रविड़ ने स्वीकार नहीं किया। आरआर ने अपने बयान में कहा कि राहुल द्रविड़ का राजस्थान रॉयल्स के साथ एक लंबा और गहरा रिश्ता रहा है। उन्होंने टीम को कई सालों तक मार्गदर्शन दिया। उनके नेतृत्व में खिलाड़ियों की एक पूरी पीढ़ी को तैयार किया गया। उन्होंने टीम में मजबूत मूल्यों को स्थापित किया और फ्रेंचाइजी की संस्कृति पर एक अमिट छाप छोड़ी। फ्रेंचाइजी की संरचनात्मक समीक्षा के हिस्से के रूप में राहुल को फ्रेंचाइजी में एक व्यापक पद की पेशकश की गई थी, लेकिन उन्होंने इसे स्वीकार नहीं करने का फैसला किया। राजस्थान रॉयल्स, उसके खिलाड़ी और दुनिया भर के लाखों प्रशंसक उनकी उल्लेखनीय सेवा के लिए राहुल को दिल से धन्यवाद देते हैं। आईपीएल 2025 का सीजन राहुल द्रविड़ के लिए व्यक्तिगत रूप से भी काफी चुनौतीपूर्ण रहा था। उन्हें पैर में चोट लगी थी, जिसके कारण उन्हें काफी समय तक व्हीलचेयर पर रहना पड़ा, हालांकि वह टीम को कोचिंग देते रहे।

# भारत ने 50 स्वर्ण पदकों के साथ रचा इतिहास




● **16वीं एशियाई शूटिंग चैम्पियनशिप में किया अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन**

**शिमकेंट, वार्ता।** कजाकिस्तान के शिमकेंट में आयोजित 16वीं एशियाई शूटिंग चैम्पियनशिप (सभी स्पर्धाएं) का समापन हो गया, और 12 रोमांचक प्रतियोगिता दिनों के बाद भारतीय टीम ने ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए 50 स्वर्ण पदकों के साथ पदक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया कि जो इस प्रतिष्ठित महाद्वीपीय चैम्पियनशिप के इतिहास में पहली बार हुआ है। विशेष रूप से सीनियर टीम का प्रदर्शन ओलंपिक की 15 स्पर्धाओं में (राइफल, पिस्टल और शॉटगन वर्गों में) अत्यंत सराहनीय रहा, जहां भारतीय निशानेबाजों ने 6 स्वर्ण, 2 रजत और 3 कांस्य पदक अपने नाम किए। इस वर्ग में भारत का स्थान चीन के बाद रहा, जिसने 8 स्वर्ण जीते, जबकि मेजबान कजाकिस्तान ने 1 स्वर्ण पदक हासिल किया। भारतीय राष्ट्रीय रायफल संघ (एनआरएआई) के अध्यक्ष कालिकेश नारायण सिंह देव ने प्रदर्शन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह एक शानदार प्रदर्शन है और यह साफ दिखता है कि शूटिंग इकोसिस्टम का आत्मविश्वास चरम पर है, जिसे पेरिस ओलंपिक में हमारे प्रदर्शन से भारी प्रोत्साहन मिला है। विशेष रूप से जूनियर खिलाड़ियों का प्रदर्शन अत्यंत संतोषजनक है, जो यह दर्शाता है कि भारतीय शूटिंग की असली शुरुआत अब हुई है और निकट भविष्य में इससे भी बड़ी उपलब्धियां देखने को मिलेंगी। भारत ने चैम्पियनशिप का समापन कुल 99 पदकों के साथ किया, जिसमें 50 स्वर्ण, 26 रजत और 23 कांस्य पदक शामिल थे। मेजबान कजाकिस्तान 70 पदकों (21 स्वर्ण सहित) के साथ दूसरे स्थान पर रहा, जबकि चीन ने 15 स्वर्ण और कुल 37 पदकों के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। सीनियर वर्ग में प्रदर्शन का मुख्य आकर्षण दो बार की ओलंपियन एलावेनिल वलारिवन का महिला एयर राइफल में एशियाई रिकॉर्ड स्कोर के साथ दूसरा एशियाई खिताब जीतना रहा। उन्होंने अर्जुन बाबूता के साथ मिक्स्ड टीम इवेंट में भी स्वर्ण पदक जीता। नीरू धांडा ने महिलाओं की ट्रैप स्पर्धा में भारत के लिए पहला एशियाई चैम्पियनशिप स्वर्ण पदक जीता, सिफ्त कौर समरा ने महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पो. जिशन (3पी ) में अपना पहला एशियाई खिताब जीता, जबकि ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने पुरुषों की 3पी स्पर्धा में अपने खिताब का सफलतापूर्वक बचाव किया। भारतीय जूनियर निशानेबाजों ने भी सभी ओलंपिक स्पर्धाओं में दबदबा बनाते हुए 10 स्वर्ण पदक जीते, साथ ही 4 रजत और 4 कांस्य पदक भी अपने नाम किए, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि इस खेल में भारत की गहराई कितनी मजबूत है। अन्य स्वर्ण पदक युवा वर्ग, टीम स्पर्धाओं तथा गैर-ओलंपिक स्पर्धाओं से आए। उदाहरण के लिए, पूर्व विश्व चैंपियन अंकुर मित्तल ने पुरुषों की डबल ट्रैप स्पर्धा में 107 के विश्व रिकॉर्ड स्कोर के साथ स्वर्ण जीता, जबकि रियो ओलंपियन गुरप्रीत सिंह ने पुरुषों की 25 मीटर स्टैंडर्ड पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक हासिल किया।

## भारत ने नेपाल को हराकर जीता खिताब

● **भारत ने सैफ अंडर-17 महिला चैंपियनशिप-2025 में किया कमाल**

**नई दिल्ली/थिम्पू, वार्ता।** दक्षिण एशियाई फुटबॉल में भारत का दबदबा जारी रहा। अंडर-17 महिला टीम ने चांगलिमथांग स्टेडियम में नेपाल को 5-0 से हराकर एक मैच शेष रहते सैफ अंडर-17 महिला चैंपियनशिप 2025 का खिताब जीत लिया।

एआईएफएफ द्वारा जारी बयान के अनुसार कि भारत ने शुक्रवार, 29 अगस्त, 2025 को थिम्पू के चांगलिमथांग स्टेडियम में नेपाल को 5-0 से हराकर दक्षिण एशिया में एक बार फिर अपना दबदबा कायम किया और शानदार अंदाज में सैफ अंडर-17 महिला चैंपियनशिप 2025 का खिताब अपने नाम किया। यंग टाइग्रेसेस हाफ-टाइम तक 3-0 से आगे थी। बयान में कहा गया कि इस जीत से भारत के पांच मैचों में 15 अंक हो गए हैं और वह तालिका में शीर्ष पर अजेय बढ़त बनाए हुए है। दूसरे स्थान पर काबिज बांग्लादेश की दिन की शुरुआत में हुई हार (मेजबान भूटान के खिलाफ 1-1 से ड्रॉ) के बावजूद भारत ने खिताब पक्का कर लिया।

पर्ल फर्नांडीस (15वें, 43वें) और दिव्यानी लिंडा (79वें, 90वें 2वें) दोनों ने दो-दो गोल किए। नीरा चानू लोंगजाम (5वें) ने भी एक अन्य गोल किया। शुरुआती सीटी बजते ही भारत ने एकतरफा प्रदर्शन किया। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के अनुसार, नीली जर्सी वाली टीमें लगातार आगे बढ़ती रहीं और गेंद भारत के हाफ में मुश्किल से ही पहुंच पाई। नेपाल को अपने हाफ में ही रोके रखा और गोलकीपर मुन्नी के एंड से खेल को दूर रखा। बयान में कहा गया है, ष्शुरू में ही गोल के दरवाजे खुल गए, पांच मिनट बाद ही नीरा चानू ने सेट-पीस से गोल करके गेंद को नेट में पहुंचाकर माहौल बना दिया।

फिर उन्होंने 15वें मिनट में पर्ल फर्नांडीस के लिए बॉक्स में एक बेहतरीन क्रॉस डालकर टीम को बढ़त दिलाई, जिन्होंने संयम से गोल किया। भारत के आक्रमणों पर प्रकाश डालते हुए, इसमें कहा गया है, ष्भारत ने अपनी तेज चालों और सहज आदान-प्रदान से दबाव बनाना जारी रखा। हाफ-टाइम से ठीक पहले, 43वें मिनट में, दिव्यानी का एक खूबसूरत क्रॉस पर्ल के पास पहुंचा, जिन्होंने उसे आसानी से गोल में पहुंचा दिया। दूसरे हाफ की शुरुआत खराब रही, कई मौके, ऑफसाइड और नज़दीकी चूकें हुई, लेकिन आखिरकार भारत ने फिर से गोल कर दिया। बयान में आगे कहा गया है कि 79वें मिनट में श्वेता रानी ने एक गहरा क्रॉस दिया जिसे बोनिफिलिया शुलाई ने गोल की ओर फ्लिक किया, जिससे दिव्यानी लिंडा ने लाइन पर गोल का फायदा उठाया। एआईएफएफ ने एक बयान में कहा कि इसके बाद भारत ने मैच का अंत शानदार तरीके से किया और अतिरिक्त समय में दिव्यानी ने अनीता डुंगडुंग के क्रॉस को गोल में बदलकर एक बार फिर अपनी क्षमता का परिचय दिया। ट्रॉफी पक्की होने, इतने ही मैचों में पांच जीत, 27 गोल और एक भी गोल न खाने के साथ, भारत अब रविवार, 31 अगस्त को बांग्लादेश के खिलाफ चैंपियनशिप के अपने आखिरी मैच में उतरेगा।

## सात्विक-चिराग सेमीफाइनल में

● **सात्विक-चिराग ने इस साल के संस्करण में भी भारत के लिए एक पदक पक्का कर लिया है**




**पेरिस, वार्ता।** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेटी 30 अगस्त को पेरिस के एडिडास एरिना में 11वीं वरीयता प्राप्त चीन के चेन बो यांग और लियू यी से फाइनल में जगह बनाने के लिए संघर्ष करेंगे।

भारतीय जोड़ी ने 29 अगस्त को बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में मलेशिया की दुनिया की दूसरे नंबर की जोड़ी, आरोन चिया और सोह वूई यिक को हराकर पदक पक्का किया और 2011 के संस्करण से शुरू हुए टूर्नामेंट में भारत के कम से कम एक पदक जीतने के सिलसिले को और आगे बढ़ाया। भारतीय शटलरों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 43 मिनट तक चले मुकाबले में अपने प्रतिद्वंद्वियों को सीधे गेमों में 21-12, 21-19 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। इस जीत के साथ, सात्विक-चिराग ने इस साल के संस्करण में भी भारत के लिए एक पदक पक्का कर लिया है। टोक्यो में 2022 संस्करण में कांस्य पदक जीतने के बाद, यह इस प्रतिष्ठित आयोजन में इस जोड़ी का दूसरा पदक भी है।

## डॉन ब्रैडमैन की पहनी हुई बैगी ग्रीन कैप 25 लाख रुपये में बिकी

● **ब्रैडमैन ने यह टोपी तब पहनी थी जब उन्होंने 1946-1947 सीरीज में ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी की थी**

**कैनबरा, वार्ता।** 1946-47 एशेज सीरीज के दौरान सर डॉन ब्रैडमैन द्वारा पहनी गई बैगी ग्रीन कैप को नेशनल म्यूजियम ऑफ ऑस्ट्रेलिया ने 438,500 ऑस्ट्रेलियाई डॉलर (लगभग 25,000,00 रूपये) में खरीदा है। कैनबरा के म्यूजियम ने यह बैगी ग्रीन कैप खरीदी, जिसकी आधी कीमत ऑस्ट्रेलिया की केंद्र सरकार ने दी।

ब्रैडमैन ने यह टोपी तब पहनी थी, जब उन्होंने 1946-47 सीरीज में ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी की थी। यह द्वितीय विश्व युद्ध के बाद ऑस्ट्रेलिया द्वारा इंग्लैंड के खिलाफ खेली गई पहली सीरीज थी। ऑस्ट्रेलिया ने पांच टेस्ट की यह सीरीज 3-0 से जीती थी, जिसने 1948 के 'इंविंसिबल्स' दौरे की नींव रखी थी, जहां ऑस्ट्रेलियाई टीम इंग्लैंड में अपराजित रही थी। ऑस्ट्रेलिया के कला व संस्कृति मंत्री टोनी बर्क ने कहा, ष्इस टोपी को खरीदकर हम आने वाली पीढ़ियों के लिए राष्ट्रीय इतिहास के एक अहम हिस्से को सुरक्षित कर रहे हैं। आप शायद ही किसी ऐसे ऑस्ट्रेलियाई से मिले हों, जिन्होंने महान डोनाल्ड ब्रैडमैन का नाम न सुना हो, जिन्हें अब तक का सबसे महान क्रिकेटर माना जाता है। अब, जब उनकी एक प्रतीकात्मक बैगी ग्रीन नेशनल म्यूजियम ऑफ ऑस्ट्रेलिया में है, तो आगंतुकों को हमारे खेल और सांस्कृतिक इतिहास से जुष्ने का मौका मिलेगा। यह टोपी ब्रैडमैन की 11 बैगी ग्रीन्स में से एक है। एक अन्य टोपी ऑस्ट्रेलियन स्पोर्ट्स म्यूजियम में है, जबकि बाकी नौ निजी हाथों में हैं। नेशनल म्यूजियम की डायरेक्टर कैथरीन मक्महन ने इस प्रतीकात्मक टोपी का अपने संग्रह में स्वागत किया।

## फिटनेस टेस्ट के लिए रवाना हुए गिल

● **संभावना है कि शुभमन गिल एशिया कप के लिए बेंगलुरु से सीधे यूएई के लिए उड़ान भरेंगे**




**नई दिल्ली, वार्ता।** शुभमन गिल फिटनेस टेस्ट के लिए बेंगलुरु स्थित राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के उत्कृष्टता केंद्र (सीओई) जा रहे हैं। एशिया कप से पहले, भारतीय टेस्ट कप्तान और टी-20 उप-कप्तान शुक्रवार (29 अगस्त) शाम को अनिवार्य मूल्यांकन के लिए बेंगलुरु पहुंच गए हैं, जो एशिया कप जाने वाले सभी खिलाड़ियों के लिए अनिवार्य है।

यह स्पष्ट नहीं है कि गिल भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के केंद्र में फिटनेस टेस्ट कब देंगे, लेकिन संभवतः यह अगले कुछ दिनों में होगा। संभावना है कि गिल एशिया कप के लिए बेंगलुरु से सीधे यूएई के लिए उड़ान भरेंगे। गिल हाल ही में अस्वस्थ थे और चंडीगढ़ में आराम कर रहे थे, यही वजह थी कि उन्हें दलीप ट्रॉफी अंतर-क्षेत्रीय लाल गेंद प्रतियोगिता में भाग नहीं लेना पड़ा। ठीक होने के बाद, उन्होंने शुक्रवार को बेंगलुरु के लिए उड़ान भरने से पहले कुछ दिनों के लिए अपने गृहनगर में अभ्यास शुरू किया। इस बीच, भारतीय टीम 4 सितंबर को दुबई में एकत्रित होगी।

खिलाड़ी आमतौर पर अभ्यास के दौरान एक ही स्थान से एक साथ नहीं निकलेंगे, बल्कि अपने-अपने बेस से अलग-अलग उड़ान भरेंगे और पहले अभ्यास सत्र के लिए समय पर दुबई पहुंचेंगे। ऐसा माना जा रहा है कि टीम प्रबंधन ने पहला नेट सत्र 5 सितंबर के लिए निर्धारित किया है। हालांकि नेट अभ्यास के लिए स्थान अभी तक तय नहीं किया गया है, लेकिन पूरी संभावना है कि यह दुबई स्थित आईसीसी अकादमी में आयोजित किया जाएगा। भारतीय टीम ने इस साल की शुरुआत में अपने सफल चैंपियंस ट्रॉफी अभियान के दौरान इसी स्थान पर प्रशिक्षण लिया था। हाल ही में इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज समाप्त करने के बाद, भारतीय टीम ट्वेंटी-20 प्रारूप में अभ्यास में कम रही है। हालांकि, भारत के अलावा, बाकी सभी टीमों ने तैयारी शुरू कर दी है।

पाकस्तान, अफगानिस्तान और यूएई शारजाह में त्रिकोणीय सीरीज में भाग ले रहे हैं। श्रीलंका इस समय जिम्बाब्वे में एक द्विपक्षीय श्रृंखला (दो एकदिवसीय और उसके बाद तीन टी-20 अंतर्राष्ट्रीय) खेल रहा है। बांग्लादेश ने हाल ही में पाक के खिलाफ एक टी-20 अंतर्राष्ट्रीय श्रृंखला खेली थी।

## टेलर फिट्ज-मन्नारिनो और टाउनसेंड अंतिम 16 में पहुंचे

● **टेलर और मन्नारिनो ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने-अपने मुकाबले जीते**

**न्यूयॉर्क, वार्ता।** विश्व के चौथे नंबर के खिलाड़ी टेलर फिट्ज, फ्रांस के एड्रियन मन्नारिनो और अमेरिका की महिला टेनिस खिलाड़ी टेलर टाउनसेंड ने शानदार प्रदर्शन कर अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्ज करते हुए यूएस ओपन के प्री क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली है।

लुई आर्मस्ट्रांग स्टेडियम में शुक्रवार रात टेलर फिट्ज ने करीब तीन घंटे तक चले मुकाबले में स्विस क्वालीफायर जेरोम किम पर 7-6(3), 6-7(9), 6-4, 6-4 से जीत हासिल की। फिट्ज का अगले दौर में चेक गणराज्य के टॉमस मचाक से मुकाबला होगा। मैच के बाद फिट्ज ने कहा कि यह आसान नहीं था। जेरोम बिना किसी डर के खेले और मुझे कड़ी टक्कर दी, खासकर पहले दो सेटों में। मैंने बस आक्रामक बने रहने और अपनी सर्विस पर भरोसा रखने पर ध्यान केंद्रित किया। न्यूयॉर्क के दर्शकों ने मुझे जरूरत पड़ने पर भरपूर प्रोत्साहन दिया। वहीं एक अन्य मैच में छठे वरीयता प्राप्त अमेरिका के बेन शेल्टन का यूएस ओपन में अभियान निराशाजनक रूप से समाप्त हो गया जब वह फ्रांस के एड्रियन मन्नारिनो के खिलाफ तीसरे दौर के मुकाबले के दौरान चोटिल होकर मैच से हट गए। उस समय मैच दो-दो सेटों के अंतर से बराबरी पर था। इस महीने की शुरुआत में टोरंटो में अपना पहला एटीपी मास्टर्स 1000 खिताब जीतने वाले शेल्टन को चौथे सेट की शुरुआत में ही बाएं कंधे में तेज दर्द होने लगा। मेडिकल टाइमआउट और कई स्पष्ट परेशानी के संकेतों के बाद, 22 वर्षीय खिलाड़ी ने 6-3, 3-6, 6-4, 4-6 से हार मान ली।

## एशिया कप के लिए चीन रवाना हुई भारतीय महिला टीम में एक बदलाव

**बेंगलुरु, वार्ता।** एशिया कप 2025 के लिए शनिवार को चीन रवाना हुई 20 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम में चोटिल हुई ड्रैग फ्लिकर दीपिका की जगह साक्षी को शामिल किया गया है। सलीमा टेटे की अगुवाई में भारतीय टीम इस टूर्नामेंट को जीतना चाहती हैं ताकि अगले साल होने वाले एफआईएच महिला हॉकी विश्व कप 2026 में अपना स्थान पक्का कर सके।

आगामी प्रतियोगिता को लेकर सलीमा ने कहा कि यह टूर्नामेंट हमारे लिए अगले साल होने वाले एफआईएच महिला हॉकी विश्व कप के लिए अपना स्थान पक्का करने का एक बेहतरीन अवसर है, और हम इसी पर अपना ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। फिलहाल हमारी पहली प्राथमिकता अपने पूल में शीर्ष पर रहना और सुपर फोर में पहुं. चना है।

टूर्नामेंट में भारत को पूल बी में रखा गया है और ग्रुप चरण में उसका सामना जापान, थाईलैंड और सिंगापुर से होगा। भारतीय टीम अपने अभियान की शुरुआत पांच सितंबर को थाईलैंड के खिलाफ करेगी। उसके बाद छह सितंबर को जापान और आठ सितंबर को सिंगापुर के खिलाफ अपना अंतिम पूल-स्टेज मैच खेलेगी। भारतीय महिला टीम ने दो बार एशिया कप जीता है।, पहली बार 2004 में और फिर 2017 में।

### यूएई की गर्मी से बचने के लिए एशिया कप के मैच शुरू होने के समय में बदलाव

**नई दिल्ली, वार्ता।** आगामी एशिया कप के 19 मैचों में से 18 - फाइनल सहित - स्थानीय समयानुसार शाम 6:30 बजे (खाड़ी मानक समय) शुरू होंगे, जो मूल समय से आधे घंटे पहले होगा। सितंबर में - जब टूर्नामेंट खेला जाएगा-दिन के दौरान तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने और देर शाम तक ऐसे ही रहने की उम्मीद है। इतनी भीषण गर्मी में खेलने से बचने के लिए, क्रिकेट बोर्डों ने मैचों के समय को थोड़ा आगे बढ़ाने का अनुरोध किया था। प्रसारकों से यह अनुरोध किया गया और उन्होंने बदलावों पर सहमति जताई। इसका मतलब है कि सभी दिन-रात्रि मैच भारतीय समयानुसार रात 8 बजे शुरू होंगे। इस बदलाव से अप्रभावित एकमात्र मैच टूर्नामेंट का एकमात्र दिन का मैच है- 15 सितंबर को अबू धाबी में।

## पाक ने अफगानिस्तान को हराया

**शारजाह, वार्ता।** कप्तान आगा सलमान (नाबाद 53) की अर्धशतकीय पारी के बाद हारिस रउफ (चार विकेट) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत पाकिस्तान ने टी-20 त्रिकोणीय श्रृंखला के पहले मुकाबले में अफगानिस्तान को 39 रनों से हरा दिया। शारजाह क्रिकेट स्टेडियम में शुक्रवार रात खेले गए मुकाबले में पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट पर 182 रनों का स्कोर खड़ा किया। कप्तान आगा सलमान ने 36 गेंदों में तीन चौके और तीन छक्कों की मदद से नाबाद 53 रनों की पारी खेली। साहिबजादा फरहान ने 10 गेंदों में (21), फखर जमां (20), मोहम्मद नवाज (21), मोहम्मद हारिस (15), फहीम अशरफ(14) और सैम अयूब 14 रन का योगदान दिया। अफगानिस्तान की ओर से फरीद अहमद ने दो विकेट लिए। मुजीब उर रहमान, अजमतउल्लाह ओमरजई, मोहम्मद नबी और राशिद खान ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। 183रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी अफगानिस्तान की शुरुआत खराब रही और उसने तीसरे ही ओवर में इब्राहिम जदरान (नौ) का विकेट गंवा दिया। इसके बाद सेदिकुल्लाह अटल ने रहमानउल्लाह गुरबाज के साथ दूसरे विकेट के लिए 50 रन जोड़े। आठवें ओवर में मोहम्मद नवाज ने रहमानउल्लाह गुरबाज 27 गेंदों में 39 रन को आउट कर पाकिस्तान को दूसरी सफलता दिलाई। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये डर्विश रसूली ने सेदिकुल्लाह अटल के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। 12वें ओवर में हारिस रउफ ने सेदिकुल्लाह अटल 19 गेंदों में (23) को आउटकर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद कप्तान राशिद खान को छोड़कर कोई भी बल्लेबाज पाकिस्तान के गेंदबाजी आक्रमण के आगे नहीं टिक सका और अफगानिस्तान की पूरी टीम 19-5 ओवर में 143 रन पर सिमट गई और पाकिस्तान ने 39 रनों से मुकाबला जीत लिया।

## पुडुचेरी की टीम में शामिल हुए जयंत



**नई दिल्ली, वार्ता।** ऑफ स्पिन ऑलराउंडर जयंत यादव आगामी घरेलू सीजन के लिए पुडुचेरी की टीम से खेलेंगे। वह इससे इससे पहले हरियाणा की टीम से खेलते थे। हरियाणा की तरफ से 2011-12 में उन्होंने अपना प्रथम श्रेणी डेब्यू किया था। हरियाणा के तरफ से उन्हें एनओसी (नो ऑब्जेक्शन सर्टिफ़िकेट) दे दिया गया है।

ईएसपीएनक्रिकइंफो को मिली जानकारी के अनुसार, जयंत सभी प्रारूप में हिस्सा लेना चाहते हैं। उसी कारण से उन्होंने यह फैसला लिया है। 2023-24 के बाद से वह हरियाणा के लिए नियमित रूप से सफेद गेंद वाले मैचों में नहीं खेल रहे थे। उस सीजन में हरियाणा विजय हजारे ट्रॉफी चैंपियन बना था। टीम प्रबंधन ने जयंत की जगह स्पिन ऑलराउंडर निशांत सिंधु और राहुल तेवतिया मौका देना सही समझा था। जयंत ने हरियाणा के लिए आखिरी बार 2024-25 रणजी ट्रॉफी में हिस्सा लिया था। उस दौरान उन्होंने आठ मैचों में 28 विकेट लिए थे। इस साल फरवरी में मुंबई के खिलाफ क्वार्टर-फाइनल में उन्होंने अपना आखिरी मैच खेला था। उस मैच में उन्होंने तीन विकेट लिए और 40 रन बनाए थे। 35 वर्षीय जयंत के पास काफी अनुभव है। उन्होंने 90 प्रथम श्रेणी मैचों में कुल 265 विकेट लिए हैं। गेंदबाजी के अलावा उन्होंने बल्ले से भी काफी रन बनाए हैं। तीन शतक और 14 अर्धशतक के बदौलत उनके खाते में कुल 2924 रन हैं। उनका सर्वोच्च स्कोर 211 रनों का है, जो उन्होंने 2011-12 में कर्नाटक के खिलाफ बनाया था। उस पारी के दौरान उन्होंने अमित मिश्रा के साथ आठवें विकेट के लिए 392 रन की रिकॉर्ड साझेदारी की थी। पुडुचेरी की टीम में जयंत तीन पेशेवरों में से एक होंगे, जिसमें मध्य प्रदेश के ऑलराउंडर पुनीत दाते और मुंबई के विकेटकीपर सिद्धांत आदतराव भी शामिल हैं।

# सोशल मीडिया पर ट्रेंड कर रहा 'ट्रम्प इज डेड'

## ट्रम्प की मौत से जुड़े 60 हजार पोस्ट शेयर हुए, उपराष्ट्रपति वेंस बोले थे: देश का नेतृत्व के लिए तैयार हूं

**वाशिंगटन।** सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की सेहत से जुड़े पोस्ट ट्रेंड कर रहे हैं। इन पोस्ट में ट्रम्प इज डेड (ट्रम्प की मौत हो गई) लिखा है। शनिवार को ट्रम्प की मौत से जुड़े 60 हजार से ज्यादा पोस्ट शेयर किए गए हैं। जुलाई में 79 साल के ट्रम्प के हाथ पर चोट के निशान और पैरों में सूजन की तस्वीरें सामने आने के बाद से ही उनकी सेहत चर्चा में है।

व्हाइट हाउस ने उस समय इन अफवाहों को खारिज किया था। अब 27 अगस्त को उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के इंटरव्यू के बाद ट्रम्प के सेहत पर फिर बहस तेज हो गई। दरअसल, वेंस ने यूएसए टुडे को कहा था कि, किसी भी बुरी परिस्थिति में वो देश का नेतृत्व करने के लिए तैयार हैं। हालांकि, उन्होंने ये भी कहा कि अभी ट्रम्प पूरी तरह ठीक हैं। फिलहाल, व्हाइट हाउस ने इस अफवाह पर कोई टिप्पणी नहीं की है। 16 जुलाई को ट्रम्प के दाहिने हाथ पर चोट का निशान दिखा था, जो मेकअप से ढका हुआ लग रहा था। फरवरी,2025 में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और जुलाई में यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वान डेर लेयेन के साथ मुलाकात के दौरान

**व्हाइट हाउस बोला: ट्रम्प को हार्ट-किडनी की बीमारी नहीं, ट्रम्प के हाथ पर फिर चोट के निशान दिखे**

सबसे पहले ट्रम्प के हाथ पर चोट और मेकअप के निशान देखे गए थे। इसके बाद ट्रम्प की सेहत से जुड़ी अटकलें तेज हो गई थी। इस समय व्हाइट हाउस ने बताया था कि ट्रम्प की नसों की बीमारी क्रानिक वेनस इनसफिशिएंसी एबी9 से ग्रसित हैं।

इसके कारण उनके पैरों में सूजन रहती है। व्हाइट हाउस की प्रेस सेक्रेटरी कैरोलिन लेविट ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि 70 साल से ज्यादा उम्र को लोगों में यह बीमारी कामन है। लेविट ने बताया कि राष्ट्रपति की हथेलियों पर चोट के निशान हैं, जो मामूली साफ्ट टिशू इरिटेशन है। यह एस्पिरिन के सेवन के साइन इफेक्ट और बार-बार लोगों से हाथ मिलाने के कारण होता है। 13 जुलाई 2025 को न्यू जर्सी के मेटलाइफ स्टेडियम में फीफा क्लब वर्ल्ड कप के फाइनल के दौरान ट्रम्प के पैरों में सूजन देखी गई थी। फिर, 16 जुलाई को बहरीन के प्रधानमंत्री सलमान बिन हमद अल खलीफा से मुलाकात के दौरान ट्रम्प के हाथों में चोट के निशान वाली तस्वीरें

**ट्रम्प इज डेड की अफवाहें पूरी तरह से सोशल मीडिया पर आधारित किसी विश्वसनीय स्रोत से पुष्टि नहीं**

सामने आई थीं। इसके बाद सोशल मीडिया पर बहस होने लगीं कि ट्रम्प अपनी स्वास्थ्य समस्या छिपा रहे हैं। व्हाइट हाउस ने बताया कि ट्रम्प ने अपने पैरों के निचले हिस्से में हल्की सूजन देखी थी। इसके बाद उन्होंने जांच करवाई और सबको रिपोर्ट की जानकारी बताने का निर्देश दिया। ट्रम्प 13 जुलाई को फर्स्ट लेडी मेलानिया के साथ फीफा क्लब वर्ल्ड कप फाइनल देखने पहुंचे थे। व्हाइट हाउस की प्रेस सेक्रेटरी लेविट ने बताया था कि राष्ट्रपति के निचले अंगों के दोनों तरफ वेनस डापलर अल्ट्रासाउंड किए गए, जिससे पता चला कि उन्हें क्रोनिक वेनस इनसफिशिएंसी एबी9 है। जांच में अन्य गंभीर हृदय रोग या किडनी की बीमारी का पता नहीं चला था। लेविट ने कहा कि जांच रिपोर्ट में डीप वेन थ्रोम्बोसिस या धमनी रोग का भी कोई सबूत नहीं मिला। ट्रम्प का कम्प्लीट ब्लड काउंट, मेटाबोलिक पैनल, डी-डाइमर, बीटी टाइप के नैट्रियोटिक पेप्टाइड और कार्डिएक बायोमार्कर जांच भी हुआ। सभी रिपोर्ट्स नार्मल आए। 25 अगस्त को साउथ कोरिया के राष्ट्रपति ली जे म्युंग के साथ मुलाकात के दौरान ट्रम्प के दाहिने हाथ पर चोट के निशान दिखा था, जिसे मेकअप से छुपाने की कोशिश की गई थी।

जुलाई में व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने कहा था कि राष्ट्रपति ट्रम्प जनता के बीच सबसे ज्यादा समय बिताते हैं और रोजाना सैकड़ों लोगों से हाथ मिलाते हैं। इसके कारण ये निशान बने हैं। ट्रम्प के डाक्टर सीन बारबाबेला ने बताया कि चोट के निशान बार-बार हाथ मिलाने और एस्पिरिन (पेनकिलर) के उपयोग से हुए हैं, जो हृदय रोग की रोकथाम के लिए लिया जाता है। उन्होंने कहा कि यह एक सामान्य और हल्की समस्या है, जिसमें कोई गंभीर बीमारी नहीं पाई गई। दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति के साथ मुलाकात के दौरान ट्रम्प के दाहिने हाथ पर चोट के निशान दिखा था। जेडी वेंस के बयान के बाद एक बार फिर सोशल मीडिया पर ट्रम्प के हेल्थ को लेकर बयानबाजी तेज हो गई है। एक्स पर कई यूजर्स ने दावा किया कि ट्रम्प पिछले 24 घंटों से सार्वजनिक तौर पर नहीं दिखे हैं।



बिहार। सारण जिले में 'मतदाता अधिकार यात्रा' के दौरान लोकसभा में एलओपी और कांग्रेस नेता राहुल गांधी।

## गाजा में आईएस के सबसे वरिष्ठ सदस्य को मार गिराया: इजरायली सेना

**यरूशलम।** इज़रायली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि उसने पिछले सप्ताह गाज़ा पट्टी में इस्लामिक स्टेट (आईएस) समूह के एक वरिष्ठ सदस्य को मार गिराया। आईडीएफ ने उस व्यक्ति की पहचान मुहम्मद अब्द अल-अजीज अबू ज़ुबैदा के रूप में की है, जो गाज़ा पट्टी में आईएस के फलस्तीनी जिले के प्रमुख के रूप में कार्यरत था साथ ही इस क्षेत्र में समूह के भीतर सबसे वरिष्ठ पद था। आईडीएफ के बयान के अनुसार, अबू ज़ुबैदा को खुफिया मार्गदर्शन में किए गए हवाई हमले में निशाना बनाया गया था। वह कथित तौर पर पश्चिमी तट, गाज़ा और मिस्र के सिनाई प्रायद्वीप में नीति निर्धारण, अभियानों की योजना बनाने और आईएस गतिविधियों की निगरानी के लिए जिम्मेदार था। आईडीएफ ने कहा कि आईएस लड़ाके गाज़ा में इज़रायली सेना के खिलाफ सीधे तौर पर लड़ाई में शामिल थे और समूह पर युद्धक उपकरण स्थानांतरित करने के साथ-साथ पश्चिमी तट से गाज़ा पट्टी में महत्वपूर्ण धन जुटाने का आरोप लगाया।

### संक्षिप्त समाचार

### ले होई ट्रुंग वियतनाम के नए कार्यवाहक विदेश मंत्री बने

**हनोई।** वियतनाम के प्रधानमंत्री फाम मिन्ह चिन्ह ने शनिवार को राजधानी हनोई में एक समारोह की अध्यक्षता में ले होई ट्रुंग को आधिकारिक रूप से विदेश मामलों का कार्यवाहक मंत्री नियुक्त किया गया। वियतनाम समाचार एजेंसी ने यह जानकारी दी। रिपोर्ट के अनुसार, ट्रुंग को पार्टी केंद्रीय समिति कार्यालय के प्रमुख पद से हटाकर विदेश मंत्रालय का कार्यभार सौंपा गया है।

### अफगानिस्तान में बारिश-बाढ़ से पांच की मौत, आठ घायल

**काबुल।** पूर्वी अफगानिस्तान के नंगरहार प्रांत में भारी बारिश और बाढ़ से पांच लोगों की मौत हो गई जबकि अन्य आठ लोग घायल हो गए। यह जानकारी सरकारी समाचार एजेंसी बख्तर ने शनिवार को दी। प्रांतीय सूचना एवं संस्कृति निदेशक मावलवी सेदिकुल्लाह कुरैशी के हवाले से सरकारी समाचार एजेंसी ने कहा कि शुक्रवार को रोडात, हस्का मीना और चपरहार जिलों में आई बाढ़ से पांच लोगों की मौत हो गई जबकि अन्य आठ लोग घायल हो गए।

### महबूबा ने तबाही के लिए केंद्रीय पैकेज का किया आग्रह

**श्रीनगरी।** जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री एवं पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने शनिवार को केंद्र सरकार से केंद्र शासित प्रदेश में हाल ही में आई बाढ़, बादल फटने और भूस्खलन से प्रभावित लोगों के लिए तत्काल वित्तीय राहत पैकेज की घोषणा करने का आग्रह किया। 'एक्स' पर एक पोस्ट में सुश्री मुफ्ती ने कहा कि प्राकृतिक आपदाओं के कारण हुई तबाही ने कई परिवारों को बेघर कर दिया है।

# ट्रम्प प्रशासन को संघीय कोर्ट का झटका

## हिरासत में लिए गए अवैध प्रवासियों के तेजी से निर्वासन पर लगाई अस्थायी रोक

**वाशिंगटन।** अमेरिका के डोनाल्ड ट्रम्प प्रशासन को उस समय बड़ा झटका लगा, जब एक संघीय जज ने हिरासत में लिए गए अवैध प्रवासियों के तेजी से निर्वासन पर अस्थाई रोक लगा दी। ट्रम्प प्रशासन संघीय कानूनी दायरा बढ़ाकर अवैध प्रवासियों को बिना जज के सामने पेश किए जल्द देश से बाहर निक. ालना चाहता था।

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 2024 के चुनावी अभियान में वादा किया था कि अगर वह दोबारा व्हाइट हाउस लौटते हैं, तो वह बड़े बड़े पैमाने पर निर्वासन अभियान चलाएंगे। उन्होंने कहा था कि वह अपने दूसरे कार्यकाल में सालाना दस लाख लोगों को निर्वासन करना चाहते हैं। हालांकि, वाशिंगटन डीसी की यूएस डिस्ट्रिक्ट जज जिया काब ने कहा कि ट्रम्प प्रशासन की तेजी से निर्वासित करने की नीति से लोगों के कानूनी अधिकारों का उल्लंघन हो रहा है। काब ने 48 पन्नों की अपनी राय में लिखा, सरकार इस संक्षिप्त प्रक्रिया का बचाव करते हुए एक चौंकाने वाली दलील देती है-जो लोग देश में अवैध रूप से प्रवेश करते



**ट्रम्प ने कहा था: वह दोबारा व्हाइट हाउस लौटते हैं, तो वह बड़े बड़े पैमाने पर निर्वासन अभियान चलाएंगे**

हैं, उन्हें संविधान के पांचवें संशोधन के तहत कोई कानूनी प्रक्रिया का अधिकार नहीं है, बल्कि उन्हें कांग्रेस (संसद) जो भी कृपा दे, उसे ही स्वीकार करना होगा। अगर यह दलील सही मानी जाए, तो फिर न केवल गैर-नागरिक, बल्कि हर किसी के अधिकार खतरे में पड़ सकते हैं। जनवरी में ट्रम्प के पद संभालने के बाद होमलैंड सिक्योरिटी विभाग ने अवैध प्रवासियों के तेजी से निर्वासन की घोषणा की थी। इस प्रक्रिया में उन अवैध प्रवासियों को जल्दी देश से बाहर निकालना था जो अमेरिका में दो साल से कम समय से हैं। इस प्रयास के खिलाफ अमेरिकी नागरिक स्वतंत्रता संगठन और प्रवासी अधिकार समूहों ने मुकदमे दायर किए हैं। पहले तेजी से निर्वासन की प्रक्रिया केवल उन्हीं प्रवासियों पर लागू होती थी जिन्हें अमेरिका-मैक्सिको सीमा से 100 मील के दायरे में पकड़ा जाता था और जो अमेरिका में 14 दिन या उससे कम समय से रह रहे होते थे। बाद में ट्रम्प प्रशासन ने इस प्रक्रिया का विस्तार किया। जज काब ने न तो इस कानून की सांविधानिकता पर सवाल उठाया और न ही इसे सीमा पर लागू किए जाने को लेकर कोई आपत्ति जताई। काब पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन द्वारा नियुक्त की गई थीं। उन्होंने लिखा, मुद्दा यह है कि जब इस कानून को देश के अंदर रह रहे बड़ी संख्या में लोगों पर लागू किया जाता है, जिन्हें पहले तेजी से निर्वासन का सामना नहीं करना पड़ा, तो सरकार को उन्हें उचित कानूनी प्रक्रिया प्रदान करनी होगी।

### फोन कॉल कांड के बाद थाईलैंड की पीएम को हटाया गया

**बैंकॉक।** थाईलैंड की एक अदालत ने प्रधानमंत्री पैतोंगतार्न शिनावात्रा को पद से हटा दिया है। अदालत ने कहा कि कंबोडिया के पूर्व नेता के साथ उनकी विवादास्पद फ़ोन कॉल ने नैतिकता के नियमों का उल्लंघन किया है। इस कदम से देश में एक नया राजनीतिक संकट पैदा हो गया है। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार शक्तिशाली शिनावात्रा राजनीतिक परिवार की सदस्य पैतोंगतार्न अगस्त 2024 में देश की सबसे युवा प्रधानमंत्री बनीं और उन्होंने केवल एक वर्ष ही पद संभाला है। थाईलैंड की संवैधानिक अदालत ने शुक्रवार को 6-3 के बहुमत से फैसला सुनाया कि पैतोंगतार्न के पास थाई संविधान के तहत 'योग्यताएँ नहीं हैं और उनमें निषिद्ध विशेषताएं हैं', जिसके कारण उनका कार्यकाल समाप्त हो गया।

# यूक्रेन युद्ध के लिए भारत नहीं अमेरिकी अधिकारी जिम्मेदार

**न्यूयार्क।** अमेरिका के एक यहूदी संगठन ने उन अधिका. रियों की आलोचना की है, जिन्होंने रूस से तेल खरीदने को लेकर भारत की निंदा की है। संगठन ने कहा कि रूस-यूक्रेन संघर्ष के लिए भारत जिम्मेदार नहीं है और अमेरिका-भारत संबंधों को फिर से सुधारने की जरूरत है।

ट्रम्प प्रशासन के कुछ सदस्यों ने हाल ही में भारत आरा. ेप लगाया है कि रूस से उर्जा खरीदकर भारत राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की युद्ध मशीन को फंडिंग कर रहा है। अमेरिकी यहूदी समिति ने कहा कि व्हाइट हाउस के व्यापार सलाहकार पीटर नवारो की ओर से भारत पर लगाए गए आरोप 'गलत और अपमानजनक' हैं। नवारो ने इसे 'मोदी का युद्ध' कहा और यह भी कहा कि शांति की राह 'नई दिल्ली से होकर' गुजरती है।

**यहूदी संगठन ने की ट्रम्प प्रशासन की आलोचना**

यहूदी संगठन ने कहा, हम समझते हैं कि भारत उर्जा जरूरतों के कारण रूस से तेल खरीदता है, लेकिन भारत पुतिन के युद्ध अपराधों का दोषी नहीं है। भारत एक लोकतांत्रिक देश है और अमेरिका का एक महत्वपूर्ण रणनीतिक साझेदार भी है। संगठन ने कहा अब इन अहम संबंधों को फिर से मजबूत करने का समय है। नवारो ने पिछले कुछ दिनों में भारत को निशाना बनाया है। उनकी ओर से ये बयान तब सामने आए, जब वाशिंगटन और दिल्ली के बीच व्यापार और टैरिफ को लेकर तनाव बढ़ा। ट्रम्प ने भारत पर 25 फीसदी टैरिफ लगाया है। साथ ही रूस से तेल खरीदने पर 25 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ भी लगाया है।

# इंडोनेशिया में भीड़ ने संसद भवन फूंका, तीन की मौत

**जकार्ता।** इंडोनेशिया में लगातार बढ़ते विरोध प्रदर्शनों ने हिंसक रूप ले लिया है। साउथ सुलावेसी प्रांत की राजधानी मकास्सार में गुस्साई भीड़ ने शुक्रवार देर रात स्थानीय संसद भवन में आग लगा दी।

इस घटना में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को जलने और इमारत से कूदने के कारण चोटें आईं। घटनास्थल से शनिवार सुबह शव बरामद किए गए। स्थानीय रिपोर्ट में बताया गया कि पूरी इमारत आग की लपटों से घिर गई और रातभर क्षेत्र नारंगी रोशनी में डूबा रहा। इसके अलावा वेस्ट जावा के बांडुंग शहर में भी प्रदर्शनकारियों ने क्षेत्रीय संसद भवन को आग के हवाले कर दिया। सुराबाया शहर में गुस्साई भीड़ ने पुलिस मुख्यालय पर

**घायलों को जलने और इमारत से कूदने के कारण चोटें आईं**

धावा बोला, वाहनों को आग के हवाले किया और बैरिकेड तोड़ दिए। पुलिस ने भीड़ को काबू करने के लिए आंसू गैस और पानी की बौछारों का इस्तेमाल किया, लेकिन प्रदर्शनकारियों ने पटाखों और लकड़ी की छड़ों से जवाब दिया। जकार्ता में शनिवार को स्थिति कुछ हद तक सामान्य रही। सुरक्षा बलों ने जली हुई गाड़ियां, पुलिस चौकियां और बस स्टाप हटाने का काम किया। दरअसल, प्रदर्शन की शुरुआत सोमवार को हुई थी जब यह खुलासा हुआ कि संसद के सभी 580 सांसदों को वेतन के अलावा हर महीने 50 मिलियन रुपिया (करीब 3075 डालर) आवास भत्ता दिया जा रहा है।

# मोदी ने की जापानी गर्वनरों के साथ मुलाकात

## राज्यों और जापानी प्रांतों के बीच सहयोग बढ़ाना समय की जरूरत

**टोक्यो/नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को यहां जापान के विभिन्न प्रांतों के गर्वनरों के साथ मुलाकात की और कहा कि दोनों देशों के संबंधों का विस्तार अब उनके राज्यों तथा प्रांतों के बीच भी किये जाने की जरूरत है जिससे वे विकास यात्रा में साझीदार बन सकें। जापान यात्रा के दूसरे दिन मोदी ने यहां जापान के 16 प्रांतों के गर्वनरों के साथ विस्तार से बातचीत की।

बातचीत के बाद उन्होंने कहा कि भारत के राज्यों और जापान के प्रान्तों के बीच सहयोग भारत-जापान मैत्री का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा कि आज सुबह टोक्यो में जापान के 16 प्रान्तों के गर्वनरों के साथ बातचीत की। राज्य-प्रान्त सहयोग भारत-जापान मैत्री का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है। यही कारण है कि कल 15वें वार्षिक भारत-जापान शिखर सम्मेलन के दौरान इस पर एक अलग पहल शुरू की गई। व्यापार, नवाचार, उद्यमिता आदि क्षेत्रों में सहयोग की अपार संभावनाएं हैं। स्टार्टअप, तकनीक और कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसे भविष्योन्मुखी क्षेत्र भी लाभकारी हो सकते हैं। गर्वनरों को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा भारत-जापान के समकालीन संबंध दोनों देशों के बीच सदियों पुराने सभ्यतागत संबंधों से शक्ति प्राप्त करते हुए निरंतर फल-फूल रहे हैं। विभिन्न क्षेत्रों में भारत-जापान विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी की गति पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि अब समय आ गया है कि टोक्यो और दिल्ली तक सीमित संबंधों से आगे बढ़कर राज्य-प्रान्तों के बीच संबंधों को नए सिरे से बढ़ावा दिया जाए।



### पीएम ने जापान के प्रधानमंत्री के साथ बुलेट ट्रेन में की यात्रा

**टोक्यो।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जापान यात्रा के आज दूसरे दिन शनिवार को प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा के साथ बुलेट ट्रेन में यात्रा की। मोदी ने जापान में बुलेट ट्रेन की सवारी की तस्वीर भी सोशल मीडिया पर पोस्ट की है। जापान के प्रधानमंत्री इशिबा ने मोदी के साथ तस्वीर साझा करते हुए लिखा, ष्प्रधानमंत्री मोदी के साथ सेंडई की ओर जा रहा हूं। कल रात से ही सिलसिला जारी है और मैं आपके साथ कार में रहूंगा। मोदी जापानी प्रधानमंत्री इशिबा बुलेट ट्रेन से सफर करते दिखे। प्रधानमंत्री मोदी और जापानी प्रधानमंत्री दोनों ने बुलेट ट्रेन से जापान के सेंडाई शहर तक की सवारी की। इस दौरान उन्होंने पूर्वी जापान रेलवे कंपनी में प्रशिक्षण ले रहे भारतीय ट्रेन ड्राइवरों से मुलाकात की।

### मोदी ने इशिबा को भेंट किया कीमती पत्थर का बाउल, उनकी पत्नी को पश्मीना शॉल

**टोक्यो/नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जापान यात्रा के दौरान जापानी प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा और उनकी पत्नी को शानदार उपहार भेंट किये जिनमें इशिबा के लिए कीमती पत्थर से बना बाउल का सेट और उनकी पत्नी के लिए पश्मीना शॉल शामिल हैं। चांदी की चॉपस्टिक्स से सजे विंटेज कीमती पत्थर के बाउल भारतीय कलात्मकता और जापानी पाक कला की परंपरा का अनूठा मिश्रण हैं। चार छोटे बाउल और चांदी की चॉपस्टिक्स के साथ भूरे रंग के मूनस्टोन से बने बड़े बाउल से सुसज्जित यह सेट जापान के डोनबुरी और सोबा अनुष्ठानों से प्रेरित है। आंध्र प्रदेश से प्राप्त यह मूनस्टोन बेहद चमकीना और प्रेम, संतुलन तथा सुरक्षा का प्रतीक है।

# यूक्रेन के पूर्व संसद की गोली मारकर हत्या

**कीव।** यूक्रेन के प्रमुख राजनेता और पूर्व संसद अध्यक्ष आंद्री पारुबी की 30 अगस्त को गोली मारकर हत्या कर दी गई।

पुलिस के अनुसार, दक्षिणी फ्रैंकिव्स्की जिले में दोपहर करीब 12 बजे गोलीबारी की सूचना मिली। हमलावर ने पारुबी पर कई गोलियां चलाईं, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। यूरोपियन सालिडैरिटी पार्टी की सांसद इरीना हेराशच. ेंको ने पुष्टि की कि मृतक आंद्री पारुबी ही थे। मीडिया के मुता. बिक हमलावर डिलीवरी बॉय की वेशभूषा में था और इलेक्ट्रिक साइकिल पर सवार था। उसने पारुबी पर गोलियां चलाईं और फिर साइकिल से भाग गया। घटनास्थल पर सात गोली के खोल मिले। 54 साल के पारुबी लंबे समय तक सांसद रहे थे। उन्होंने 2004 की आरेंज क्रांति और 2013-14 की यूरोमैदान क्रांति में हिस्सा लिया था। 2014 में रूस द्वारा क्रीमिया पर कब्जे और डोनबास में युद्ध शुरू होने के दौरान वे राष्ट्रीय सुरक्षा और रक्षा परिषद के सचिव रहे। इनकी पार्टी यूरो. पियन सालिडैरिटी ने इसे आतंकी हमला करार दिया है।


**डिलीवरी बॉय बनकर आया हमलावर, सात गोलियां दागी**

# पुतिन दिसम्बर में भारत दौरे पर आएंगे

## यूक्रेन युद्ध के बाद पहली इंडिया विजिट

**मास्को/नई दिल्ली।** रूसी राष्ट्रपति पुतिन इस साल दिसम्बर में भारत आएंगे। रूस के राष्ट्रपति आफिस क्रेमलिन ने शुक्रवार को इसकी पुष्टि की।

2022 में यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद पुतिन का यह पहला भारत दौरा होगा। यह यात्रा ऐसे समय पर हो रही है जब भारत और रूस अपनी साझेदारी को और मजबूत कर रहे हैं, जबकि अमेरिका भारत पर रूस से तेल खरीदने की वजह से आर्थिक दबाव बढ़ा रहा है। पुतिन सोमवार को चीन में होने वाली एससीओ समिट के दौरान भी प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात करेंगे। इस दौरान उनकी भारत यात्रा की तैयारियों पर भी चर्चा होगी। रूस की तरफ से यह घोषणा तब आई है जब अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने भारत के निर्यात पर कुल 50 प्रतिशत टैरिफ लगाए हैं। इसमें से 25 प्रतिशत एक्स्ट्रा टैरिफ रूसी तेल खरीद की वजह से लगाया गया है। अमेरिका का कहना है कि इससे रूस को यूक्रेन युद्ध जारी रखने में मदद मिल रही है। भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहक. ार अजीत डोभाल ने इस महीने की शुरुआत में मास्को यात्रा के दौरान क्रेमलिन में पुतिन से मुलाकात की थी। यह मुलाकात सुरक्षा, आर्थिक और ऊर्जा सहयोग पर द्विपक्षीय वार्ता के लिए हुई थी। इस दौरान भारतीय एनएसए ने कहा था कि हमारा रिश्ता बहुत खास और पुराना है। हम अपनी रणनीतिक साझेदारी को बहुत महत्व देते हैं। हमें राष्ट्रपति पुतिन की भारत यात्रा की खबर से बहुत खुशी है।



**सोमवार को चीन में पीएम मोदी से मिलेंगे रूसी राष्ट्रपति**

### पुतिन ने संरार, अमुको में सुधारों की वकालत की

**मॉस्को/बीजिंग।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने चीनी शहर तियानजिन में आगामी शिघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन से पहले वित्त, संस्कृति, शिक्षा, खेल, राजनीति सहित सभी क्षेत्रों में रूस और चीन के संबंधों की सराहना की, साथ ही उन्होंने दोनों देशों द्वारा संयुक्त राष्ट्र और विश्व बैंक तथा अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष जैसी अन्य वैश्विक संस्थाओं में सुधारों की निरंतर वकालत को दोहराया, ताकि आधुनिक राजनीतिक वास्तविकताओं को बेहतर ढंग से प्रतिबिबित किया जा सके और विकासशील दुनिया के लिए व्यापक प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया जा सके।

# इजरायली एयरस्ट्राइक में हूती लड़ाकों के प्रधानमंत्री की मौत

**सना।** यमन की राजधानी सना में इजरायली एयरस्ट्राइक में हूती लड़ाकों के प्रधानमंत्री अहमद अल-रहावी की मौत हो गई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुता. बिक, इन हमलों में हूती रक्षा मंत्री मोहम्मद अल-अती और चीफ आफ स्टाफ मोहम्मद अब्द अल-करीम अल-घमारी को भी निशाना बनाया गया, जिनके मारे जाने की आशंका है।

इजरायली आर्मी (आईडीएफ) ने 28 अगस्त को सना में हमले किए थे। इससे पहले हूती लड़ाकों ने इजरायल पर मिसाइल और ड्रोन से हमला किया था। आईडीएफ ने कहा कि एयरस्ट्राइक में हूती मिलिट्री ठिकानों और राष्ट्रपति भवन को निशाना बनाया गया। वहीं, यमन के अधिकारियों के मुताबिक, इन हमलों में कम से कम 10 लोग मारे गए और 90 घायल हुए। इजरायल के विदेश मंत्री ने कहा कि हमने चेतावनी दी थी कि जो भी इजरायल के खिलाफ हथियार उठाएगा, उसे सजा मिलेगी। उन्होंने कहा: हमने हूतियों को पहले चेताया था कि बुरे काम का बुरा अंजाम होगा। एक इजरायली सैन्य अधिकारी ने मीडिया को बताया: हमने सही समय पर सटीक जानकारी के आधार पर तेजी से हमला किया।

**रक्षा मंत्री के भी मारे जाने की आशंका, हमले में 10 की मौत, 90 घायल**



# संजना सांघी बनी प्रतिष्ठित जज पैनल का हिस्सा

**मुंबई।** अभिनेत्री संजना सांघी को संयुक्त राष्ट्र युथ ऑफिस द्वारा यंग लीडर्स फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स के पांचवें कोहोर्ट के लिए डिस्टिंग्विश्ड जजेस पैनल का सदस्य नियुक्त किया गया है। यह प्रतिष्ठित उपलब्धि, वैश्विक सकारात्मक बदलाव की आवाज बनने की संजना की यात्रा में एक और अहम उपलब्धि है।

यंग लीडर्स फॉर एसडीजी पहल हर साल 17 असाधारण युवाओं को सम्मानित करती है, जो दुनिया की सबसे गंभीर चुनौतियों से निपटने और सतत विकास लक्ष्यों को हासिल करने के लिए काम कर रहे हैं। डिस्टिंग्विश्ड जजेस पैनल में यूएन, सिविल सोसाइटी, एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री और प्राइवेट सेक्टर के प्रभावशाली नेता शामिल होते हैं, जो इन बदलाव लाने वाले युवाओं का चयन करते हैं। संजना ने इस सम्मान पर प्रतिक्रिया देते कहा कि संयुक्त राष्ट्र युथ ऑफिस द्वारा मुझे डिस्टिंग्विश्ड जजेस पैनल का हिस्सा चुना जाना मेरे लिए अब तक के सबसे बड़े सम्मानों में से एक है। मुझे मलाला यूसुफजई, कोडी सिम्पसन, लिली सिंह, दिया मिर्ज़ा और उन तमाम वैश्विक आइकन्स के साथ चुना गया है, जिन्होंने मेरी यात्रा को काफी प्रेरित किया है। यह उस काम की पुष्टि है, जो हम सब कर रहे हैं। संजना ने कहा, पिछले साल यूएन जनरल असें. बली में समिट ऑफ द फ्यूचर के उद्घाटन पर मुख्य वक्ता के रूप में संबोधन देने के बाद, मेरा सामूहिक प्रयास की शक्ति पर विश्वास और गहरा हो गया। यह देखना कि कैसे वे शब्द वैश्विक स्तर पर गूंजे और कैसे युवा सीमाओं के पार एक-दूसरे को मजबूत बना रहे हैं, मेरे विश्वास को और मजबूत कर गया। हमारा भविष्य सिर्फ उज्ज्वल ही नहीं है, यह अभी, हम सबके द्वारा मिलकर गढ़ा जा रहा है। संजना सांघी अब मलाला यूसुफजई, कोडी सिम्पसन, लिली सिंह, दिया मिर्ज़ा और फॉरेस्ट व्हिटेकर जैसे वैश्विक आइकन्स की सूची में शामिल हो चुकी हैं। इस पैनल पर उनकी भूमिका उन्हें युवा नेताओं की आवाज को और मजबूत करने और यह साबित करने का मौका देगी कि आज के युवा महज कल के नेता ही नहीं, बल्कि हमारे वर्तमान के भी निर्माता हैं।

# मोहब्बतें के बाद मेरी चार फिल्में कभी रिलीज नहीं हुईं: शमिता



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री शमिता शेट्टी का कहना है कि फिल्म मोहब्बतें के बाद उन्होंने चार फिल्में की शूटिंग की थी जो कभी रिलीज नहीं हुईं।

बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी की बहन शमिता शेट्टी ने यशराज फिल्म्स की मोहब्बतें से अपना डेब्यू किया था। हाल ही में अपने करियर की चुनौतियों पर खुलकर बात की है। शमिता ने एक इंटरव्यू में बताया कि मोहब्बतें के बाद उन्होंने चार फिल्मों की शूटिंग की थी, जिनमें संजय दत्त, चंद्रचूड़ सिंह और आर माधवन जैसे कलाकारों के साथ प्रोजेक्ट शामिल थे,लेकिन इनमें से कोई भी फिल्म रिलीज नहीं हो पाई।

इस अचानक आए झटके ने उनके करियर की रफ्तार को बेहद अहम समय पर रोक दिया।

शमिता की पिछली फिल्म द टेनेंट को भी कई रुकावटों का सामना करना पड़ा। कई बार टलने के बाद, फिल्म कुछ चुनिंदा सिनेमाघरों में बिना किसी खास मार्केटिंग या प्रमोशन के रिलीज़ हुई ,जिसकी वजह से फिल्म को वो पहचान नहीं मिल पाई जिसकी उम्मीद शमिता ने की थी।

शमिता ने कहा, लोगों को यह बताने में कोई शर्म या बुराई नहीं है कि आप उपलब्ध हैं और काम करना चाहते हैं। इन चुनौतियों के बावजूद, शमिता अपने काम के प्रति समर्पित हैं और उम्मीद कर रही हैं कि उन्हें ऐसे बेहतर मौके मिलेंगे जिनसे उनकी असली प्रतिभा बड़े पर्दे पर नजर आ सके।

# कॉमेडी-ड्रामा डू यू वाना पार्टनर का ट्रेलर किया लॉन्च



**मुंबई।** प्राइम वीडियो ने तमन्ना भाटिया और डायना पेंटी अभिनीत कॉमेडी-ड्रामा डू यू वाना पार्टनर का ट्रेलर रिलीज कर दिया है।

कॉमेडी-ड्रामा सीरीज़ डू यू वाना पार्टनर, धर्मैटिक एंटरटेनमेंट के बैनर तले निर्मित है, जिसके निर्माता करण जौहर, अदार पूनावाला और अपूर्व मेहता हैं, जबकि शोमेन मिश्रा और अर्चित कुमार एग्जीक्यूटिव प्रोडूसर हैं। इस सीरीज़ का निर्देशन कॉलिन डी कुन्हा और अर्चित कुमार ने किया है। पटकथा नंदिनी गुप्ता, आर्ष वोरा और मिथुन गांगोपाध्याय ने लिखी है, जबकि इसकी रचना मिथुन गांगोपाध्याय और निशांत नायक ने की है। इसमें मुख्य भूमिकाओं में तमन्ना भाटिया और डायना पेंटी नज़र आएंगी, इनके साथ ही जावेद जाफ़री, नकुल मेहता, श्वेता तिवारी, नीरज काबी, सूफ़ी मोतीवाला और रणविजय सिन्हा भी अहम किरदारों में दिखाई देंगे। डू यू वाना पार्टनर का प्रीमियर भारत सहित दुनिया के 240 से अधिक देशों और क्षेत्रों में 12 सितंबर को विशेष रूप से केवल प्राइम वीडियो पर किया जाएगा। तमन्ना भाटिया ने कहा, यह दोस्ती, संघर्ष और सबसे अजीबोगरीब विचारों को हक़ीकत में बदलने के साहस का जश्न है।

# द बैड्स ऑफ बॉलीवुड का दूसरा गाना रिलीज






**मुंबई।** आर्यन खान के निर्देशन में बनी पहली सीरीज़ द बैड्स ऑफ बॉलीवुड का दूसरा गाना तू पहली तू आखिरी रिलीज हो गया है। शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान इन दिनों बतौर निर्देशक बॉलीवुड में डेब्यू को लेकर चर्चा में हैं। वह अपकमिग सीरीज द बैड्स ऑफ बॉलीवुड के साथ डेब्यू करने वाले हैं। इस सीरीज का दूसरा गाना तू पहली तू आखिरी रिलीज हो गया है। यह गाना एक दिल छू लेने वाली रोमांटिक धुन है, जो मोहब्बत और अमर रिश्ते की गहराई को पकड़ता है। लक्ष्य और सहेर बंबा पर फिल्माया गया यह गीत रोमांस के प्रति एक नाजुक अर्पण की तरह खुलता है, जो दर्शकों को आर्यन खान की बनाई दुनिया की और भी अंतरंग झलक देता है। शशवत सचदेव द्वारा कंपोज, प्रोड्यूस और अरेंज किया गया, कुमार के बोल और अरिजीत सिंह की आवाज के साथ, तू पहली तू आखिरी टी-सीरीज लेबल के तहत रिलीज हुआ है। द बैड्स ऑफ बॉलीवुड 18 सितंबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। इस सीरीज का निर्माण रेड चिलीज एंटरटेनमेंट्स प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले किया है। बिलाल सिद्दीकी और मानव चौहान सह-निर्माता हैं। इस शो में बॉबी देओल, लक्ष्य, सहेर बंबा, मनोज पाहवा, मोना सिह, मनीष चौधरी, राघव जुयाल, अन्या सिंह, विजयंत कोहली, गौतमी कपूर और रजत बेदी नजर आएंगे।

# अनुपमा के पांच साल पूरे होने पर भावुक हुईं रूपाली गांगुली

**मुंबई।** अभिनेत्री रूपाली गांगुली स्टार प्लस के लोकप्रिय शो अनुपमा के पांच साल पूरे होने पर भावुक हो गई। शो अनुपमा ने हाल ही में टीवी पर शानदार पांच साल पूरे कर लिए। मेकर्स ने इस खास मौके का जश्न मनाने के लिए एक छोटा से गेट टुगेदर का आयोजन किया। अनुपमा का किरदार निभाने वाली रूपाली गांगुली ने इस मौके पर अपना आभार व्यक्त किया।

इस मौके पर रूपाली गांगुली ने अनुपमा को लेकर एक इमोशनल नोट शेयर किया। उन्होंने कहा कि मेरे लिए अनुपमा मेरे पापा का सपना पूरा होना है, मेरी मम्मा का सपना पूरा होना है। ये मेरे पेरेंट्स की ब्लेसिग है यह मेरे पति की ख्वाहिश है कि मुझे नई पहचान मिले। यह शो मेरी चाहत नहीं बल्कि मेरी ज़रूरत था और यह शो मैंने मांगा था। भगवान ने राजन शाही के ज़रिए मुझे यह शो दिया। अनुपमा मेरे लिए आत्म-सम्मान है, अनुपमा मेरे लिए आत्म-प्रेम है, अनुपमा मेरे लिए आत्म-विश्वास है, जो मेरी जिंदगी के बहुत संघर्ष भरे दिनों के बाद आया।

# गुरु रंधावा ने बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए राहत कैंप लगाए



**मुंबई।** जानेमाने गायक गुरु रंधावा ने बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए अपने गांव और आसपास राहत कैंप लगाए। गुरु रंधावा अपने संगीत से लोगों के दिल जीतते आए हैं। अब अपने हालिया कदम से उन्होंने यह साबित कर दिया है कि वह न केवल एक बेहतरीन गायक हैं, बल्कि एक शानदार इंसान भी हैं। हाल ही में पंजाब में भारी बारिश और बाढ़ की वजह से आई आपदा के समय, गुरु रंधावा एक बड़ी मदद के रूप में सामने आए हैं। उन्होंने अपने गांव और आसपास के क्षेत्रों में बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए राहत कैंप लगाए हैं। इस बात की घोषणा करते हुए गुरु रंधावा ने इंस्टाग्राम पर लिखा, पंजाब और अन्य सभी बाढ़ प्रभावित राज्यों के लिए प्रार्थनाएं। आइए, हम सभी अपनी-अपनी तरफ से मदद करें। मैंने अपने क्षेत्र डेरा बाबा नानक और अपने गांव धारोवाली के पास हेल्प कैंप लगाया है। किसी भी मदद के लिए संपर्क करें-9177196 54739, गुरु रंधावा का यह कदम उनके प्रशंसकों को बेहद प्रभावित कर गया है।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

मो० अबुज़र
8868044928, 9719209786
7906289232
क्लासिक प्लाईबोर्ड - हार्डवेयर
हमारे यहाँ प्लाईवुड, बोर्ड, दरवाज़े, माईका, फाईबर शीट, एलमुनियम जाली, इमर्पोटिड हैंडल व लोक शटरिंग बोर्ड, HDMR बोर्ड व सभी प्रकार के हार्डवेयर का सामान उपलब्ध है।
TESA CENTURYPLY CROSSBOND LA ROSE


पता - निकट रिलायंस पैट्रोल पंप, सम्भल अड्डा, हसनपुर (अमरोहा)

दानिश चौधरी
9917644306
9027841782
क्लासिक डेकोर
हमारे यहाँ फ्रन्ट एलिवेशन, ACP शीट, PVC सिलिंग, जिप्सम बोर्ड सिलिंग, एलमुनियम डोर - विन्डो पार्टिशन टफन ग्लास, ग्लास एचिंग का काम उचित मुल्य पर होता है व सभी सामान भी मिलता है।

पता - निकट रिलायंस पैट्रोल पंप, सम्भल अड्डा, हसनपुर (अमरोहा)